RNI No. UPHIN/2021/82019

दैनिक

सिद्धि सरकार

वर्ष - 03 | अंक - 243 | www.siddhisarkar.com | ललितपुर, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 12 , मूल्य : 3/- रूपये

राजधानी भोपाल में पीएम मोदी का रोड शो

खुली जीप में सवार प्रधानमंत्री कर रहे अभिवादन, स्वागत में लोग बरसा रहे फूल

भोपाल। भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो शुरू हो गया है। मोदी खुली जीप में सवार होकर जनता का अभिवादन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उनके साथ सीएम डॉ. मोहन यादव और भोपाल से बीजेपी प्रत्याशी आलोक शर्मा भी मौजूद हैं। मध्य प्रदेश लोकसभा चुनाव के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है, इससे पहले आज पीएम मोदी प्रदेश के दौरे पर हैं। वे सागर और हरदा में सभा और भोपाल में रोड शो करेंगे।

हरदा में पीएम मोदी बोले

हरदा में पीएम मोदी ने कहा कि मैं बैतूल की पवित्र धरती से मां नर्मदा और मां ताप्ती को प्रणाम करता हूं। देश में इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर एक अलग ही उत्साह है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा हरदा तो देश और एमपी की हृदयस्थली है और हृदय से मिला आशीर्वाद कभी खाली नहीं जाता। ये क्षेत्र भी पूरे देश में सुर से सुर मिला रहा है। देश के हर कोने में एक ही सुर है और एमपी में भी एक सुर है वो ये कि फिर एक बार मोदी सरकार।

मैं आपसे कुछ मांगने आया हूं : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि साथियों पहले मोदी जब आता था तो कुछ ना कुछ लेकर

आता था। इनता ही नहीं कुछ ना कुछ देने भी आता था, कभी ये योजना, कभी वो योजना, जबकि आज मैं देने के लिए नहीं आया हूं। पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं आपसे कुछ मांगने के लिए आया हूं। सर झुकाकर मांगने के लिए आया हूं, मेरे लिए नहीं बल्कि आपके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मांगने आया हूं। मैं आपसे विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कुछ मांगने के लिए आया हूं और मैं आपसे मांगता हूं आपका आशीर्वाद, आपका ये आशीर्वाद मेरी बहुत बड़ी पूंजी है। मैं आपसे यही मांगने आया हूं कि कमल के बटन को दबाकर एक बार फिर मोदी को सत्ता में लाइये।

एमपी में विकास तब हुआ जब भाजपा आई

पीएम मोदी ने कहा कि विकास तब होता है जब सही नीतियां हो, सही विजन हो, इसलिए देश हो या मध्य प्रदेश विकास तभी आया जब कांग्रेस गई और भाजपा आई। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के समय में एमपी की पहचान बीमारू राज्य की थी। आज वही मध्य प्रदेश भाजपा की सरकार में विकास की नई इबारत लिख रहा है।

सरगुजा में बोले पीएम

कांग्रेस आतंकियों के मरने पर आंसू बहाती है, उन्होंने जनता का भरोसा खोया

सरगुजा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे का आज दूसरा दिन है। सरगुजा में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद महारैली में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और नक्सली हिंसा दोनों को काबू किया है। पीएम इस दौरान कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। ये आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने जब मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था, तब अंबिकापुर में ही आपने लाल किला बनाया था। कांग्रेस की टोली ने उस समय मुझ पर हमला बोल दिया था, बात का बवंडर बना दिया था। लेकिन मोदी लाल किले पर पहुंचा और राष्ट्र के नाम संदेश दिया। आज अंबिकापुर क्षेत्र फिर वही आशीर्वाद दे रहा है–फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था, आपने मेरी बात का मान रखा और

भ्रष्टाचारी पंजे को प्रदेश से साफ कर दिया। आज आप सब के आशीर्वाद से सरगुजा की संतान, आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश के सपने को साकार कर रहा है। पीएम ने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं, तो कांग्रेस वालों का और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी।

नितिन गडकरी महाराष्ट्र में चुनावी रैली में बेहोश हुए

सुरक्षाकर्मी उठाकर मंच से नीचे लाया; 2018 में अहमदनगर के कार्यक्रम में भी बेहोश हुए थे

मुंबई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र के यवतमाल में चुनावी रैली के दौरान बेहोश हो गए। वे यहां ह्ष्ठ की शिवसेना प्रत्याशी राजश्री पाटिल के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करने आए थे। गडकरी बोल ही रहे थे कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे बेहोश हो गए। मंच पर मौजूद लोग उन्हें अस्पताल ले गए।

घटना के कुछ देर बात नितिन गडकरी ने पोस्ट करके बताया कि वह स्वस्थ हैं। उन्होंने लिखा- रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया। लेकिन अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं। अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूं। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। 2018 में भी नितिन गडकरी महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर बेहोश हो गए थे। तब महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल विद्यासागर राव भी मंच पर थे।

नागपुर से चुनाव में उतरे हैं नितिन गडकरी

नितिन गडकरी नागपुर लोकसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। यहां पहले चरण (19 अप्रैल) को मतदान हो चुका है। इस सीट पर गडकरी का मुकाबला कांग्रेस के विकास ठाकरे से है। गडकरी यहां से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। वोटिंग से पहले गडकरी ने कहा था कि मैं अपनी जीत को लेकर 101 प्रतिशत आश्वस्त हूं। इस बार मैं बहुत अच्छे अंतर से चुनाव जीतूंगा। जनता के समर्थन, उनके उत्साह, पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत को देखते हुए, मैं इस बार पांच लाख के बड़े अंतर से जीत हासिल करने की कोशिश करूंगा।

वीवीपैट वेरिफिकेशन पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

कहा- चुनाव कंट्रोल नहीं कर सकते, डेटा के लिए श्वष्ट पर भरोसा करना होगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए से डाले गए वोटों का पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ पूर्ण सत्यापन करने को लेकर दायर याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। इस दौरान कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए साफ किया कि वह चुनावों के लिए कंट्रोलिंग अथॉरिटी नहीं है और संवैधानिक अथॉरिटी भारत के चुनाव आयोग के कामकाज को निर्देशित नहीं कर सकता है। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा, हम उन चुनावों को कंट्रोल नहीं कर सकते, जो किसी अन्य संवैधानिक प्राधिकरण (चुनाव आयोग) द्वारा आयोजित किए जाने हैं। अदालत ने

कहा कि चुनाव निकाय (चुनाव आयोग) ने संदेह को दूर कर दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि वह महज संदेह के आधार पर कार्रवाई नहीं कर सकती। इस याचिका को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी। एडीआर की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण के सवालों का जवाब देते हुए कोर्ट ने कहा कि यदि आप किसी विचार-प्रक्रिया के बारे में पूर्वनिर्धारित हैं, तो हम आपकी मदद नहीं कर सकते।

चुनाव आयोग से मांगा था सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्टीकरण

सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कार्यप्रणाली के कुछ खास पहलुओं पर बुधवार को चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगा था, साथ ही निर्वाचन आयोग के एक शीर्ष अधिकारी को दोपहर दो बजे तलब किया था। चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अदालती सवालों का जवाब देने के लिए आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की जरूरत है, क्योंकि ईवीएम पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) के बारे में निर्वाचन आयोग ने जो उत्तर दिए हैं उनमें कुछ भ्रम है।

मेरी मां का मंगलसूत्र देश पर कुर्बान हुआ: प्रियंका

पीएम वोट के लिए डरा रहे, मोदी ने कहा था- कांग्रेस मंगलसूत्र-गहने लेकर पैसे बांट देगी

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलसूत्र पर बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, मेरी मां का मंगलसूत्र इस देश को कुर्बान हुआ है। अगर मोदी जी मंगलसूत्र का महत्व समझते तो ऐसी अनैतिक बातें नहीं करते। प्रियंका बेंगलुरु में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। अपने 45 मिनट के भाषण में उन्होंने लॉकडाउन, मणिपुर हिंसा, किसान आंदोलन समेत कई मुद्दों पर सवाल उठाए। प्रधानमंत्री ने राजस्थान की चुनावी रैली में कहा था कि कांग्रेस महिलाओं के गहने और मंगलसूत्र लेकर पैसा ऐसे लोगों में बांट देगी जिनके अधिक बच्चे हैं, जो घुसपैठिए हैं। उन्होंने रविवार (21 अप्रैल) को बासवाड़ा में यह बयान दिया था।

दो दिनों से बहकी-बहकी बातें की जा रही हैं

प्रियंका ने मंगलवार को कर्नाटक में कहा कि पिछले दो दिनों से बहकी-बहकी बातें की जा रही हैं। कहा जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी आपका मंगलसूत्र, आपका सोना छीनना चाहती है। 70 सालों से ये देश स्वतंत्र है, 55 साल कांग्रेस की सरकार रही है, क्या किसी ने आपका सोना छीना, आपके मंगलसूत्र छीने। उन्होंने कहा कि जब जंग हुई थी, तब इंदिरा गांधी ने अपना सोना देश को दिया था।

भारत में विरासत टैक्स लगाने पर बहस हो : पित्रोदा

कहा- अमेरिका में नागरिक की मौत के बाद आधी संपत्ति जनता को मिलती है

नई दिल्ली। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा कि भारत में विरासत टैक्स लगाने पर बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है। अगर किसी शख्स के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है। उसके मरने के बाद 45 फीसदी संपत्ति उसके बच्चों को मिलती है, जबकि 55 फीसदी संपत्ति पर सरकार का मालिकाना हक हो जाता है। यह एक बड़ा ही दिलचस्प कानून है। पित्रोदा ने आगे कहा कि भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है। यहां अगर किसी के पास 10 अरब रुपए की संपत्ति है। उसके मरने के बाद उनके बच्चों को सारी की सारी प्रॉपर्टी मिल जाती है। जनता के लिए कुछ नहीं बचता। मुझे लगता है कि इस तरह के मुद्दों पर लोगों को चर्चा करनी चाहिए। हालांकि, कांग्रेस ने पित्रोदा के इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह उनके निजी विचार हैं। इसका पार्टी से कोई मतलब नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ में कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी।

'भा' कोड से भारतीयों के लिए तैयार होंगे फुटवियर

अमेरिकी-यूरोपीय नहीं, अब? भारतीय नंबर के जूते बनेंगे, इससे मिलेगी सही फिटिंग

नई दिल्ली। भारत में मिलने वाले जूते-चप्पलअमेरिकी या यूरोपीय नाप के होते ?हैं। यही वजह है कि वे हमारे देश के लोगों के पैरों में फिट नहीं आते। दरअसल, भारतीयों के पैर अमेरिकियों और यूरोपीयनों से ज्यादा चौड़े होते हैं, लेकिन कंपनियां जूते-चप्पल अमेरिकियों या यूरोपीय लोगों के पैर की लंबाई-चौड़ाई के आधार पर ही तैयार करती हैं।

अब यह व्यवस्था बदलने वाली है। अब जूते-चप्पलों के भारतीय मानक तैयार हो रहे हैं। अगले साल यानी 2025 से कंपनियां अलग से भारतीयों के लिए फुटवियर तैयार करेंगी। इसके लिए 'भा' (Bha) कोड रखा गया है, जिसका मतलब भारत से है।

भारतीयों के पैर के साइज को लेकर किया सर्वे

भारतीयों के पैर की आकृति और आकार समझने के लिए काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च और सेंट्रल लेदर रिसर्च इंस्टीट्यूट ने पूरे भारत में सर्वे किया। इसमें यह भी पता चला कि महिलाओं के पैरों का आकार 11 साल की उम्र तक बढ़ता है, जबकि पुरुषों में यह 15-16 साल तक बढ़ता रहता है।

50 प्रतिशत फुटवियर सही नाप न होने से लौटाए जा रहे

इस बदलाव की सबसे बड़ी वजह भारत का बड़ा बाजार है। यहां हर भारतीय के पास औसतन 1.5 जूते हैं। ऑनलाइन खरीदे गए 50त्न फुटवियर सही नाप न होने से लौटा दिए जाते हैं।

कांग्रेस का मेनिफेस्टो देखकर पीएम घबरा गए: राहुल

भाजपा दलित-ओबीसी की हिस्ट्री मिटाना चाहती है, जाति जनगणना को कोई शक्ति नहीं रोक सकती

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के मतदान से पहले नेताओं का वार पलटवार का दौर जारी है। इसी क्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली के जवाहर भवन में बुधवार (24 अप्रैल) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस के घोषणा पत्र से घबरा गए हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, मीडिया में मेरे बारे में कहते थे मेरी राजनीति में दिलचस्पी नहीं है, मैं राजनीति को लेकर सीरियस नहीं हूं. मनरेगा नॉन सीरियस था. मगर, अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या, विराट कोहली सीरियस हैं. मैंने फिर देखा कि जो

बड़े बड़े पत्रकार हैं, एंकर हैं, उसमें एक भी दलित एंकर नहीं है तो जब मीडिया में आपका कोई है ही नहीं तो आपके मुद्दे नॉन सीरियस ही रहेंगे।

90 प्रतिशत आबादी के साथ हो रहा अन्याय

कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा, प्राइवेट कंपनी में 25 कंपनियों को मोदीजी ने इतना पैसा दिया है कि जिसमें 25 बार किसानों का कर्ज माफ हो सकता है. आज भारत में 90 प्रतिशत आबादी के साथ भयंकर अन्याय हो रहा है. आप राष्ट्रीय मीडिया को देखिए, मोदीजी को देखिए, जैसे ही मैंने कहा कि देखते है देश में कितना अन्याय हो रहा है।

भाजपा का मिशन आपके इतिहास को मिटाने का

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी ने 10 साल देश को कहा मैं ओबीसी हूं, लेकिन जैसे ही मैंने बात की तो कहते है जाति नहीं. अरे तो फिर आप ओबीसी कैसे? अगर आपके मुताबिक देश में केवल 2 जाति है- अमीर और गरीब तो उनकी लिस्ट निकालो और ये मेरे लिए राजनितिक मुद्दा नहीं लाइफ मिशन है. बीजेपी का पूरा मिशन आपके इतिहास को मिटाने का है, आपको बीते हुए समय से काट दिया गया है।

रामदेव-बालकृष्ण ने विज्ञापन केस में दूसरा माफीनामा छपवाया

कोर्ट ने कहा था- साइज ऐसा न हो कि माइक्रोस्कोप से पढ़ना पड़े

नई दिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव ने एक बार फिर सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है। उन्होंने पतंजलि आयुर्वेद से जुड़े भ्रामक विज्ञापनों को लेकर लिखा कि वे दोबारा माफी मांग रहे हैं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब पतंजलि की तरफ से माफी मांगी गई है। मंगलवार को भी इस तरह का माफीनामा सामने आया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसपर आपत्ति जता दी थी।

बगैर शर्त सार्वजनिक माफी% के शीर्षक के साथ ताजा प्रकाशित माफी में पतंजलि आयुर्वेद की तरफ से कहा गया है, %माननीय शीर्ष न्यायालय में चल रहे मामले (रिट याचिका 645/2022) के मद्देनजर हम भारत के माननीय उच्चतम न्यायालयों के निर्देशों/आदेशों की अवज्ञा या पालन नहीं करने के चलते

व्यक्तिगत रूप के साथ-साथ कंपनी की ओर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हैं। आगे कहा गया, 22 नवंबर 2023 को प्रेस कॉन्फ्रेंस/मीटिंग के लिए हम बगैर शर्त माफी मांगते हैं। विज्ञापनों को प्रकाशित करने में हुई गलती के लिए हम माफी मांगते हैं और वादा करते हैं कि ऐसी गलतियां दोबारा नहीं होंगी। हम माननीय अदालत के निर्देशों और आदेशों के ध्यान और गंभीरता के साथ पालन करने का वचन देते हैं। हम न्यायालय की गरिमा की बनाए रखने और माननीय न्यायालय/अथॉरिटी के निर्देशों और कानूनों का पालन करने का वादा करते हैं।

खास बात है कि एक दिन पहले ही प्रकाशित हुए विज्ञापन में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण का नाम शामिल नहीं था। तब सुनवाई के दौरान जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस ए अमानुल्लाह की बेंच ने सवाल किया था कि क्या माफीनामा को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जस्टिस कोहली ने पूछा, क्या माफीनामे को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था? क्या इसके फॉन्ट और साइज आपके पुराने विज्ञापनों की तरह थे।

एमपी 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित

अनुष्का अग्रवाल 10वीं और जयंत यादव 12वीं के टॉपर

भोपाल। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। मंडला की अनुष्का अग्रवाल ने 10वीं में टॉप किया है। अनुष्का को 495 अंक मिले हैं। कालापीपल शाजापुर के जयंत यादव ने 12वीं में टॉप किया है। मालूम हो कि इस साल इन दोनों परीक्षाओं में 17 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने भाग लिया था।

10 वीं में कटनी की रेखा रेबारी ने पाया प्रदेश में दूसरा स्थान

एमपी बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में कक्षा 10वीं में कटनी जिले के उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर की छात्रा रेखा रेबारी ने प्रदेश की मेरिट सूची में 493 अंक के साथ दूसरा स्थान पाया है।

एमपी बोर्ड 10वीं का रिजल्ट इस बार अपेक्षा से कम

स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी का कहना है कि दसवीं का परिणाम हर साल की अपेक्षा कम है 12वीं का ठीक है। कमियों का आकलन किया जाएगा और सुधार का प्रयास किया जाएगा।

बैतूल के यश पवार ने 12 वीं की परीक्षा में प्रदेश में पाया दसवां स्थान

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित किए गए कक्षा 12 वीं के परिणाम में बैतूल के यश पवार ने प्रदेश में दसवां स्थान पाया है। बैतूल के श्री विनायकम हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र यश पवार ने कक्षा बारहवीं के गणित समूह में 482 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान पाया है।

संक्षिप्त समाचार

मारपीट करने का आरोप

ललितपुर। थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम आलापुर के मजरा लखनाबर निवासी राधा पत्नी कृपाल अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 अप्रैल की रात करीब 9 बजे जब वह घर पर थी। तभी कृपाल पुत्र राजू, राजू पुत्र गनपत, सुजान पुत्र राजू व गुडडी पत्नी राजू अहिरवार ने एकराय होकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुये मारपीट कर दी। चीख-पुकार होने पर उसकी मां मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम अस्तोन निवासी सिया पत्नी रमेश अहिरवार बीच-बचाव करने आयी तो उसके साथ भी मारपीट कर दी गयी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

एकराय होकर महिला से मारपीट का आरोप

ललितपुर। थाना जखौरा के ग्राम नदनवारा निवासी निधि पत्नी बालकिशन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 अप्रैल को अपराह्न करीब 3 बजे उसकी तबीयत खराब थी, जिसके चलते वह लेटी हुयी थी। तभी उसके पति बालकिशन, देवर विष्णु, गुल्लन, सास सुशीला एकराय होकर आये और उसे गालियां देते हुये मारपीट कर दी। बताया कि उसने राह चलती महिला के सहयोग से डायल 112 पर फोन लगाकर पुलिस को सूचना दी। तब उक्त लोगों ने उसे पकड़कर कमरे में बंद कर दिया और मारपीट करने लगे। मौके पर पुलिस के पहुंचने पर उसे बचाया गया। बताया कि उसने घटना की सूचना थाना बार के ग्राम बमनगुवां निवासी अपनी मां आशादेवी पत्नी शालिकराम मिश्रा को दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर धारा 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

दहेज में एक लाख रुपये न मिलने पर बहू से मारपीट का आरोप

महिला की तहरीर पर ससुरालियों पर दर्ज हुयी एफआईआर

ललितपुर। थाना जखौरा के ग्राम बरौदा स्वामी निवासी राजकुमारी पत्नी खुशीलाल अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री वन्दना की शादी मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना बामौर के ग्राम हसरा निवासी विक्रम पुत्र मेहरबान अहिरवार के साथ संपन्न हुयी थी। बताया कि शादी में उसने अपनी पुत्री को साढ़े चार लाख रुपये की नकदी और सामान दिया था। बताया कि शादी के बाद से उसका पति विक्रम, राजपाल पुत्र मेहरबान, ऊषा पत्नी मेहरवान, मेहरबान पुत्र बड्डू अहिरवार अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये की नकदी की मांग करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट की गयी। बताया कि 21 अप्रैल को रात करीब 10 बजे उसकी पुत्री वंदना के साथ उसके पति व ससुरालियों द्वारा मारपीट करते हुये लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आयीं है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ धारा 498ए, 323, 504, 506 व दहेज उत्पीडन् अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

विवाद को सुलझाने गये व्यक्ति से पड़ौसी ने कर दी मारपीट

ललितपुर। शहर के मोहल्ला तालाबपुरा में रहने वाले अविरल जैन पुत्र संजय जैन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ौस में रहने वाले अभय जैन पुत्र स्व.बालचंद्र जैन का विवाद मोहल्ले के मुकेश जैन से हो रहा था। विवाद के चलते गली में शोर-शराबा सुनकर उसके पिता संजय जैन पुत्र स्व.लक्ष्मीचंद्र जैन ने दोनों को समझाने का प्रयास किया तो अभय जैन ने उसके पिता को गालियां दे दीं। आरोप है कि जब उसके पिता ने अभय को गालियां देने से मना किया तो उनके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। यह भी आरोप है कि पूर्व में कई बार उक्त अभय जैन द्वारा गाली-गलौज की जा चुकी है। अभय जैन मोहल्ले में दबंगई दिखाते हुये लोगों में भय का माहौल बना रहा है। पुलिस ने अविरल जैन की तहरीर पर अभय जैन के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

रास्ते में रोककर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप

ललितपुर। महरौनी थानाक्षेत्र के ग्राम कुम्हैड़ी निवासी संजीव पुत्र दिनेश परिहार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने काम से लौटकर घर जा रहा था। उसके साथ उसका साथी संचित भी था। बताया कि वह कुम्हैड़ी के स्टेण्ड पर थे, तभी बाइक पर सवार तीन व्यक्ति अंजनी मेला की ओर से आये और उनके पास रूककर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों के नाम ग्राम खिरिया भारन्जू निवासी विशाल पुत्र राजेश, सेलू व चाहत बताये हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त तीनों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री विगत 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे बाजार से सामान खरीदने के लिए गयी हुयी थी। उसी बीच उसे जानकारी हुयी कि उसकी पुत्री को पाली में ही रहने वाला राहुल पुत्र गनपत सहरिया बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।

दुर्घटना के तीन आधार, नशा-नींद और तेज रफ्तार

मोडीफाइड साइलेंसर लगाकर स्टंटबाजी करने पर होगी सख्त कार्यवाही : प्रभारी यातायात

ललितपुर। वाहन दुर्घटनाओं पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाने के उद्देश्य से लोगों के बीच प्रचलित स्लोगनों को अब हकीकत में उतारने का काम यातायात पुलिस द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को यातायात पुलिस ने शहर भर में संचालित हो रहीं मोटर साइकिलों में मोडीफाइड साइलेंसर और स्टंट करने वाले वाहन चालकों की जमकर क्लास ली। उन्होंने युवाओं को तेज रफ्तार और स्टंटिंग से उनके जीवन की ओर बढ़ रहे जानलेवा खतरों के बारे में समझाते हुये जागरूक किया।

यातायात निदेशालय लखनऊ के आदेश और पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन ललितपुर में किया जा रहा है। चार मई तक चलने वाले

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के बुधवार को दूसरे दिन यातायात प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी द्वारा शहर भर में मोडीफाइड साइलेंसर, तेज रफ्तार वाहनों और स्टंट करने वालों के खिलाफ सख्ती से सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। मौके पर तेज रफ्तार और स्टंटिंग करने वाले युवाओं को पकड़कर पहले तो उन्हें समझाते हुये अपने व सड़क पर चलने वाले दूसरे व्यक्तियों के अमूल्य जीवन को लेकर जागरूक करते हुये कार्यवाही की गयी। इसके अलावा बुलट जैसी गाडियों में लगे मोडीफाइड साइलेंसरों के खिलाफ भी सख्ती से जांच की गयी। यातायात प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी ने वाहन चालकों से आह्वान किया कि वह सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर भी जागरूक रहें और अपने वाहनों को निर्धारित गति से ही संचालित करें। ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा चार पहिया वाहन चालकों से आह्वान किया गया कि वह सीट बेल्ट का उपयोग आवश्यक रूप से करें और कार के शीशों पर काली फिल्म का प्रयोग कदापि न करें, अन्यथा ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जांच के दौरान मुख्य आरक्षी यातायात वंशबहादुर सिंह के अलावा अन्य यातायात पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

पनारी गांव के अंदर संचालित फर्म पर छापेमारी करने पहुंची वन विभाग की टीम

दो घण्टे तक मौके पर गोदाम संचालक का इंतजार करती रही टीम

ललितपुर। जिले में लकड़ी का अवैध कटान किस स्तर पर है और दबंग अवैध कटान माफियाओं के हौसले कितने बुलंद हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सूचना मिलने पर छापेमारी करने गयी टीम करीब दो घण्टे तक मौके पर ही खड़ी रही। दविश देने गयी टीम टिम्बर संचालक को फोन लगाती रही और वह टीम को गुमराह करता रहा। सूत्र तो यहां तक भी बताते हैं कि पूरे मामले की सूचना डीएफओ को दिये जाने के बावजूद भी कार्यवाही शून्य की स्थिति में रही।

गौरतलब है कि बुधवार को वन विभाग की टीम को मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पनारी के अंदर नामदेव टिम्बर के नाम से संचालित हो रही एक फर्म पर जंगलों से कटान की गयी अवैध लकड़ी भण्डारण करने की सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने पनारी गांव के अंदर स्थित उक्त टिम्बर फर्म पर जाकर दविश दी। लेकिन जिस गोदाम में अवैध तरीके से कटान की गयी लकड़ी रखी हुयी थी, उसका ताला डालकर उक्त व्यक्ति चला गया।

वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर खड़ी रही। करीब दो घण्टे इंतजार करने और सम्बन्धित व्यक्ति से फोन पर संपर्क करने पर वह टीम को बहाने बनाकर टहलाता रहा। कारणवश टीम बाहर खड़ी होकर जांच करने के लिए भी इंतजार करती नजर आयी। पूरे प्रकरण की जानकारी डीएफओ को मौके से ही दी गयी, लेकिन ठोस कदम नहीं उठाया जा सका। इससे यह अंदाजा तो स्वयं ही लगाया जा सकता है कि वन विभाग अवैध कटान को लेकर कितना सक्रिय भूमिका में है।

श्रीहनुमान जयन्ती पर हरिप्रिया भार्गव ने धर्माबलम्बियों से किया आह्वान

एकजुट होकर अवश्य करें मतदान

ललितपुर। सनातन सांस्कृतिक संघ के संस्थापक और समाज सेविका उद्यमी, रामभक्त एवं गंगा सेविका और भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता हरिप्रिया भार्गव ने हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सभी हिन्दू धर्मियों को एक आह्वान किया है कि श्रीहनुमानजी के अद्भुत बल, वीरता और भक्ति का महत्वपूर्ण संदेश देते हुए हम सभी को सनातन धर्म की सुरक्षा, संस्कृति और परंपरा को सुरक्षित रखने के लिए एकता और समरसता के साथ मिलकर काम करने की अपील की है। हरिप्रिया भार्गव का दृढ विश्वास है कि वर्तमान समय में केन्द्र सरकार के नेतृत्व में एक मजबूत और सशक्त भूमि बनाने की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने विशेष ध्यान दिया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ही हम सनातन धर्म को सभी तरह से सुरक्षित कर सकते हैं। बताया कि 19 अप्रैल 2024 सनातन सांस्कृतिक संघ के प्रतिष्ठित सदस्य हरिप्रिया भार्गव, भाजपा महासचिव तरुण चुघ, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पीपीआरसी के निदेशक सुमीत भसीन के मौजूदगी में हमारे मोदीजी सॉग के ग्रैंड प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। इसमें वीडियो और ऑडियो संस्करणों का प्रदर्शन किया गया, जो नौ विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध हैं। उनके अत्याधुनिक दृष्टिकोण और परिश्रम से भारतीय समाज को एकता, समरसता, और विकास की दिशा में अग्रसर किया गया है। हरिप्रिया भार्गव ने सभी हिन्दू धर्मियों से अपील की है कि वे सभी मतदान करें। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए ताकि सभी एक साथ मिलकर सामर्थ्य बना सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इस समय में हमें एकता और समरसता के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि हम समृद्ध और समृद्ध भारत की दिशा में अग्रसर हो सकें। सनातन सांस्कृतिक संघ, जो एक गैर-लाभकारी संगठन है, सनातन धर्म की समृद्ध विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है।

मतदाता रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से बताया मताधिकार का महत्व

ललितपुर। अगले महीने मई की 20 तारीख को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर होने वाले मतदान को लेकर जिले में प्रशासन द्वारा निर्धारित किये गये मतदान प्रतिशत को पूरा करने के लिए तमाम प्रयास किये जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार गांव-गांव में विद्यालयों की ओर से जन-जागरूकता रैलियां निकाली जा रहीं हैं। इसी क्रम में विकास खण्ड महरौनी के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सुकाड़ी में विद्यालय के बच्चों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम बच्चों ने एकजुट होकर गांव में जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान गगनभेदी नारे लगाते हुये लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। वहीं दूसरी ओर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को उनके मताधिकार के महत्व को समझाया गया।

प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापदम नन्द की 2413वीं जयन्ती मनायी

केन्द्रीय शासन प्रणाली के जनक नंद वंश संस्थापक थे महापदम नन्द : घनश्यामदास सेन

ललितपुर। अखिल भारतीय सेन समाज उ.प्र. के तत्वाधान में आयोजित एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुयी। बैठक में प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापदम नंद की 2413वीं जयन्ती मनायी गयी। सर्वप्रथम प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापदम नंद के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रदेशाध्यक्ष द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके द्वारा किये गये कार्यों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार ने कहा कि अखण्ड भारत के निर्माता केन्द्रीय शासन पद्धति के जनक एक राष्ट्र भारतीय इतिहास में प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापदम नंद का जन्म चैत्र पूर्णिमा 389 ई. पूर्व में हुआ था। महापदम नंद एक शक्तिशाली तथा महत्वाकांक्षी सम्राट थे। हिमालय व विंध्य के बीच सम्पूर्ण भूमि पर महापदम नंद का शासन था। महापदम नंद ने अपनी शक्ति के बल पर मगध साम्राज्य, जिसकी राजधानी पाटलीपुत्र थी का विस्तार किया। महापदम नंद को संपूर्ण भारत एकक्षत्र सम्राट माना गया, जिसके शासन के अंतर्गत भारत के राज्य एकताबद्ध हो गये थे। महापदम नंद



शासनकाल एक शक्तिशाली साम्राज्य था। महापदम नंद ने अपने शासनकाल में कृषि को महत्वता देते हुये नहरें बनवायीं एवं अन्य सिंचाई के साधन बनवाये। अध्यक्षता करते हुये श्रीराम सेन रिटा.रेलवे ने कहा कि महापदम नंद ने अपने शासनकाल में अनेकों सराहनीय कार्य किये। जिससे उनके शासनकाल की आज भी चर्चा का विषय बनी हुयी है। इस अवसर पर कन्हैयालाल सेन, रतनलाल सेन, बृजनन्दन सेन, मदनलाल सविता, मोतीलाल नापित, सुखलाल सेन, बालकृष्ण सेन, श्रीराम सेन, राकेश कुमार सेन, जमना प्रसाद सेन, घनश्यामदास सेन, प्रभुदयाल सेन एड., करन सिंह वर्मा एड., महेन्द्र स्वरूप सविता एड., राममूर्ति सविता एड., दर्शन बड़ौनियां एड., मनीष याज्ञिक एड., सीताराम सेन, अशोक कुमार सेन, रघुवीर सेन, गिरीश सविता, विनोद कुमार नापित, दयाराम सेन, रामबाबू याज्ञिक, प्रमोद कुमार सेन, बद्री प्रसाद सेन, अनूप सेन, रविशंकर सेन, पुनीत कुमार सेन, जितेन्द्र कुमार सेन, प्रकाश नारायण सेन, महेश कुमार सेन, गौरव सेन एड., मुकेश कुमार सेन, पूरनलाल सेन, अयोध्या प्रसाद सेन, रामकुमार सेन, कैलाश नारायण सेन, आशाराम, राजेन्द्र कुमार सेन, गोकुल प्रसाद सेन, मुन्नालाल सेन, लक्ष्मन सेन, रमेश कुमार सेन, मुन्नीलाल सेन आदि मौजूद रहे। संचालन करन सिंह वर्मा एड. ने व आभार सीताराम सेन ने व्यक्त किया।

गांधीनगर में सरकारी हैण्ड पम्प पर दबंगों ने किया अवैध कब्जा

ललितपुर। आम जनता को पेयजल उपलब्ध कराने की सरकारी योजनाओं को दबंग खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं। ललितपुर शहर क्षेत्र के गांधीनगर वार्ड नंबर 4 कबीर मंदिर के पास में जनता को पेयजल आपूर्ति के लिए एक सरकारी हैंडपंप लगाया गया है लेकिन बहा पर निवास कर रहे एक व्यक्ति द्वारा सरकारी हेडपम्प पर कब्जा करके उस हेंडपम्प का सारा सामान भी निकलकर अपने घर में ही रख लिया है।

जिससे वहां पर निवास कर रहे लोगो को पेयजल पानी की समस्या से जूझ रहे है। मोहल्ले मे निवास कर रहे लोगो ने कई बार इसकी शिकायत बार्ड पार्षद प्रतिनिधि से शिकायत की थी लेकिन उन्होंने भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है और इसके बाद भी संबंधित विभाग उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कई बार ऐसे मे सरकारी हैंडपंपों को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग भी की है। सार्वजनिक जगहों पर शहरी स्तर से जल निगम द्वारा सरकारी हैंडपंप लगाए जाते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि आम जनता को पेयजल मुहैया कराया जा सके। इसके लिए सरकार करोडों रुपये प्रतिवर्ष

खर्च करती है। लेकिन शहर के एरिया के अधिकांश हेंडपम्पो पर दबंगों ने जगह-जगह लगे हैंडपंप को अपने कब्जे में ले लिया है। यहां तक कि लोगो ने कई बार्डो में सरकारी हैंडपंप में ही अपना सबमर्सिबल पंप लगा रखा है। साथ ही सरकारी हैंडपंप को दबंगों ने अपने घरों की चारदीवारी में कैद करा लिया है।

इससे सरकारी हैंडपंप निजी हैंडपंप की तरह प्रयोग हो रहे हैं। सरकारी हैंडपंप को घरों में कैद करने और उस पर सबमर्सिबल लगाने की वजह से क्षेत्र के लोगों में अक्सर झगड़े होते रहते हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि उनके घर के पास में भी एक दबंग किस्म के व्यक्ति ने सरकारी हैंडपंप में सबमर्सिबल लगा रखा है। जिस बजह से अगर बार्ड का कोई दूसरा व्यक्ति पानी भरने जाता है तो उसके साथ गाली गलौच की जाती है। सरकारी हैंडपंप सार्वजनिक स्थल पर ही लगाए जाते हैं। ताकि बहा पर निवास करने बाले सभी लोग उसका फायदा उठा सकें। यदि सरकारी हैंडपंप का कोई निजी उपयोग करता है तो शिकायत मिलने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

भेज रहा हूं स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हे बुलाने को

20 मई को भूल न जाना, बोट डालने आने को

ललितपुर। ब्लॉक बिरधा के पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय तेरा के बच्चों द्वारा गांव मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर गांव के चौराहों पर गगनभेदी नारे लगाए गए। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के क्रम में समस्त ग्रामवासियों को सबसे पहले मतदान करना अनिवार्य है। इसके बाद जलपान नाश्ता एवं अपने घर का कार्य करे। बूथ लेविल अधिकारी भगवत सिंह बैस ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश है कि समस्त जिलों में शत प्रतिशत मतदान हो। अतएव हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि 20 मई को होने वाले निर्वाचन में अपना गांव का मतदान प्रतिशत सबसे ज्यादा हो।यह कार्य सभी के सहयोग से ही सम्भव हो सकता है। भेज रहा हूं स्नेह निमंत्रण प्रिय मतदाता तुम्हे बुलाने को। 20 को भूल न जाना वोट डालने आने को। उन्होंने सभी मतदाताओं से 20 मई को पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेरा मतदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बूथ लेविल अधिकारी भगवत सिंह बैस, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी खेमचंद वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि दीपचंद अहिरवार, शरीफ खान, अक्षय किलेदार, रीतेश यादव, अंजली नायक, अर्चना ठाकुर, जयपाल सिंह ठाकुर, काशीराम अहिरवार, हरवाई, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

परंपरागत तरीके से मनाया गया हनुमान जन्म उत्सव निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हनुमान जन्मोत्सव समिति के सदस्यो द्वारा किया जाता है अथक प्रयास

रिपोर्टर मनीष चौरसिया

ललितपुर /बानपुर में पारंपरिक तरीके से सालों से मनाया जाता है हनुमान जन्मोत्सव निकाली जाती है शोभायात्रा । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव मनाने की तैयारी हनुमान जन्म उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा काफी पहले से प्रारंभ कर दी गई थी ।काफी उत्साह पूर्वक समिति के सदस्य विशाल रूप देने में लगे गांव गांव जाकर बाइक रहली निकाल कर लोगों से सहयोग कर अधिक से अधिक संख्या में होकर जन्म उत्सव मानने को करते आमंत्रित।

कुछ समय पहले से बाइक रहली में जाने का उत्साह दिखा कम तो वही हनुमान जन्म उत्सव समिति परिवार के सदस्य लगातार नियंत्रण लोगों से अपील करते रहे। की अधिक से अधिक संख्या में पधारे लेकिन समय का अभाव कहा जाए या लोगों में कम उत्साहित के चलते बाइक रहली में कमी तो देखी गई लेकिन। जन्म उत्सव परिवार वाले अपनी मेहनत करने में कहीं पीछे नहीं हटने वाले थे ।बानपुर नगर को भगवा झंडों से सजाया गया श्री राम ब हुनमान जी के बैनर

पोस्टर लगाकर दरवाजे बनाए गए और बानपुर को राम हनुमान मय किया गया। रामनवमी भी धूमधाम के साथ मनाई गई थी रामनवमी के बाद से ही लोगों में काफी उत्साह देखा गया कि हनुमान जन्म उत्सव धूमधाम की तैयारी और तेज हो गई थी।

हनुमान जन्मोत्सव के दिन सुबह से ही मंदिरों में पूजा पाठ अनेकों धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे समय होते ही ट्रैक्टरों पर भगवान की प्रतिमा सजाकर सभी बड़ी फील्ड ग्राउंड पर एकत्रित हुए अनेकों शोभनिय द्रस्य दिखने प्रारंभ हुए। शोभा यात्रा शाम करीब 5ः00 से निकलना प्रारंभ हुई।

महाराजा मर्दन सिंह चौराहा होते हुए बजरंगढ़ मंदिर से भगवान का विमान सबसे आगे चल रहा था भक्त जन झंडा लिए जय जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। तो वही देखने लायक भगवान के रूप मे अनेको दृश्य देखे गए। अनेको कार्यक्रम भक्ति भाव में लोगों को मनमोहित कर आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। डीजे ढोल नगाड़ों के साथ भक्त भक्ति भाव में नाचते गाते हुए नजर आए। भंव्यशोभायात्रा प्रमुख चौराहा पर होते हुए बाजार शिव मंदिर राधा कृष्ण मंदिर किले का मैदान महावीर मंदिर सानिया मुहल्ला हनुमान मंदिर देवी जी मंदिर खेरापति मंदिर उपादिया मंदिर होते हुए भगवान के विमान की लोगों ने अपने-अपने दरवाजे पर पूजा अर्चना कर जगह-जगह किया गया प्रसाद वितरण क्षेत्र के लोगों की उमड़ी भारी भीड़ तो वही बानपुर एवं क्षेत्रवासीयो ने जगह-जगह काउंटर लगाकर अनेकों मिष्ठान वितरण किये जगह-जगह लोगों का किया गया भंव्य स्वागत। हनुमान जन्मोत्सव समिति के सदस्य एवं गाव क्षेत्रवासी के सहयोग से मनाया जाता है हनुमान जन्मोत्सव दिन प्रतिदिन भव्य रूप देने में लगे समिति के सदस्य एवं क्षेत्रवासी थाना प्रभारी विनोद मिश्रा पुलिस बल के साथ व्यवस्था मे रहे मौजूद।

गरीब और लाचार लोगों के लिए वरदान साबित हो रही आसरा सोसायटी

रिपोर्ट सोनम यादव

ललितपुर। गरीबों व असहायों की मदद करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। हर साम?र्थ्यवान व्यक्ति को गरीब और असहायों की मदद के लिए आगे आना चाहिए लगातार समाजसेवा का काम कर रही आसरा सोसायटी ने एक ब्राह्मण परिवार की मदद की संस्था के सचिव बंटी शर्मा ने बताया की बुधवार को आसरा सोसायटी टीम के सदस्यों के साथ ब्राह्मण परिवार के घर में जाकर परिवार को राशन सहित अन्य जरूरतमंद चीजें दी गई। पेड़ ब्राह्मण परिवार ने बताया कि आसरा सोसायटी वाकई में जरूरतमंदों के लिए सहारा बन रही है। संसार में जन्म लिए हुए हर व्यक्ति को जितना हो सके गरीब की मदद करनी चाहिए। गरीबी अभिशाप नहीं है।

गरीब लोगों के मन में भी वही है जो हम सबके मन में है। ऐसे लोगों की सहायता करने से उन्हें भी खुशी मिलती है। इस संसार में गरीबों की मदद करने से बढ़कर कोई भी पुण्य कार्य नहीं है। इस मोके पर बंटी शर्मा ने कहा हमे जीवन मिला है और अगर हम सक्षम है तो क्यो न दूसरों के काम आना चाहिए। इसी सोच के साथ आसरा सोसाइटी टीम ने एक गरीब ब्राह्मण परिवार जहाँ अंधा बूढ़ा पिता और बीमार बूढ़ी माँ वहीं उनकी ससुराल से परेशान बेटी जिसके बेटे की तबियत बहुत ज्यादा खराब थी सब तरफ से मदद मांग चुका परिवार पर कोई आगे नही आया फिर आसरा ने दिया सहारा आसरा के सदस्यों ने उनके घर की हालत देखते हुये राशन व फल दिय ओर बीमार बच्चे को झांसी के स्थानीय प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराया बच्चा कभी दिन से बीमार होने के कारण ओर इलाज न होने के कारण काफी गंभीर था पर डॉ सतीश जय ने अच्छे से को देखा भी ओर इलाज भी अच्छा किया उन्होंने भी अपनी फीस नही ली व दवाइयां भी फ्री दी बच्चे की जांचों में भी डिस्काउंट दिया डॉ सतीश का भी धन्यवाद व सभी सदस्यों का भी जिन्होंने आगे आकर परिवार की मदद की इस मौके पर आरती तिवारी, अंजू मेहता, रूबी बाजपाई, सीमा सरद नामदेव, राजीव रतूड़ी, अनुज गोस्वामी, प्रवल शर्मा, अंकित राय, अनिल विश्वकर्मा, राकेश अग्रवाल, अनिल विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

भारतीय जनता पार्टी का बूथ सम्मेलन आयोजित

ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी का बूथ सम्मेलन आज आयोजित हुआ। इस सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन ने की एवं संचालन क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी ने किया।

बूथ सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में एम एल सी रामतीर्थ सिंघल, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झांसी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी नागेन्द्र गुप्ता, जिला प्रभारी सुरेश अवस्थी, सांसद अनुराग शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में जिला प्रभारी सुरेश अवस्थी ने सभी आगन्तुक कार्यकर्ताओं का वृत्त लिया और नम्बै प्रतिशत उपस्थित पाकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारी चुनाव संरचना है और चुनाव संरचना के अनुसार हम अगर वोटिंग के दिन मेहनत करें तो हम लगभग नब्बे प्रतिशत वोट डलवाने सफल होंगे।

इस अवसर पर झांसी ललितपुर के सांसद एवं प्रत्याशी पं अनुराग शर्मा ने कहा कि हम लोग पांच साल से ही चुनाव की तैयारी में लगे रहते हैं। भाजपा एक काडर आधारित पार्टी है इस नाते मैं भी एक कार्यकर्ता हूँ। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसके कार्यकर्ता विचारधारा के कारण जुड़ते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि हम लोग हर घर का दरवाजा खटखटाने का कार्य करेंगे और उन तक मोदी जी का प्रणाम पहुंचाकर उन से वोट के लिए आग्रह करेंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि इन दस बरसों में विकसित और नवीन भारत की नींव रखी गई है और आगे भारत एक विकसित नवीन भारत वन कर विश्व के परिदृश्य पर उभरेगा। उन्होंने कहा कि ट्रेन तो अधिक से अधिक रुक ही रहीं हैं लेकिन कुछ वरसों में आप हवाई जहाज से भी ललितपुर से यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि एक समय ललितपुर के गांवों में गर्मियों में जनता को पीने के पानी की विकट समस्या का सामना करना पड़ता था लेकिन अब हर घर नल जल योजना के माध्यम से जिले के सुदूर गाँव तक स्वच्छ जल? पीने को पहुंचेगा। इसके अलावा वल्क पार्क योजना से जिले के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी नागेन्द्र गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओं की अपार भीड़ देख कर आज लग रहा है कि हम बहुत बड़े अन्तर से जीतने बाले हैं हमारी बारात सज गयी है और हमारी बारात के दूल्हा हमारे प्रत्याशी पं अनुराग शर्मा हैं जिसमें चार जून को वे फिर से चुन कर आयेंगे। मुख्य अतिथि एम एल सी रामतीर्थ सिंघल ने कहा कि इस देश में सदेव से कुछ ताकतों द्वारा राष्ट्र वादियों के साथ साजिश होती रही है।

माँ अँजनी मेले में उमड रहा श्रद्धालुओं का जन सैलाव

रिपोर्ट सोनम यादव

ललितपुर (महरौनी)। माँ अँजनी मेला में तीसरे दिन भी भक्त जनों के आने सिलसिला जारी रहा। सुबह से श्रद्धालुओं के द्वारा दिन भर जबाबे चढावे गये। झाँसी ललितपुर लोकसभा साँसद अनुराग शर्मा ने माँ अँजनी दरबार में माथा टेककर के विजय हेतु प्रार्थना की। तत्पश्चात सँसद जी ने मेला भ्रमण करते हुए आम जन से सम्पर्क कर सम्बाद किया। इसके बाद वे उन्होंने आगे आमजन से वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र और राज्य सरकार की चल रही विकास योजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने आम जन से कहा कि आप सब को विकास कार्यों की जानकारी रखने हेतु जागरूक रहना चाहिए। बैसे तो सरकार प्रसार माध्यम प्रिंट व इलैक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सरकारी मशीनरी के माध्यम से आम जन को विकास कार्यों की जानकारी देती रहती है लेकिन आप सब को भी सरकार की विकास योजनाओं के वारे में जानकारी लेकर यथोचित प्राप्त करने हेतु प्रयास करना चाहिए। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से भी आग्रह किया कि वे चल फिर कर सरकारी विकास योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिलाने का प्रयास करें। इस अवसर पर साँसद जी के साथ श्रम एवं सेवा योजन राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अजय पटैरिया, मीडिया प्रभारी देवेंद्र गुरु, विधानसभा मीडिया प्रभारी दिनेश विदुआ, प्रधान सोनू चौबे, संन्तोष रावत, ब्रजभूषण दीक्षित, नील पटैरिया, घनीराम टिकरया, संन्तोष निरंजन नेता, रामशरण दीक्षित, प्रमोद सौरौठिया, संतराम सेन, रवि रजक, आदि ग्रामीण जन मौजूद रहे।

सरकारी हैंड पंप पर किया गया कब्जा, लोग परेशान

रिपोर्ट सोनम यादव

ललितपुर। गर्मी के मौसम में पेयजल के इंतजाम तो पहले से ही दम तोड़ रहे हैं। जो सरकारी हैंडपंप प्यास बुझाने की आस हैं उन पर भी दबंगों ने कब्जा जमा रखा है। गाँधी नगर बार्ड न.4 मे एक सरकारी हेंड पम्प पर कुछ अवैध कब्जा किये है। ललितपुर शहर क्षेत्र के गांधीनगर वार्ड नंबर 4 कबीर मंदिर के पास में जनता को पेयजल आपूर्ति के लिए एक सरकारी हैंडपंप लगाया गया है लेकिन बहा पर निवास कर रहे एक व्यक्ति द्वारा सरकारी हेडपम्प पर कब्जा करके उस हेंडपम्प का सारा सामान भी निकलकर अपने घर मै ही रख लिया है।

जिससे वहां पर निवास कर रहे लोगो को पेय जल पानी की समस्या से जूझ रहे है मोहल्ले मे निवास कर रहे लोगो ने कई बार इसकी शिकायत बार्ड पार्षद प्रतिनिधि से शिकायत की थी लेकिन उन्होंने भी कोई कार्यबाही नहीं की गई है और इसके बाद भी संबंधित विभाग उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कई बार ऐसे मे सरकारी हैंडपंपों को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग भी की है। सार्वजनिक जगहों पर शहरी स्तर से जल निगम द्वारा सरकारी हैंडपंप लगाए जाते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि

आम जनता को पेयजल मुहैया कराया जा सके। इसके लिए सरकार करोडों रुपये प्रतिवर्ष खर्च करती है। लेकिन शहर के एरिया के अधिकांश हेंडपम्पो पर दबंगों ने जगह-जगह लगे हैंडपंप को अपने कब्जे में ले लिया है। यहां तक कि लोगो ने कई बार्डो में सरकारी हैंडपंप में ही अपना सबमर्सिबल पंप लगा रखा है। साथ ही सरकारी हैंडपंप को दबंगों ने अपने घरों की चारदीवारी में कैद करा लिया है।

इससे सरकारी हैंडपंप निजी हैंडपंप की तरह प्रयोग हो रहे हैं। सरकारी हैंडपंप को घरों में कैद करने और उस पर सबमर्सिबल लगाने की वजह से क्षेत्र के लोगों में अक्सर झगड़े होते रहते हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि उनके घर के पास में भी एक दबंग किस्म के व्यक्ति ने सरकारी हैंडपंप में सबमर्सिबल लगा रखा है। जिस बजह से अगर बार्ड का कोई दूसरा व्यक्ति पानी भरने जाता है तो उसके साथ गाली गलौच की जाती है। सरकारी हैंडपंप सार्वजनिक स्थल पर ही लगाए जाते हैं। ताकि बहा पर निवास करने बाले सभी लोग उसका फायदा उठा सकें। यदि सरकारी हैंडपंप का कोई निजी उपयोग करता है तो शिकायत मिलने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय जनता पार्टी का चुनाव कार्यालय प्रारम्भ

ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी के झांसी ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अनुराग शर्मा का चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन हो गया। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में सर्वप्रथम पूजन हुआ जिसको प्रकांड विद्वान पं ओमप्रकाश शास्त्री के ने सम्पन्न कराया। पूजन के अवसर पर तुवन के महन्त राम लखन दास जी महाराज भी उपस्थित रहे और मुख्य यजमान के रुप में अतुल शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद और झांसी ललितपुर के प्रत्याशी अनूराग शर्मा ने कहा कि भाजपा के ऐसे निष्ठावान और त्यागी कार्यकर्ताओं को देख कर मैं सदैव अभिभूत रहता हूँ। जिस पार्टी के पास मोदी और योगी जैसा नेतृत्व हो और ऐसे कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की सेना हो वह तो हर हाल में विजयी

होता है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं सहित समाज के सभी वर्ग के बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं की यहाँ उपस्थित यह दर्शाती है कि हम वास्तव सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास को धरातल पर उतार कर लाये हैं।

आज मोदी की गारंटी सर्व समाज का विश्वास वन गयी है। और यही सर्व समाज का विश्वास हमें चार सौ पार ले जायेगा। उन्होंने विभिन्न दलों से आकर भारतीय जनता पार्टी की रीतियों नीतियों पर विश्वास कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने बालों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सब इस बात का द्योतक है कि देश में हमारी विश्वसनीयता और ज्यादा बढ़ रही है।

समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला उर्फ पप्पू राजा आलापुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश निरंजन, अखिलेश शर्मा, शिवचरन सोनी, राजेन्द्र राजा उर्फ बाबी राजा ने समाजवादी पार्टी छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की एवं बी बी एस पूर्व संयोजक संजय अहिरवार पढ़वां तथा अशोक अहिरवार ने बहुजन समाजवादी पार्टी छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता गृहण की।

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण महासंघ महिला प्रकोष्ठ ने शोभायात्रा में की पुष्पवर्षा

ललितपुर। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त बत्सल श्रीहनुमानजी महाराज की जयन्ती अवसर पर नगर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में जहां एक ओर विभिन्न व्यायामशालाओं के अखाड़े प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहे, तो वहीं शोभायात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं का जगह-जगह स्वागत कर प्रसादी वितरण किया गया। इसके अलावा भगवान के पात्र अभिनय करते हुये विमानों पर सवार पात्रों का पुष्पवर्षा का स्वागत सम्मान किया गया। शोभायात्रा के दौरान राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण महासंघ महिला प्रकोष्ठ (रजि.) के तत्वावधान में स्वागत करते हुये प्रसाद वितरण व पुष्पवर्षा की गयी। इस दौरान अध्यक्ष शक्ति पाठक, अनिता गोस्वामी, रचना रावत, मोनिका शर्मा, आकांशा पुरोहित, ऊषा विदुआ, रितु उपाध्याय, बबीता तिवारी, संगीता गोस्वामी, नेहा पाठक, आरती तिवारी, विनीता नायक, रंजना शुक्ला, निधि दुबे, उवर्शी शर्मा, पूजा तिवारी, संगीता तिवारी, रेनू शर्मा, मधु तिवारी के अलावा अन्य महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं।

हनुमान जन्मोत्सव सनातन एकता का प्रतीक है : सम्राट सिंह

ग्रापए ने किया फल वितरण

ललितपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ठा.सम्राट सिंह की अगुवाई में श्रीहनुमान जी महराज की जयन्ती के अवसर पर शोभायात्रा का फल वितरण करके स्वागत किया गया। इस दौरान क्षत्रिय समाज जिलाध्यक्ष ने हनुमानजी महराज का पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का व्यवस्थापन जिला महामंत्री भीष्म प्रताप सिंह बुंदेला, रामेश्वर पाल, तुलसीराम अहिरवार ने किया। इस दौरान उपाध्यक्ष अभिषेक अनौरा, तहसील अध्यक्ष विवेक जैन, सदस्य संतोष, एस.के.पाल, महेंद्र सिंह चौहान, जयहिंद सिंह, अमित कालरा, आशीष गुप्ता, कृष्णपाल सिंह, विक्रम प्रताप सिंह नाराहट, रवि राजा, गोलू सोलंकी, कुंवर राजबहादुर सिंह, कुंवरजी भाईसाहब, जितेंद्र सिंह परमार, संतोष पाल, हरेन्द्र बुंदेला, राजपाल यादव, ऋषभ दुबे, जितेंद्र सिंह सेरवास, सुरेन्द्र करमरा, मुनिराज त्रिपाठी, प्रमेन्द्र बुंदेला, बृजेंद्र सोलंकी, मंचल, चंचल, धंतु विश्वकर्मा, हरनाम सिंह तोमर, केपी राजा ननौरा, विक्की राजा ननौरा, रविन्द्र राजा आदि उपस्थित रहे। अंत में मंत्री दीपेश राय आभार जताया।

देवगढ़ में लगे घरेलू नलों में बरसों से नहीं आ रहा नियमित पानी

महीनों से नहीं टपकी एक भी बूंद फिर भी हजारों के दे दिए गए नल के बिल

जाखलौन (ललितपुर)। थाना जाखलौन के निकटवर्ती ग्राम देवगढ़ में लगे जल संस्थान झांसी डिविजन ललितपुर के घरेलू नलों में विगत कई वर्षों से नियमित पानी नहीं आ रहा है, जिससे ग्रामीण नल उपभोक्ता पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान होते दिखाई दे रहे हैं। आलम यह है कि गर्मियों का मौसम होने के चलते गांव में लगे हैं हैंडपंपों ने भी पानी छोड़ दिया है और घरेलू नलों में तो पानी आता ही नहीं है ऐसे में ग्रामीण लोगों के समक्ष भारी पेयजल समस्या खड़ी हो गई हैं।

आपको बताते चलें कि देवगढ़ जो कि बेतवा नदी के किनारे पर स्थित है और यहां पर विश्व विख्यात दशावतार मंदिर, जैन मंदिर तथा बुद्ध गुफा, नहर घाटी, राजघाटी और सिद्ध की गुफा, वराह मंदिर आदि स्थान हैं जिन्हें देखने के लिए देशी विदेशी पर्यटकों का आना जाना भी लगा रहता है लेकिन यहां पर पेयजल की विकराल समस्या है जो ग्रामीणों के लिए किसी आपात काल जैसी समस्या से कम नहीं है। ज्ञातव्य हो कि देवगढ़ में ही वेतबा नदी पर पानी की एक मोटर रखी हुई है जिससे ग्रामीण नल उपभोक्ताओं को पेयजल आपूर्ति कराए जाने की व्यवस्था जलसंस्थान की है किंतु देवगढ़ में लगे घरेलू नल बरसों से नहीं आ रहे हैं जबकि इसके संबंध में ग्रामीण उपभोक्ता द्वारा समय-समय पर लगातार उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया जाता रहा है बावजूद इसके इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसका नतीजा है कि ग्रामीण उपभोक्ता पेयजल की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं।

मजे की बात तो यह है कि देवगढ़ में लगे घरेलू नलों में पेयजलापूर्ति बनाने में तो जल संस्थान फिसड्डी साबित हो रहा है किंतु नल का बिल देने में तत्पर दिखाई दे रहा है। क्योंकि ग्रामीण नल उपभोक्ताओं को पानी तो बरसों से नहीं मिला है किंतु पानी का बिल अभी हाल ही के दिनों में नल उपभोक्ताओं को हजारों के उपलब्ध करा दिए गए हैं जिन्हें देखकर नल उपभोक्ताओं के होश उड़ गए हैं और वह गुस्से से लाल पीले होते दिखाई दे रहे हैं और जल संस्थान के अधिकारियो को कोसते हुए नजर आ रहे हैं तथा जिलाधिकारी से मामले की जांच कराने और दोषी जल संस्थान के अधिकारियो व कर्मियों के विरुद्ध कठोर कानून कारवाई किए जाने की मांग कर रहे हैं। देवगढ़ निवासी रूपसिंह यादव ने बताया कि उनके घरेलु नल में बरसों से नियमित पानी नहीं आ रहा है जिसके सम्बंध में उनके द्वारा कई बार शिकायत की गई हैं किन्तु पेयजल समस्या जस की तस बनी हुई है और जल संस्थान विभाग द्वारा बिना पानी दिए ही हजारों का बिल दे दिया गया है। जिससे वह मानसिक रूप से काफ़ी परेशान हो रहे हैं।

सनशाइन क्लब द्वारा प्रसाद वितरण का आयोजन

झांसी। सनशाइन क्लब के अध्यक्ष अमित जैन की अध्यक्षता में हनुमान जयंती के सुअवसर पर बीकेडी चौराहा स्थित हनुमान जी मंदिर पर हनुमान चालीसा गायन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सनशाइन परिवार द्वारा भगवान हनुमान जी की चालीसा का गायन करने के पश्चात सदस्यगणों द्वारा श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों में प्रसाद का वितरण किया गया। धार्मिक कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती वन्दना-नीरज भटनागर जी के द्वारा हनुमान जयंती की महत्ता के बारे विस्तृत रूप से सदस्यगणों को जानकारी दी गई तथा सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रसाद वितरण में अनुराधा गुप्ता, रेखा सरावगी, दीपा यादव, सीमा अग्रवाल, सविता कनोडिया, मधुलता अग्रवाल, साधना अग्रवाल, छाया कंचन, रश्मि लोहिया,संगीता नगरिया एवं नवीन श्रीवास्तव, अशोक सिंघल, वैदेहीशरण सरावगी, संजय यादव, प्रदीप अग्रवाल नग वाले, संजय कनोडिया, त्रिलोकीनाथ अग्रवाल, सुरेन्द्र गुप्ता, मनीष अग्रवाल सपन मोटर्स, राजीव नगरिया, अमित उपाध्याय, आशीष कुमार सोनी, संतोष अग्रवाल, रामकुमार अग्रवाल, अरविंद लोहिया, अवधेश कंचन सहयोग किया। अंत में सनशाइन क्लब के सचिव वीरेंद्र गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

श्वेता को उपहार देकर एवं निकिता के पैर पखारकर डॉ. संदीप ने बहन के रूप में किया विदा

झाँसी। जनपद के ग्वालियर रोड स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी निकिता कुशवाहा एवं जर्मनी हॉस्पिटल निवासी श्वेता अपने परिजनों सहित विवाह में सहयोग के लिए संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंची। जहाँ समिति के संस्थापक डॉ0 संदीप सरावगी द्वारा विस्तार से जानकारी ली गई दोनों बेटियों के परिजनों ने बताया कि दोनों के पिता का देहांत हो चुका है एवं आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है जिससे विवाह में कुछ कमियां सामने आ रही है। परिजनों की बात सुनकर डॉ0 संदीप ने श्वेता को विवाह में उपयोग आने वाले उपहार भेंट किये साथ ही निकिता को जनपद के प्रतिष्ठित ब्यूटी पार्लर कलर्स ब्यूटी पार्लर से साज सज्जा कराने के पश्चात संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में पैर पखारकर विदा किया। डॉ0 संदीप ने कहा समाज सेवा धर्म जाति से परे हैं जब कोई सहयोग के लिए आपके द्वार पर आता है तो उसका सहयोग करना आपका परम कर्तव्य है। संघर्ष सेवा समिति गरीब कन्याओं के विवाह में शुरू से ही सहयोग करती आ रहा है। इसी क्रम में आज दो बहनों को हमने उपहार देकर एवं पैर पखारकर विदा किया है और हम दोनों बहनों के वैवाहिक जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

कक्षा बारहवीं की प्रतिभावान छात्रा ने कोतवाल को जमाने के कोतवाल का चित्र भेंट कर रामराज्य का दिया संदेश

सिद्धि सरकार से तहसील संवाददाता आयुष त्रिपाठी

गुरसरांय। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर महिला शक्ति के रूप में थानाध्यक्ष गुरसरांय संतोष कुमार अवस्थी को कक्षा बारहवीं की प्रतिभावान छात्रा ने 23 अप्रैल को श्री हनुमान जी के प्राकट्य उत्सव पर छात्रा अनुराधा सोनी पुत्री रेनू सुनील सोनी ने अपने हाथ से बनाई हुई श्री हनुमान जी का आकर्षित चित्र और श्री रामचरितमानस (रामायण) भेंट कर एक थानाध्यक्ष को अदभुत शक्ति जहाँ जगाने का इतनी कम उम्र में काम किया है। वही वर्तमान आधुनिक जमाने मे छात्राओं व छात्र के लिए श्री रामचरितमानस और हर रूप में लोगों को उनके कष्टों से मुक्ति दिलाने वाले श्री हनुमान जी कि जो स्वंय बनाई फोटो से इंस्पेक्टर संतोष कुमार अवस्थी को जहां सम्मानित करने का काम किया है वही पुलिस विभाग में कोतवाल का जो पद नाम है। वही नाम श्री हनुमान जी का भी कोतवाल के रूप में भी जाना जाता हैं कि श्री हनुमान जी और श्रीरामचरितमानस अपने में कैसे पुलिस विभाग से लेकर प्रशासनिक और आम और खास के बीच पूरी तरह दूरी दूर होकर एक राम राज्य की वास्तविक स्थापना पुनजीवित हो सकती है इस बिटिया अनुराधा सोनी का भाव अपने मे जब थानाध्यक्ष को सम्मानित किया।

डॉ. संदीप के मुख्य आतिथ्य में हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड रामायण पाठ एवं भंडारे का आयोजन

धर्म और संस्कारों से शिक्षित होकर ही मनुष्य कर सकता है जीवन का उद्देश्य पूर्ण: डॉ0 संदीप

झाँसी। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर रेलवे स्टेशन ऑटो यूनियन के तत्वाधान में दो दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन रेलवे स्टेशन मेन गेट के समक्ष स्थित हनुमान मंदिर परिसर में किया गया। प्रथम दिन अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होकर द्वितीय दिवस पर समापन हुआ साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ऑटो यूनियन द्वारा विगत 7 वर्षों से प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत

किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा अखण्ड रामायण पाठ का वाचन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉक्टर संदीप ने कहा सनातन धर्म में जिन देवी देवताओं को सर्वोपरि माना जाता है उन्हीं में से एक सभी के आराध्य अतुलित बलशाली पवन पुत्र हनुमान हैं। प्रत्येक वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को सभी सनातनी हनुमान जन्मोत्सव मानते हैं। पवन पुत्र हनुमान को चिरंजीवी माना गया है इसीलिए उनके जन्मदिवस को हम जयंती के स्थान पर जन्मोत्सव के रूप में आयोजित किया जाता है। वर्तमान सरकार के प्रयासों से हमारे देश में मंदिरों और सांस्कृतिक क्षेत्रों का जीर्णोद्धार दृश्त गति से चल रहा है जिससे देश की जनता संस्कृत तो हो ही रही है साथ ही आध्यात्मिकता की ओर भी बढ़ रही है।

हमारे जीवन में आध्यात्म का विशेष महत्व है आध्यात्म से व्यक्ति विशेष में मानवीय गुणों और संस्कारों का संवहन होता है जिससे मानव अपने जीवन के उद्देश्य को परिलक्षित कर सकता है। हमें अपने अनुजों और वंशजों को भी अपने धर्म, धार्मिक ग्रंथो और संस्कारों से शिक्षित और दीक्षित करना चाहिये। मैं इस मंच से जनपदवासियों और समस्त देशवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ। इस अवसर पर राम स्वरूप, अमित कुमार चौधरी, सुरेश कुमार साहू, जे.पी. महाराज, कमलेश कुशवाहा, सूरज रायकवार, महेश साहू, अजय नगरा, सुमित, बबलू खटीक, राहुल, रज्जन, विक्रम सिंह यादव एवं संघर्ष सेवा समिति से कमल मेहता, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार, आशीष विश्वकर्मा, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, राजू सेन, बसंत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी ने देखी कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया की तैयारियां

झांसी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने झाँसी-ललितपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत झांसी कलेक्ट्रेट में 26 अप्रैल से होने वाले नामांकन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में होने वाले नामांकन के अंतर्गत बेरीकेटिंग का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि बेरीकेटिंग मजबूत हो ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन हेतु कलेक्ट्रेट में आने का रूट प्लान पर भी चर्चा की और निर्देश दिए कि किसी भी दशा में आवागमन बाधित ना हो।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरस~ अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नामांकन हेतु आने वाले प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार ही नामांकन दाखिल करने हेतु जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए। प्रत्याशियों को आयोग द्वारा अनुमन्य वाहनों एवं प्रस्तावक के संबंध में पूर्व से ही अवगत करा दिया जाए ताकि भीड़भाड़ से बचा जा सके। नामांकन प्रक्रिया के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे 24म7 क्रियाशील रहेंगे, ताकि छोटी सी छोटी घटना को भी देखा जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं कलेक्ट्रेट के सभी सीसीटीवी कैमरे की पोजीशन को मॉनिटर में देखा और संतोष व्यक्त किया।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव मैं बीटेक, बीसीए एवं एमसीए के 21 छात्रों को मिला रोजगार

झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में देश की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनि टैक्सट्रॉन टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. का प्लेसमेंट का आयोजन किया गया।

समन्वयक डा संदीप अग्रवाल ने बताया की टैक्सट्रॉन टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. कंपनी एम्बेडेड एप्लीकेशन डेवलपमेंट और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी पूरे भारत में औद्योगिक ग्राहकों को समाधान प्रदान करती है।

प्लेसमेंट ड्राइव बी.टेक, बीसीए और एमसीए के छात्रों के कुल 95 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से लिखित परीक्षा एवं इंटरव्यू के बाद 21 छात्रों को चयनित किया गया है। इनमें से 13 छात्रों को ट्रेनी इंजीनियर और 9 छात्रों को नेटवर्क ट्रेनी इंजीनियर के पद पर चयनित किया गया है। साथ ही 5 छात्रों को इंटर्नशिप का भी अवसर मिला।

इस कार्यक्रम मैं कंपनी के राष्ट्रीय प्रमुख श्री लोकेश कुमार सिंह और हेड ऑपरेशन श्री तुमुल जायसवाल उपास्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में कंपनी के प्रतिनिधियों ने छात्रों को विभिन्न पदों, वेतन पैकेज, कार्य समय और अन्य शर्तों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रो एम एम सिंह ने इस प्लेसमेंट ड्राइव मै चयनित छात्रों को बधाई दी। उन्होंने ड्राइव में भाग लेने वाले छात्रों की सराहना की और उन्हें अपने शब्दों से प्रोत्साहित और प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर संजय सिंह सेंगर, अंकित सिंह राठौर,संजय कुमार निषाद, प्रज्ञा सुमन मौजूद रहे।

रेल यात्री सुरक्षा जागरुकता अभियान एवं संगोष्ठी का आयोजन

झांसी! वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर सीमा तिवारी स्टेशन डायरेक्टर के मुख्य आतिथ्य, ए के सिंह स्टेशन प्रबन्धक, एवं रविन्द्र कुमार कौशिक प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ के विशिष्ट आतिथ्य में यात्री जागरूकता अभियान आयोजित किया गया उक्त अवसर पर आरपीएफ मित्र योजना समिति के पं. सियाराम शरण चतुर्वेदी, आनन्द कुमार सक्सेना, राशिद पठान लतेश शर्मा, राम आसरे गुप्ता, अनिल मौर्य, जुगल किशोर कुशवाहा संदीप साहू, अजय अनुगामी, आदि द्वारा प्लेटफार्म पर यात्रियों को पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया तथा अवगत कराया कि यात्रा के दौरान आभूषण पहनकर, मोबाइल हाथ में लेकर खिड़कियों / दरवाजों के पास न बैठे और न ही मोबाइल सम्बन्धी जानकारी साझा करें, रात्रि में सोते समय खिड़?की दरवाजे बन्द रखें, यात्रा के दौरान धूम्रपान एवं मद्यपान न करें, लगेज आदि को सीट के नीचे कड़े से चैन द्वारा बांध कर रखें, संदिग्ध दिख?ने वाली लावारिस वस्तुओं को न छुयें, तथा इसकी सूचना आर.पी.एफ./ जी.आर.पी.एफ. को दें। किसी अन्जान व्यक्ति की दी हुई किसी भी वस्तु को ग्रहण न करें उसमें जहर हो सकता। केवल अधिकृत वेंडरों से ही खाने-पीने की चीजें खरीदें। स्टेशन परिसर सफाई पर ध्यान दे, ट्रेन के शौचालयों को स्वच्छ रखें उसमें पानी बोतल या कोई वस्तु न डालें अन्यथा वह चौक हो जायेगा। किसी भी समस्या एवं मदद हेतु मुख्य हेल्पलाइन नं. 139 महिला हेल्पलाइन नं. 1098, रेल सुरक्षा बल झाँसी स्टेशन नं.9794838706 पर सम्पर्क करें कार्यक्रम के पूर्व आयोजित गोष्ठी के दौरान लायन्स क्लब झांसी किंग्स के चार्टर अध्यक्ष लायन आनन्द कुमार सक्सेना एवं सियाराम शरण चतुर्वेदी ने अतिथिगणों सुश्री सीमा तिवारी, ए के सिंह एवं रविन्द्र कुमार कौशिक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

हनुमान जयंती की शोभायात्रा में उमड़ा जन सैलाब, बबीना में दिन भर रहा भक्ति का माहौल

बबीना-झांसी (उत्तर प्रदेश)। मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर झांसी के बबीना कस्बे में सुबह से लेकर रात तक धर्ममय वातावरण रहा। जहां एक तरफ मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए तो वहीं दूसरी ओर शोभा यात्रा निकाली गई।

आपको बता दें कि मंगलवार को सर्व समाज के सहयोग से बबीना कस्बे के श्री गणेश मंदिर से शाम के समय विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ ढोल, बाजो और डीजे के साथ किया गया। शोभा यात्रा ने संपूर्ण नगर का भ्रमण किया। जिसका भक्तों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान शोभा यात्रा में शामिल लोगों को शर्बत और प्रसाद वितरित किया गया।

शोभा यात्रा श्री गणेश मंदिर से शुरू होकर पीएनबी तिराहे पर

पहुंची। इसके बाद शोभा यात्रा रेलवे स्टेशन रोड पर मुड़ गई। बाद में वापसी पर शोभा यात्रा डाक बंगला बबीना तक पहुंची। इसके उपरांत श्री गणेश मंदिर पहुंचकर शोभा यात्रा का समापन किया गया। जहां राम एवं हनुमान भक्तों द्वारा बजरंगबली की आरती उतारी गई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पलविंदर सिंह नंदा, , भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य रितु टंडन ठेकेदार, जिला महामंत्री मनोज साहू ठेकेदार, संजय राय पहलवान आबकारी ठेकेदार, बबीना रुलर प्रधान दीनदयाल पहलवान, भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सोनल जैन, अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन बबीना आशीष जैन कल्लन, भाजपा के ललित साहू, सोनू नामदेव, गौ रक्षा के देवेंद्र तिवारी, बृजेंद्र पाठक आदि समेत सैकड़ो लोगों का विशेष योगदान रहा।

ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत गोवंश आश्रय स्थलों में स्थापित मूलभूत सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने हेतु मंडलायुक्त ने किया गौशालाओं का औचक निरीक्षण

गौशालाओं में विद्युत एवं जल आपूर्ति की व्यवस्था समय से पूर्ण की जाए : मंडलायुक्त झांसी

झांसी। मंडलायुक्त झांसी बिमल कुमार दुबे द्वारा निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु स्थापित गौ आश्रय स्थलों में ग्रीष्म ऋतु एवं लू-प्रकोप के दृष्टिगत गौशालाओं में मूलभूत आवश्यक सुविधाओं की उपलब्ध हेतु विकासखंड बड़ागांव स्थित गोवंश आश्रय स्थल बचावली, गोरामछया एवं चिरगांव का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में आयुक्त महोदय द्वारा सर्वप्रथम विकासखंड बड़ागांव स्थित गोवंश आश्रय स्थल बचावली का निरीक्षण किया गया। यहां पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री विजय यादव ने बताया कि इस गौशाला में कुल 256 गौवंश संरक्षित है, जिसके भरण पोषण हेतु 200 कुंतल भूसा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि गोवंश को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के साथ दिन में 03 से 04 बार भूसे में हरा चारा मिलकर भोजन के रूप में दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित पाए गए। यहां पर आयुक्त महोदय ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश

दिए की पशुओं के गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार की जाए, जिससे गोवंश के गोबर का व्यवस्थित तरीके से निस्तारण पूर्ण हो सके। आयुक्त महोदय ने कहा कि गौ आश्रय स्थलों में स्थापित टीन शेड के चारों तरफ टाट की बोरियां लगाकर इन्हें पानी से नम रखा जाए, जिससे इन टीन शेड को ठंडा रखा जा सके एवं संरक्षित गौवंश को धूप से राहत मिल सके।

इसके उपरांत आयुक्त महोदय द्वारा गौवंश आश्रय स्थल गोरामछया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में संबंधित अधिकारी ने बताया कि इस गौशाला में कुल 105 गोवंश संरक्षित है तथा इनके भरण-पोषण हेतु 100 कुंतल भूसा उपलब्ध है। यहां पर आयुक्त महोदय द्वारा भूसे की उपलब्धता संबंधी स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण हेतु गौशालाओं में भूसा, पानी, हरा चारा, दाना इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, साथ ही गर्मी से बचाव हेतु गौशाला में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखी जाए।

गोवंश को धूप एवं गर्मी से बचाने के लिए पर्याप्त छाया की व्यवस्था की जाए तथा गौवंश को गर्म हवाओं के प्रकोप से सुरक्षित रखने के लिए टीन शेड को चारों ओर से ढककर रखा जाए। गोवंश को पीने के लिए स्वच्छ एवं ताजा पानी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी समय से गौशालाओं में उपस्थित रहकर बीमार तथा अशक्त गोवंशों को छाया युक्त सुरक्षित स्थान पर रखकर गुणवत्तापरक उपचार प्रदान करें।

इसके पश्चात आयुक्त महोदय द्वारा गौवंश आश्रय स्थल चिरगांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने गोवंश के रखरखाव हेतु स्थापित तीन शेड की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के समय गौ आश्रय स्थलों में स्थापित टीन शेड के चारों तरफ पीपल, पाकड़ एवं बरगद जैसे छायादार वृक्षों का रोपण किया जाए। गौशालाओं में विद्युत एवं जल आपूर्ति की व्यवस्था समय से पूर्ण की जाए।

निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी चिरगांव, चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरगांव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

महरौनी में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने किया बूथ अध्यक्षों को संबोधित

बूथ अध्यक्ष हमारी पार्टी का सबसे मज़बूत सिपाही: अनुराग शर्मा

झांसी। भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्येक लोकसभा सीट पर अपने कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों के साथ सम्मेलनों के माध्यमों से बैठकों सिलसिला बहुत ही तेजी के साथ जारी कर दिया है, पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए बहुत उत्साहित है, और प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपने बूथ को विजय बनाने के लिए संकल्पित है, इसी संदर्भ में आज भारतीय जनता पार्टी ललितपुर द्वारा महौरनी में ‘बूथ सम्मेलन÷ का आयोजन किया गया जिसमें भारी से भारी संख्या में बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक ,सेक्टर प्रभारी एवं विभिन्न कार्यकर्ता सम्मिलित हुए ,जिसमे भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा एवं भाजपा ज़िला प्रभारी सुरेश अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए अनुराग शर्मा ने कहा- चुनाव के विजय की आत्मा बूथ की विजय होने में है, जब तक हम बूथ नहीं जीतेंगे तब तक चुनाव तो हम जीत ही नहीं सकते। इसलिए हर बूथ अध्यक्ष का लक्ष्य अपने पोलिंग बूथ पर विजय प्राप्त करने का होना चाहिए ,एक बूथ कार्यकर्ता के लिए अपने आस-पास के घटनाक्रम के बारे में जागरूक रहना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह भाजपा और मोदी का %चेहरा% है। हमें बूथ स्तर पर उचित और सर्वोत्तम तैयारी सुनिश्चित करनी होगी, ताकि हम प्रत्येक बूथ पर रिकॉर्ड जीत दर्ज कर सकें।

जो हमारे उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता जानते हैं, उसे राजनीति के बड़े-बड़े दिग्गज भी भांप नहीं पाते। लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, हर चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत से नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर मुझे तो प्रसन्नता होती है, लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका ये जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं।

बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जो लोग पहले से ही भारतीय जनता पार्टी के समर्थक और मतदाता हैं, उन्हें प्रचारक बनना चाहिए। हमें एकता और ऊर्जा के साथ काम करना चाहिए। प्रचारकों के समर्पित प्रयास निश्चित रूप से अद्भुत परिणाम दे सकते हैं।

भाजपा ज़िला प्रभारी बोले -मेरे बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण से भाजपा 2024 में जीत हैट्रिक लगाने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय और ऊर्जावान बूथ अध्यक्षों के साथ संवाद कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हू ,मैं कार्यकर्ताओं से भी आग्रह करूंगा कि तपती गर्मी में अपने स्वास्थ्य की चिंता जरूर करें। जब ऐसी गर्मी में काम करते हैं, तो पानी जरूर पीना है। भाजपा कार्यकर्ता अपने स्वास्थ्य को जितना संभालेंगे, मेहनत करना उतना ही सुविधाजनक रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश अवस्थी , जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन,, राज्य मंत्री मनोहर लाल पंत ,लोकसभा प्रभारी नागेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, प्रदीप चौबे, गंधर्व सिंह लोधी, अरुण सिंह ,हरिराम निरंजन ,कुलदीप जी , धर्मेन्द्र गोस्वामी जी ,बसन्ती लहरिया ,कृष्णा सिंह ,सहित जिले के अन्य वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी ,विधानसभा संयोजक/प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष/प्रभारी, सेक्टर संयोजक बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे...

ऑफिस में आपकी इमेज खराब कर देंगी ये आदतें

आप ऑफिस में अपना काम तो कम लगाकर करते हैं और आपका काम भी बहुत अच्छा है, लेकिन अगर आपने ये पांच गलतियां की तो सारी मेहनत धरी की धरी रह जाएगी। आपकी कुछ आदतें ऑफिस में आपको बदनाम कर सकती है, अब भले ही आपका काम अच्छा क्यों न हों। आइए जानते हैं ऐसी कौन सी 5 आदतें हैं जिन्हें सुधारना जरूरी है:

- क्या आप उनमें से हैं जो ऑफिस का डेकोरम मेनटेन नहीं रखते। सबसे पहले आप अपने आने का समय चेक कीजिए। क्या आप रोजाना लेट पहुंचते हैं? आपकी यह लेटलतीफी आपकी इमेज को नुकसान पहुंचा सकती है।
- आपने यह बात नोटिस की है कि आप इधर की बातें उधर करते हैं। अगर हां, तो तुरंत ही गॉसिपिंग की आदत छोड़ दें। अगर आप एक सहकर्मी की बुराई दूसरे सहकर्मी के सामने करेंगे तो इससे नेगेटिव इमेज पेश होगी। वहीं ऑफिस का माहौल बिगाड़ने का दोष भी आपके सर पर होगा।
- आपने इस बात को शायद ही सोचा होगा लेकिन ऑफिस में भी आपकी साफ-सफाई की आदतें नोटिस की जाती है। अगर आप अपनी डेस्क अस्त-व्यस्त और साफ नहीं होगी तो दूसरे आपसे कतराएंगे।
- कहीं भी, कुछ भी कहने की आदत आपमें तो नहीं? आपकी बोली में कहीं रूखापन तो नहीं? अगर ऐसा है तो आपको अपने एटिट्यूड को बदलना होगा। आपको सीनियर हो या जूनियर सभी से ऑफिस में विनम्रता से बात करनी चाहिए।
- अगर आप ऑफिस के फोन या फिर अपने मोबाइल पर तेज आवाज में बात करते हैं या फिर आपके मोबाइल की रिंगटोन काफी तेज है तो यह आपके आस-पास बैठे सभी लोगों को डिस्ट्रैक्ट और इरिटेट कर सकता है।



जब बात प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की होती है, तो विद्यार्थियों के सामने एक दुविधा यह पेश आती है कि वे किसी कोचिंग इंस्टीट्यूट से पढ़ाई करें या फिर ऑनलाइन कोचिंग का सहारा लें। स्थिति इस बात से और जटिल हो जाती है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने का कोई एक रास्ता ही नहीं होता। जहां कुछ युवा कोचिंग इंस्टीट्यूट्स में पढ़कर परीक्षा क्रैक कर देते हैं, वहीं कुछ अन्य युवा ऑनलाइन पढ़ाई करके सफलता पा लेते हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग इंस्टीट्यूट से पढ़ें या लें ऑनलाइन कोचिंग

किसी भी प्रतियोगी परीक्षा को क्रैक करना आसान नहीं होता। इसमें गंभीरता से तैयारी करने और पढ़ाई के प्रति प्रतिबद्ध रहने की जरूरत होती है। फिर चाहे वह बैंकिंग की परीक्षा हो, एसएससी सीजीएल परीक्षा हो या फिर आईएएस/ पीएससी परीक्षाएं हों। जब बात प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की होती है, तो विद्यार्थियों के सामने एक दुविधा यह पेश आती है कि वे किसी कोचिंग इंस्टीट्यूट से पढ़ाई करें या फिर ऑनलाइन कोचिंग का सहारा लें। स्थिति इस बात से और जटिल हो जाती है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने का कोई एक रास्ता ही नहीं होता। जहां कुछ युवा कोचिंग इंस्टीट्यूट्स में पढ़कर परीक्षा क्रैक कर देते हैं, वहीं कुछ अन्य युवा ऑनलाइन पढ़ाई करके सफलता पा लेते हैं। ऐसे में यह हर परीक्षार्थी पर निर्भर करता है कि वह अपने लिए कौन-सा रास्ता चुनता है। कोचिंग इंस्टीट्यूट और ऑनलाइन पढ़ाई दोनों के ही सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्ष हैं। आपको चाहिए कि आप इन दोनों पक्षों को तौलकर फैसला करें कि आपके लिए कौन-सा रास्ता मुफीद रहेगा। तो चलिए, इन दोनों ही रास्तों के सकारात्मक और नकारात्मक पक्षों पर नजर दौड़ाते हैं।

कोचिंग इंस्टीट्यूट्स

परंपरागत तौर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने में कोचिंग इंस्टीट्यूट्स अग्रणी रहे हैं। यहां तक कि कोचिंग उद्योग अपने आप में एक बेहद सफल और कमाऊ उद्योग बन गया है। बड़े से लेकर छोटे शहरों तक में कोचिंग संस्थानों की बहार है। जहां कई विद्यार्थी इन संस्थानों की कोचिंग का लाभ लेकर विभिन्न परीक्षाओं में टॉप करते आए हैं, वहीं ऐसे भी विद्यार्थी हैं, जिन्होंने कोचिंग इंस्टीट्यूट्स पर भारी खर्च किया मगर नतीजा सिफर ही रहा।

मार्गदर्शन

किसी कोचिंग इंस्टीट्यूट में जाने का सबसे बड़ा फायदा यही है कि वहां आपको शिक्षकों का मार्गदर्शन और मेंटरशिप मिलती है। इन संस्थानों में नियुक्त किए जाने वाले शिक्षकों के पास प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी व्यापक अनुभव और ज्ञान होता है। इसलिए वे विद्यार्थियों के हुनर को मांजकर और उनकी कमजोरियों को ताकत में बदलकर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सही राह दिखाने में सक्षम होते हैं।

स्टडी मटेरियल

कोचिंग क्लासेज में पैकेज के तहत जो स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जाता है, वह विशेषज्ञों द्वारा एग्जाम पैटर्न और संपूर्ण सिलेबस के गहराई से अध्ययन के बाद तैयार किया जाता है। इसलिए इस मटेरियल में परीक्षा में महत्व के अनुसार टॉपिक्स कवर किए जाने की अधिक संभावना रहती है।

टाइम मैनेजमेंट, अनुशासन

जो उम्मीदवार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अभी नए हैं, उनके लिए समय प्रबंधन करना और पढ़ाई के मामले में अनुशासन का पालन करना जरा कठिन होता है। फिर यह भी है कि कई युवा अपनी अकादमिक पढ़ाई के साथ-साथ या फिर जॉब के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे युवा यदि कोचिंग इंस्टीट्यूट जॉइन करते हैं, तो यह सुनिश्चित हो जाता है कि वे अपनी तैयारी के लिए एक निश्चित समय और प्रयास हर हाल में देते ही हैं।

ऑनलाइन तैयारी के फायदे

ऑनलाइन पढ़ाई का सबसे बड़ा फायदा यही होता है कि यह उम्मीदवारों में सेल्फ स्टडी को बढ़ावा देती है। कई जानकार मानते हैं कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सेल्फ स्टडी ही श्रेष्ठ होती है। इससे परीक्षार्थी अपनी सुविधा और जरूरत के अनुसार तैयारी की रणनीति बनाता है। साथ ही एक फायदा यह है कि इससे हर परीक्षार्थी अपनी ताकत और कमजोरी को अच्छी तरह पहचान पाता है।

जहां तक स्टडी मटेरियल का सवाल है, ऑनलाइन जगत में इसकी कोई कमी नहीं है। यहां आपको कोचिंग इंस्टीट्यूट्स तथा स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया बेहतरीन स्टडी मटेरियल मिल जाएगा। यही नहीं, यह मटेरियल अलग-अलग फॉर्मेट में उपलब्ध होता है, जिससे परीक्षार्थी के पास अपनी जरूरत के मुताबिक चुनने के लिए विकल्प रहते हैं। ऑनलाइन तैयारी का एक और फायदा होता है इसका किफायती होना। कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के मुकाबले ऑनलाइन शिक्षा संसाधन कहीं कम दामों पर उपलब्ध होते हैं। कुछ संसाधन तो निशुल्क उपलब्ध होते हैं। यही नहीं, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आपके पास यह विकल्प भी होता है कि आप चाहें, तो केवल उतना ही स्टडी मटेरियल, क्वेश्चन पेपर, ऑनलाइन वीडियो आदि खरीदें, जितने की आपको जरूरत है। इस प्रकार भी आपके पैसे की बचत हो सकती है।

कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के नुकसान

कमतर शिक्षण स्तर

कोचिंग इंसटीट्यूट्स की अक्सर इस बात के लिए आलोचना की जाती है कि इनमें से कई में शिक्षण का स्तर कमतर होता है। कई कोचिंग संस्थान ऐसे लोगों को अपने यहां पढ़ाने के लिए रख लेते हैं, जो स्वयं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल नहीं हो पाए। ऐसे लोगों के पास भले ही प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी जानकारी और अनुभव हो पर यह कतई जरूरी नहीं कि वे अच्छे शिक्षक भी होंगे। सही टीचिंग तकनीक भी जरूरी होती है।

स्टडी मटेरियल की गुणवत्ता

कोचिंग इंस्टीट्यूट्स का स्टडी मटेरियल परीक्षा के पैटर्न के लिहाज से प्रभावी तो होता है मगर अक्सर कोचिंग संस्थान जो मटेरियल प्रदान करते हैं, वह कालातीत (आउटडेटेड) और परंपरावादी होता है। इधर प्रतियोगी परीक्षाएं साल-दर-साल अधिक कठिन होती जा रही हैं और इनके पैटर्न में बार-बार परिवर्तन हो रहे हैं। ऐसे में पुराने ट्रैंड के अनुसार तैयार किया गया स्टडी मटेरियल परीक्षार्थियों के किसी काम का नहीं रहता।

व्यक्तिगत ध्यान नहीं

कोचिंग संस्थान तगड़ी फीस तो लेते हैं मगर वे क्लासरूम फॉर्मेट में ही काम करते हैं। एक क्लास में जितने अधक विद्यार्थी हों, संस्थान का उतना ही लाभ होता है। ऐसे में कई संस्थान एक-एक क्लास में ढेरों विद्यार्थियों को ट्यूंस देते हैं। इस कारण विद्यार्थियों की ओर व्यक्तिगत ध्यान देना संभव नहीं रहता।

ऑनलाइन तैयारी

ऑनलाइन एजुकेशन कोचिंग की परंपरा के मुकाबले काफी नया है। आज लिखित स्टडी मटेरियल और ऑडियो-वीडियो संसाधन दोनों ही के रूप में विभिन्ना परीक्षाओं की तैयारी के लिए भरपूर सहायता ऑनलाइन उपलब्ध है। यही कारण है कि ऐसे युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी ऑनलाइन करना पसंद करते हैं।

ऑनलाइन तैयारी के नुकसान

सीमित पहुंच

ऑनलाइन तैयारी की सबसे बड़ी खामी है इसकी सीमित पहुंच। काफी विस्तार के बावजूद आज भी हमारे देश के कई दूर-दराज हिस्सों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। जहां है, वहां भी अक्सर नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। ऐसे में दूर- दराज के छोटे शहरों व गांवों में रहने वाले युवाओं के लिए तो यह पढ़ाई का विश्वसनीय स्रोत नहीं हो सकता।

मेंटरशिप का अभाव

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आपको बेहतरीन स्टडी मटेरियल तो मिल सकता है लेकिन यहां मेंटरशिप की कमी बहुत खलती है। किसी ट्यूटर की ओर से व्यक्तिगत ध्यान न मिल पाने के कारण उम्मीदवार अक्सर किसी क्लिष्ट कॉन्सेप्ट को लेकर भ्रमित नजर आते हैं। अपने डाउट क्लियर करने के लिए उनके पास कोई नहीं होता। ऑनलाइन तैयारी में आपको अनुभवी ट्यूटर्स के अनुभव का लाभ नहीं मिल पाता।

जानकारी की बाढ़

इंटरनेट पर दुनिया भर का ज्ञान उपलब्ध है मगर कभी-कभी इसकी यही खासियत इसकी खामी बन जाती है। जब आप यहां कोई खास जानकारी तलाशते हैं, तो आपके पास जरूरी के साथ-साथ बहुत-सी गैर-जरूरी जानकारी की बाढ़ आ जाती है। जानकारी की यह अति परीक्षा की तैयारी में बाधा ही डालती है, जबकि आपको फोकस्ड पढ़ाई करने की जरूरत होती है।

अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं।

करें गेम डिजाइनिंग का कोर्स कॅरियर ग्रोथ के साथ मिलेगा लाखों का पैकेज

अगर आप भी 12वीं के बाद किसी ऐसे कोर्स की तलाश में हैं, जहां पर आपके कॅरियर ग्रोथ के साथ अच्छा पैसा कमा सकें। तो बता दें कि आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहतरीन कॅरियर आप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गेमिंग इंडस्ट्री के बारे में जरूरी जानकारी देने जा रहे हैं।

बता दें कि इस फील्ड में आने के बाद आपको किस तरह का कॅरियर ग्रोथ मिलेगा। इस फील्ड में आने के लिए क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है, इन सारे सवालों के जवाब आपको इस आर्टिकल में मिलेंगे। ऐसे में अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। वर्तमान समय की बात करें तो देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा लोग फूल टाइम वर्क कर रहे हैं। जिसमें से 30 फीसदी लोग प्रोग्रामर और डेवलपर के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह फील्ड 20-30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करेगा। वहीं इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं।

गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के कैरेक्टर्स, गेम के लेवल के अलावा तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर उसे इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। वहीं गेम राइटर डायग्राम आदि बनाकर उसके अलग-अलग वर्जन को तैयार करते हैं। गेम डिजाइनर को टेक्निकल नॉलेज होने के साथ ही सोच में क्रिएटिविटी भी होनी चाहिए। गेम तैयार करने के लिए उसकी डिजाइन, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल की टीम एक साथ वर्क करती है।

क्वालिफिकेशन

- छात्र ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना जरूरी होता है।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश भाषा पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- इस फील्ड में आप गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, आर्ट, एनिमेशन, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर ग्राफिक्स, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स कर सकते हैं।

जरूरी स्किल्स

- गेमिंग फील्ड में कॅरियर बनाने वाले स्टूडेंट्स के पास कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस फील्ड में 2 डी गेम डेवलपर्स, 3 डी गेम डेवलपर्स और जावा आदि में अपार संभावनाएं हैं।
- इस फील्ड में डिजाइनिंग के साथ 2डी सॉफ्टवेयर और 3डी मॉड्यूलिंग की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए युवाओं के पास साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

जॉब प्रोफाइल

इस फील्ड में युवा एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, मैनेजर्स, कास्टर्स, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर अपना कॅरियर बना सकते हैं।

सैलरी

इस क्षेत्र में अपना कॅरियर शुरू करने पर आपको 3 से 5 लाख रुपये सालाना की नौकरी आसानी से मिल जाती है। वहीं एक्सपीरियंस बढ़ने पर सालाना 13 से 15 लाख तक का भी पैकेज उठा सकते हैं। बता दें कि गेम प्रोड्यूसर इस फील्ड में सालाना 10 लाख रुपए तक कमा रहे हैं।

संपादकीय

वफ़ा की है उम्मीद ?

वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा ? तो शायद ही इसके जवाब में कोई हाँ कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। और अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतय: अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्राय: सम्प्रदायवादी, जातिवादी, क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्राय: इसी श्रेणी में गिने जा।अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की ग़रज़ से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है। और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी, स्वार्थी, चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी , जातिवादी, मक्कार, झूठे, बेईमान, दलबदलू, अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एम एल ए से ही रू का फुल फ़ार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे। जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मक़सद ही धनार्जन, स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो ज़ाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज़ कोई महत्व रखती। ऐसे ज़मीर फ़रोशों और मौक़ा परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके वैचारिक धर्म परिवर्तन या दलबदल के बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भाँती वाक़िफ़ होते हैं जहाँ वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की ग़रज़ से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेटे हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर दलबदलू होने का ठप्पा भी लग चुका है।

आज का राशिफल

मेष राशि: आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राज नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं।

वृष राशि: आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। आज आपको रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं।

मिथुन राशि: आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों के द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है।

कर्क राशि: आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपने से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें।

सिंह राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर सोच विचार में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छायें जागृत होंगी।

कन्या राशि: आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर घूमने कस प्लान बन सकता है।

तुला राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नए प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। इस राशि के बेरोजगार लोगों को रोजगार के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

धनु राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं।

मकर राशि: आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज पारिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी।

कुंभ राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। निवेश लाभदायक सिद्ध होगा। आज आपकी कोशिशें पूरी हो सकती हैं। आप नए लोगों से संपर्क कर सकते हैं।

मीन राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी बड़े मामले पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। ऑफिस में रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे।

आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलेंगे। पैसों के लेन-देन में थोड़ा सतर्क रहें। पहाले से चल रहे कार्य शीघ्र ही पूरे हो जायेंगे। मन में उठती कल्पना की लहरें आपको ऊचाईयों पर ले जाएगी।

गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें

कार्यस्थल पर कोई भी निर्णय लेते समय देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों के समूह से मुलाकात के दौरान कहा। आर्थिक संकेतक प्रगति के उपयोगी मापदंड माने जाते हैं, इसलिए सरकारी नीतियों को प्रभावी और उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका को उन्होंने बहुत उपयोगी बताया। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में उन्हें आने वाले समय में अपनी क्षमताओं को पूरी तरह विकसित कर उनका उपयोग करने के असंख्य अवसर मिलेंगे। कार्यस्थल पर नीतिगत सुझाव देते समय या निर्णय लेते हुए देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही संसाधन वितरण प्रणाली और योजनाओं के मूल्यांकन के लिए उचित सलाह प्रदान करने की बात भी उन्होंने की। 2022-2023 के बैच के आईईएस अधिकारियों में 60त्न महिलाओं के होने की बात की और इससे महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का आग्रह भी किया। ऐसे दौर में जब आर्थिक विसंगतियां बढ़ती जा रही हैं, राष्ट्रपति द्वारा अधिकारियों को यह सलाह देना देशवासियों के प्रति उनके मानवतावादी रवैये का द्योतक है। गरीबों और जरूरतमंदों के लिए बनाई गई सरकारी नीतियां जब तक प्रभावी नहीं होंगी, तब तक उनका लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचना मुश्किल है। देखने में आता है कि सरकारें योजनाएं बना कर उन्हें बिसरा देती हैं। उच्चाधिकारियों के हाथ में है कि वे इनका क्रियान्वयन सुबीते से करें। निस्संदेह इस तरह की नौकरियों में देश के हर वर्ग और हर प्रांत के अधिकारियों का चयन होता है, इसलिए उन्हें बुनियादी समस्याओं और संकटों का भान होता है। स्वयं राष्ट्रपति ऐसे समुदाय और वर्ग से निकल कर सबसे बड़े पद तक पहुंची हैं कि उन्हें देशवासियों की समस्याओं का न केवल अहसास है, बल्कि गरीबों और महिलाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों को भी उन्होंने करीब से देखा है। किसी भी समाज की प्रगति तभी नजर आती है, जब उसका सर्वांगीण विकास हो रहा हो। कहना न होगा कि आर्थिक असंतुलन ने हमारे संकटों को बढ़ाया है। यह चुनौती है, जिससे निपटना बेहद जरूरी है।

ये पब्लिक है.. सब जानती है

-मुस्ताअली बोहरा

किसान आंदोलन, मंहगाई और बेरोजगारी जैसे मुददों के बाद अब इलेक्टोरल बांड और भ्रष्टाचार का मसला भारतीय जनता पार्टी पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। चुनाव से पहले दिगर दलों के कई ऐसे नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ऐसे में पार्टी नेताओं को जनता के सामने जवाब देना मुश्किल हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार को हथियार बनाकर विपक्ष को आड़े हाथों लिया था अब भाजपा में ही भ्रष्टाचारियों की फौज खड़ी हो गई है लिहाजा ये मुददा उलटा पड़ता दिख रहा है। इसी तरह गैरभाजपाई नेताओं के यहां ईडी के छापे पर छापे पड़ रह थे लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद ईडी भी सुस्त पड़ जाती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सीना ठोकने वाली भाजपा के अतीत में तो तत्कालीन अध्यक्ष बंगारू लक्ष्मण का मामला ताज़ा हो जाता है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष बंगारू लक्ष्मण को सन 2001 तहलका स्टिंग मामले में भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत दोषी पाया गया था। यह मामला कथित हथियार सौदे से संबंधित था। उन्हें चार साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा जिन राज्यों में भाजपा की सरकार थी या है वहां हजारों करोड़ के घोटाले मय सबूत सामने आ चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कुल मिलाकर, भाजपा के पास रामजी के नाम के अलावा कुछ ऐसा नहीं दिख रहा जो 400 पार के नारे को हकीकत में बदल सके। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी आरोप लगा चुके हैं कि चुनावी बॉन्ड के नाम पर घोटाला किया गया है। घाटे वाली कंपनियों ने बीजेपी को सबसे ज्यादा चुनावी चंदा दिया है। इलेक्टोरल बांड के जरिए भाजपा ने 60 अरब से ज्यादा इनकैश किए हैं। संजय सिंह ने कहा था कि 33 कंपनियों को एक लाख करोड़ का घाटा हुआ है लेकिन 450 करोड़ रुपये का चंदा बीजेपी को दिया है। वहीं, एक कंपनी अपने मुनाफे का 93 गुना चंदा दिया। 6 कंपनियों ने बीजेपी को 600 करोड़ का चंदा दिया। 17 कंपनियों ने 0 टैक्स दिया है। 6 कंपनियों ने 600 करोड़ दिए। 1 कंपनी ने अपने मुनाफे से तीन गुना ज्यादा चंदा दिया। 3 कंपनियों ने जीरो टैक्स भरा और करोड़ों का चुनावी दिया। एयरटेल ने 200 करोड़ का चंदा दिया। उसे 77 करोड़ का घाटा हुआ और 8000 करोड़ की टैक्स में छूट मिली। वहीं, 130 करोड़ के घाटे वाली कंपनी को 20 करोड़ की टैक्स में छूट मिली और उसने 25 करोड़ का चंदा बीजेपी को दिया। उन्होंने कहा कि एक कंपनी है धारीवाल, इसने 115 करोड़ का बॉन्ड खरीदा। भाजपा को 25 करोड़ दिए. कंपनी को 299 करोड़ का घाटा हुआ। एक कंपनी ने जीरो टैक्स दिया। 20 करोड़ का बॉन्ड खरीदा, 10 करोड़ बीजेपी को दिए इस कंपनी को 1550 करोड़ का घाटा हुआ था। इसे 4.7 करोड़ टैक्स में छूट मिली। वहीं, शरद रेड्डी की कंपनी ने 15 करोड़ का बॉन्ड खरीदा और बीजेपी को करोड़ों दिए, इस कंपनी को 7 सालों में 28 करोड़ का घाटा हुआ और 7 करोड़ 20 लाख टैक्स छूट मिली। आम आदमी पार्टी के अलावा विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि पिछले 9 साल में ईडी और सीबीआई ने बीजेपी के नेताओं के यहां कोई कार्रवाई नहीं की जबकि कई नेताओं पर पहले केस दर्ज हैं। कुछेक नेताओं पर पहले सीबीआई और ईडी का एक्शन हुआ, लेकिन जैसे ही नेता बीजेपी में शामिल हुए उन पर कार्रवाई रोक दी गई। विपक्ष का आरोप है कि जिन राज्यों में बीजेपी कमजोर है, वहां पर ईडी-सीबीआई और आईटी को एक्टिव किया जाता है। फिर कई नेताओं को डराया जाता है. डर से जो बीजेपी में जाने को तैयार हो जाते हैं, उन पर कार्रवाई नहीं होती है। बतौर उदाहरण, कांग्रेस की तरुण गोगोई सरकार में मंत्री रहे हिमंत बिस्वा शर्मा पर शारदा चिटफंड घोटाले में सीबीआई ने आरोपी बनाया था। सरमा पर आरोप था कि शारदा ग्रुप के डायरेक्टर सुदीप्त सेन से 20 लाख रुपए हर महीने लिए, जिससे ग्रुप का कामकाज बेहतर तरीके से चल सके। सरमा से अंतिम बार सीबीआई ने 27 नवंबर 2014 को पूछताछ की थी। अगस्त 2015 में हिमंत भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद सीबीआई ने हिमंत की फाइल बंद कर दी, हिमंत अभी असम के मुख्यमंत्री हैं। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार में मंत्री रहे शुभेंदु अधिकारी से सीबीआई ने शारदा घोटाले में पूछताछ शुरू की थी। उन पर आरोप था कि शारदा ग्रुप के डायरेक्टर सुदीप्त सेन से फेवर लिया था। शुभेंदु पर बाद में नारदा स्टिंग ऑपरेशन में भी पैसा लेने का आरोप लगा, जिसकी जांच ईडी ने शुरू की। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि शुभेंदु जब टीएमसी में थे, तब जांच एजेंसी उन्हें परेशान कर रही थी, लेकिन जैसे ही बीजेपी में गए तो सारे मामले में उन्हें क्लिन चिट मिलने लगी। 2022 में बंगाल पुलिस ने शुभेंदु के खिलाफ शारदा घोटाले में जांच शुरू की। शुभेंदु वर्तमान में बंगाल विधानसभा में बीजेपी विधायक दल के नेता हैं। पश्चिम बंगाल- आसनसोल के नेता जितेंद्र तिवारी ने वर्ष 2021 में तृणमूल छोड़ बीजेपी का दामन थाम लिया था। उस वक्त मोदी सरकार में मंत्री रहे बाबुल सुप्रीयो ने इसका खुलकर विरोध किया था। कोयला तस्करी के आरोप में घिरे तिवारी के भाजपा में जाने के बाद सीबीआई ने कोई कार्रवाई नहीं की। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव गुट का आरोप है कि नारायण राणे को भी बीजेपी ने वाशिंग मशीन में डालकर पाक-साफ कर दिया है। राणे अभी मोदी कैबिनेट में मंत्री हैं। बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने उन पर आदर्श सोसायटी मामले में हेरफेर का आरोप लगाया था। साल 2012 में सोमैया ने सीबीआई को 1300 पन्नों का एक दस्तावेज भी सौंपा था। साल 2017 में किरीट सोमैया ने ईडी को पत्र लिखकर नारायण राणे की संपत्ति जांच करने की मांग की थी। सन 2019 में नारायण राणे बीजेपी में शामिल हो गए और उन्हें केंद्र में मंत्री बनाया गया। शिवसेना उद्धव गुट का आरोप है कि राणे को लेकर सीबीआई और ईडी ने जांच रोक दी है। दक्षिण भारत के पहले भाजपाई मुख्यमंत्री बने बीएस येदियुरप्पा को तो जेल तक जाना पड़ा। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उनकी गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। येदियुरप्पा को 15 अक्तूबर, 2011 को गिरफ्तार किया गया था। विशेष लोकायुक्त अदालत ने उन्हें सरकारी भूमि को दर्शाने में कथित अनियमितताओं में आरोपी पाया। सीने में दर्द के कारण उन्हें 16 अक्तूबर को अस्पताल भेजा गया। इसके बाद वह 17 तारीख को जेल वापस आ गए और उन्हें उसी शाम दोबारा दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया। 25 दिन जेल में बिताने के बाद वह 8 नवंबर, 2011 को रिहा हो गए। कर्नाटक में बीजेपी लीडर बीएस येदियुरप्पा पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगा था। येदियुरप्पा को इसकी वजह से मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। येदियुरप्पा पर 2011 में 40 करोड़ रुपए लेकर अवैध खनन को शह देने का आरोप लगा था और लोकायुक्त ने उनके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। सन 2013 के चुनाव में येदियुरप्पा अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े, जिससे बीजेपी को नुकसान का सामना करना पड़ा। इसके बाद उनकी की घर वापसी हुई।

संकटों से घिरती दुनिया

डॉ. सुरेन्द्र कु. मिश्र

ईरान-इजराइल युद्ध को लेकर पूरी दुनिया एक बार फिर संकटों से घिरती नजर आ रही है। ईरान ने इजराइल पर अपने ड्रोन और मिसाइलों से प्रतीक्षित पहला प्रत्यक्ष हमला कर दिया है। इजराइल सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी के अनुसार 'ईरान ने 300 से अधिक आत्मघाती ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइलों तथा क्रूज मिसाइलों द्वारा हमला कर दिया है। वास्तव में यह संकटपूर्ण स्थिति है।' इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव में युद्ध की घातक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी कैबिनेट की बैठक बुलाई और कहा, 'हमारी रक्षात्मक प्रणाली जहां तैयार, तैनात और तत्पर है वहीं अब हम रक्षात्मक तथा आक्रमणात्मक, दोनों तरह से किसी भी स्थिति के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं।' वास्तव में यह तनाव और तनातनी उस समय चरम पर जा पहुंची जब इजराइल के 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हवाई हमले से ईरान के एक वरिष्ठ जनरल सहित सेना के सात अधिकारी मारे गए। उसी दिन इजराइल को दंडित करने की घोषणा, ईरान द्वारा सार्वजनिक रूप से कर दी गई थी।

आखिरकार, आशंका हकीकत में बदल गई और ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलों से बौछार शुरू कर दी और कहा कि इजराइल ने हमले की जो पहल की थी, उसी का यह जवाब है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर यदि संयुक्त राष्ट्र के किसी सदस्य के विरु द्ध सशस्त्र हमला होता है, तो वर्तमान चार्टर में कुछ भी व्यक्तिगत या सामूहिक आत्मरक्षा के अन्तर्निहित अधिकार को खराब नहीं करेगा, जब तक कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय नहीं करती। ईरान ने इसका ध्यान रखते हुए 13 दिन बाद आखिरकार, इजराइल की कार्रवाई का बदला लिया। इस बहुउद्देशीय हमले का प्रमुख लक्ष्य इजराइल के एअर डिफेंस सिस्टम को कमजोर करना रहा। ईरान ने इस हमले को 'ऑपरेशन टू प्रॉमिस' नाम दिया और कहा कि यह इजराइल के अपराधों की सजा है। इस घटना से सतर्क इजराइल ने अपने आयरन ड्रोन एयर डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव किए जो अधिकांश हमलों को नाकाम करने में सफल रहे। ईरानी मिसाइलों ने नेगेव रेगिस्तान में इजराइली एयरबेस को भी तबाह कर दिया। तेहरान की खबर के अनुसार यहीं से इजराइल ने दमिश्क में हमला करके ईरानी दूतावास पर मिसाइलें दागी थीं।

इस हमले के बाद इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र से ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की। आईआरजीसी ईरानी सशस्त्र बलों की एक शाखा है, जिसकी स्थापना 22 अप्रैल, 1979 को अयातुल्ला रुहोल्ला मोसाबि खुमैनी के आदेश से ईरानी क्रांति के पश्चात की गई थी। हमास ने इजराइल पर ईरान के हमले का स्वागत किया है, और कहा कि यह एक प्राकृतिक अधिकार और योग्य प्रतिक्रिया है। ईरान ने इजराइल के साथ ही अमेरिका को भी चेतावनी दी है कि इजराइली सैन्य कार्यवाही का समर्थन न करे। ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बखेरी ने स्टेट दूरदर्शन को बताया, 'अगर इजराइल ने ईरान के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की तो हमारी प्रतिक्रिया आज की सैन्य कार्रवाई से कहीं अधिक बड़ी होगी। यदि अमेरिका इजराइल को सहयोग देगा तो अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया जाएगा।' अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल के प्रधानमंत्री से नेतन्याहू से कहा है कि अमेरिका इजराइल के किसी भी जवाबी हमले का विरोध करेगा और किसी भी जवाबी कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा। क्या इजराइली प्रधानमंत्री अपनी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा के लिए जवाबी कार्रवाई करके दुनिया के लिए संकट का एक नया द्वार खोल देंगे। इजराइल काउंटर कार्रवाई करता है तो निश्चित रूप से युद्ध का सिलसिला बढ़ता ही जाएगा। जल्द थमने का नाम नहीं लेगा। लेबनानी मीडिया की रिपोर्ट है कि इजराइल ने सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर हमला किया है जबकि जोर्डन का कहना है कि उसने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रोजेक्टाइल को रोका है। इजराइल तथा अमेरिका के जेट विमानों ने सीरियाई हवाई क्षेत्र में दर्जनों ईरानी ड्रोनों को मार गिराया और वे सभी लक्ष्य के पूर्व ही निरस्त कर दिए गए। ये दर्जनों ड्रोन और मिसाइल दक्षिण सीरिया के डेरा प्रांत, सीरियाई गोलान हाइट्स और इराक के साथ सीमा पर पूर्वी सीरिया के अनेक स्थानों पर उड़ रहे थे।

स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत

डा. रवीन्द्र अरजरिया

देश में चुनावी जंग जारी है। सभी राजनैतिक पार्टियां अपनी निर्धारित नीतियों-रीतियों के अलावा तात्कालिक हथकण्डे आजमाने में लगीं हैं। बंगाल का चुनावी इतिहास आतंक के साये में हमेशा से ही फलता-फूलता रहा है। कभी लाल सलाम का रंग चढता रहा तो कभी दीदी की दादागिरी चलती रही। घुसपैठियों की दम पर सत्ता हथियाने की मुहिम चलाने वाली तृणमूल मुखिया पर तो देश की सरकारी एजेन्सियों तक पर आक्रमण करवाने के आरोप लगते रहे हैं। पूर्व घोषित दंगों का व्यवहारिक स्वरूप सामने आने के बाद से तो वहां के आम निवासियों में भय व्याप्त होने लगा है। पुलिस के सामने ही अपराधों का कीर्तिमान गढने का जो सिलसिला प्रारम्भ हुआ, वह निरंतर जारी है। तुष्टीकरण के हथियार से देश को रक्तरंजित करने का षडयंत्र करने वाली पार्टियां कभी देश के टुकडे-टुकडे गैंग को चुनावी जंग में जहरीली सोच के साथ उतारतीं हैं तो कभी आतंक के पर्याय रहने वालों को गले लगाते हैं। सिध्दान्तों की होली जलाकर स्वार्थ सिध्दि का परिणाम पाने वालों की संख्या में निरंतर बढोत्तरी होती जा रही है। हिन्दूवादी छवि के साथ बाला साहब ठाकरे ने शिवसेना का गठन किया था। उनके शरीर त्यागते ही पार्टी हथियाने का संग्राम शुरू हो गया। विरोधी नीतियों के पक्षधरों के साथ मिलकर सत्ता-सिंहासन लेने का क्रम चल निकला। मुसलमानों को संरक्षण देने के नाम पर बनाई गई आल इण्डिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने अनेक अवसरों पर विरोधियों को गले लगाकर अपने सिध्दान्तों को कफन पहना दिया। दलितों की मसीहा बनने वाली बहुजन समाज पार्टी की नीतियों ने आधारभूत सिध्दान्तों को तिलांजलि देकर अपने विरोधियों के साथ मिलकर अनेक बार सरकार बनाई। जनता दल यूनाइटेड ने तो अपने आदर्शो को स्वार्थ की देहलीज पर किस्तों में कत्ल करके अनेक बार सत्ता पर काबिज हुई। स्वार्थपूर्ति में बाधा पडते ही असंतुष्टों व्दारा तो पुराने संगठन से दूरी बनाकर स्वयं के दल की घोषणा तक की जाती रही है। शासक बनने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार लोगों ने देश की अतीतकालीन संवेदनाओं, भावनाओं और चिन्तन को अनन्त गहराई में दफन कर दिया है। इस सारे क्रिया कलापों का स्पष्ट प्रतिबिम्ब राजनैतिक दलों के घोषणा पत्रों, न्याय पत्रों, संकल्प पत्रों आदि में परिलक्षित हो रहा है। अनेक दलों के संयुक्त गठबंधनों की अपनी कोई सांझी कार्ययोजना सामने नहीं आई है। गठबंधनों के सभी दल अपनी अगल-अलग सोच को लेकर सत्ता में पहुचने के बाद व्यवहार में लाने वाली कार्ययोजना का ढांचा प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे में गठबंधनों का स्वयं का अस्तित्व ही खतरे में दिखाई पड रहा है। मुट्ठी भर सीटों पर चुनाव लडने वाले दल भी राष्ट्रीय नीतियों के निर्धारण करने में जुटे हैं। कहीं साम्प्रदायिक खाई को चौडा करने की होड लगी है तो कहीं जातिगत जनगणना के आधार पर शक्ति संघर्ष का आधार तैयार किया जा रहा है। कहीं अलग-अलग विशेषाधिकारों की वकालत हो रही है कहीं स्वतंत्रता के विकृत मायने परोसे जा रहे हैं। स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत लेने वालों को देश का सम्मान, विकास और सौहार्द की कतई चिन्ता नहीं है। वे नेत्रवान होने के बाद भी धृतराष्ट्र बनने पर तुले हैं, मीरजाफर बनकर सुख बटोरना चाहते हैं और करना चाहते हैं किसी भी कीमत पर स्वार्थपूर्ति। ऐसे लोगों को राष्ट्रवादी तो क्या राष्ट्र का नागरिक तक कहना, शर्म की बात है।

मंगलसूत्र और केंचुआ का ध्यान योग

राकेश अचल

केंचुआ हो या चौकीदार यदि अपना काम मुस्तैदी से न करे तो देश का अहित होता है। देश का ही नहीं देश की राजनीति का,सामाजिक तानेबाने का भी अहित होता है। लेकिन होता है तो होता रहे । केंचुआ अपनी ध्यानमुद्रा का त्याग नहीं कर सकता। उसके लिए मौन रहना ही देश हित है भले ही लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का चीर-हरण कोई भी कर ले जाय। अबकी चीरहरण का आरोप विश्वगुरु और हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी के ऊपर लगा है । इसके लिए उन्होंने पहली बार सनातनी महिलाओं के मंगलसूत्र का इस्तेमाल किया है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने संयम पर लगे अलीगढ़ के ताले को अलीगढ़ की एक चुनावी रैली में खोला और बोला कि -कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है, आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई, तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है, उसकी जांच कराएंगे। इतना ही नहीं, वो आगे कहते हैं कि ये जो संपत्ति है, उसको कब्जे में लेकर सरकार सबको बांट देगी। ये उनका मेनिफेस्टो कह रहा है। अब इनकी नजर कानून बदलकर, हमारी माताओं-बहनों की संपत्ति छीनने पर भी है। इनकी नजर अब उनके मंगलसूत्र पर है।

मुझे लगता है कि जब प्रधानमंत्री जी ने ये सब कहा है तो उनके भक्तों में तो खलबली मच ही गयी होगी । जो काम बजरंगबली नहीं कर पाए उसे करने का बीड़ा माननीय प्रधानमंत्री जी ने उठाया है। ये प्रधानमंत्री जी ही कर सकते हैं,क्योंकि उनके पास 56 इंच का सीना है जिसे वे पिछले चुनाव में बजरंगबली की तरह जनता को खोलकर दिखा चुके हैं। उनके सीने में सनातन है ,हिन्दू राष्ट्र है । एक निशान,एक विधान है ,लेकिन मुसलमान नहीं है । कांग्रेस नहीं है भ्रष्ट कांग्रेसी हैं । वे 140 करोड़ की आबादी वाले देश में रहने वाले 20 करोड़ मुसलमानों को अलग रखकर देश चलाना चाहते हैं। उनकी कोशिश है कि उनके अंधभक्तों का मंगलसूत्र खतरे में न पड़े भले ही देश की साझा संस्कृति और विरासत का भट्टा बैठता है तो खूब बैठ जाए। माननीय ने अपनी बात अलीगढ़ के बाद राजस्थान में भी दोहराई। गनीमत है कि वहां उन्होंने महिलाओं से ये नहीं कहा की उनका गोरला भी खतरे में है। मोदी जी हर खतरे से वाकिफ है। उन्होंने भले ही अपने घर के मंगलसूत्र को तवज्जो न दी हो लेकिन वे देश की बहुसंख्यक महिलाओं के मंगलसूत्र का ध्यान रखते हैं। यदि वे तीसरी बार सत्ता में आये तो देश में मंगलसूत्र सुरक्षा क़ानून भी ला सकते हैं ,नारी शक्ति वंदना क़ानून की तर्ज पर।

माननीय प्रधानमंत्री जी के भाषण से उनके अन्धभक्तों को खुश होना था ,सो वे हुए ही होंगे,किन्तु कांग्रेस और देश के अल्पसंख्यक दुखी जरूर हो गए । कांग्रेस ने तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिए भाषण को भद्दा, गैरकानूनी और संविधान की आत्मा के खिलाफ बताते हुए चुनाव आयोग से मोदी जी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। प्रधानमंत्री पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए पार्टी ने कहा है कि मोदी जी ने अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल एक विशेष धार्मिक समुदाय को लक्ष्य कर विभाजनकारी, दुर्भावनापूर्ण और झूठा बयान दिया है और चुनाव आयोग का दायित्व है कि वह बड़े ओहदे के प्रभाव से मुक्त होकर कानून सम्मत उचित कार्रवाई करे।

लगता है कि कांग्रेस अभी तक देश के केंद्रीय चुनाव आयोग अर्थात केंचुआ को पहचान नहीं पाई है ? भला कोई अपने स्वामी के खिलाफ कार्रवाई करता है ? केंचुआ तो केवल और केवल विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई के लिए बना है ,और ये काम वो बाखूबी कर रहा है। केंचुआ ने बिना कोई भाषण दिए राहुल गांधी नाम के एक नेता को एडवाइजरी जारी की थी। केंचुआ ने एक कांग्रेसी नेता को 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोका भी। लेकिन केंचुआ से ये अपेक्षा करना उसके साथ ज्यादती है कि वो माननीय प्रधानमंत्री जी के खिलाफ कोई कार्रवाई करे या उन्हें हटके यानि एडवाइजरी जारी करे। केंचुआ को पता है कि मालिक हो या राजा कभी कोई गलती नहीं करता । यदि करता है तो उसे अनदेखा करने में ही राष्ट्रहित है।

आप मानें या न मानें किन्तु मै अपने प्रिय प्रधानमंत्री मोदी जी को इस दशक का सत्यवादी हरिश्चंद्र मानता हूँ। वे कभी झूठ नहीं बोलते । उन्हें नागपुर वालों ने कभी झूठ बोलना सिखाया ही नही। वे देश के अल्पसंख्यकों के पक्के हितेषी हैं। उन्हें जबरन मुसलमानों,सिखों,ईसाइयों का शत्रु माना जाता है। वे खुद कहते हैं कि तीन तलाक से पीड़ित कितनी ही बेटियों का जीवन तबाह हो गया था। अब मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर उनका जीवन सुरक्षित किया है। आज न सिर्फ भारत का हज कोटा बढ़ा है बल्कि वीजा नियमों को भी आसान बनाया गया है। सरकार ने महिलाओं को बिना महरम हज जाने की अनुमति भी दी है। कांग्रेस और सपा जैसी पार्टियों ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की और मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए कभी कुछ नहीं किया।

सुनील नरेन का ऐलान, टी20 वर्ल्डकप के लिए वापस नहीं लेंगे रिटायरमेंट

नई दिल्ली। हाल ही में वेस्टइंडीज टी20 टीम के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने आईपीएल 2024 में सुनील नरेन की धाकड़ परफॉर्मेंस को देखने के बाद इस दिग्गज खिलाड़ी से आगामी टी20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए रिटायरमेंट वापस लेने का अनुरोध किया था। उनके इस निवेदन पर सुनील नरेन ने अब प्रतिक्रिया दी है। नरेन का कहना है कि इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी के दरवाजे अब उनके लिए बंद हो गए हैं। वह उन खिलाड़ियों का इस आईसीसी मेगा इवेंट में समर्थन करेंगे जो पिछले कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे हैं।

बता दें, वेस्टइंडीज क्रिकेट में अकसर ऐसा देखने को मिलता है कि आईसीसी के मेगा इवेंट के पास आते ही नामी खिलाड़ियों की टीम में वापसी होने लगती है, वहीं जो युवा खिलाड़ी लगातार उस फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे होते हैं उन्हें टीम से बाहर होना पड़ता है। मगर अब सुनील नरेन ने रिटायरमेंट ना लेने का फैसला कर युवा खिलाड़ियों के साथ इंसाफ किया है।

सुनील नरेन ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, ÷मुझे आशा है कि आप सभी अच्छे और स्वस्थ्य हैं। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरी रिटायरमेंट से बाहर आने और आगामी टी20 वर्ल्ड कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है।÷

उन्होंने आगे लिखा, ÷मैंने उस फैसले पर शांति बना ली है और हालांकि मैं कभी निराश नहीं होना चाहता, लेकिन वह दरवाजे अब बंद हो गए हैं और मैं उन लोगों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे। जिन लोगों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और हमारे अद्भुत प्रशंसकों को यह दिखाने के लायक हैं कि वे एक और खिताब जीतने में सक्षम हैं - मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं।÷

बता दें, सुनील नरेन आईपीएल 2024 में गजब की फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने टी20 करियर का पहला शतक भी जड़ा था। वह इस सीजन 40.86 की औसत और 176.54 के स्ट्राइक रेट के साथ 286 रन बना चुके हैं। वहीं किफायती गेंदबाजी कर उन्होंने 7 मैचों में 7.11 की इकॉनमी के साथ 9 विकेट चटकाए हैं।

रोहित शर्मा के बाद संजू सैमसन को बनाओ भारतीय टी20 टीम का कप्तान : हरभजन सिंह

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स वर्सेस मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 के 38वें मुकाबले के बाद टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर और मौजूदा कमेंटेटर हरभजन सिंह ने यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की तारीफ में कसीदे बढ़े हैं। एमआई के खिलाफ इन दोनों ही खिलाड़ियों ने गर्दा उड़ाया। यशस्वी ने 180 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक जड़ा, वहीं सैमसन ने अपनी विकेट कीपिंग और कप्तानी से हर किसी को इंप्रेस किया। भज्जी ने सैमसन के लिए यह तक कह दिया कि उन्हें रोहित शर्मा के बाद भारतीय टीम के अगले कप्तान के लिए तैयार किया जाना चाहिए।

आरआर वर्सेस एमआई मैच के बाद हरभजन सिंह ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, यशस्वी जयसवाल की पारी इस बात का प्रमाण है कि फॉर्म टेंपरेरी है और क्लास परमानेंट और कीपर बल्लेबाज के बारे में कोई बहस नहीं होनी चाहिए। संजू सैमसन को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में आना चाहिए और उन्हें रोहित के बाद भारत के अगले टी20 कप्तान के रूप में भी तैयार किया जाना चाहिए। कोई शक?

संजू सैमसन के लिए आईपीएल 2024 का सफर अभी तक शानदार रहा है। टीम लगातार जीत दर्ज कर प्लेऑफ की ओर कदम बढ़ा रही है, वहीं बल्ले से वह निरंतर रन बना रहे हैं। आरआर आईपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में 14 अंकों के साथ टॉप पर हैं। उन्हें प्लेऑफ का टिकट हासिल करने के लिए कम से कम एक और जीत की दरकार है। वहीं सैमसन आईपीएल 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों की सूची में भी शुमार हैं जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के भी नाम हैं। बात मुकाबले की करें तो, टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने महज 20 के स्कोर पर रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव के रूप में तीन बड़े विकेट खो दिए थे। वहीं मोहम्मद नबी के रूप में टीम को चौथा झटका 52 के स्कोर पर लगा। उस समय ऐसा लग रहा था कि टीम 150 के अंतर सिमट जाएगी, मगर तब तिलक वर्मा (65) और नेहाल वडेरा (49) ने 99 रनों की साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर की राह दिखाई।

33 पर लखनऊ को दूसरा झटका, मुस्तफिजुर ने राहुल को आउट किया, डिकॉक खाता नहीं खोल सके

नई दिल्ली। ईपीएल 2024 के 39वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से है। यह मुकाबला चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जा रहा है। दोनों का पिछला मुकाबला भी एक-दूसरे के खिलाफ था। उस मैच में लखनऊ ने चेन्नई के खिलाफ आठ विकेट से जीत हासिल की थी। चेन्नई की टीम इस हार का बदला लेने उतरी है। लखनऊ के कप्तान राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

चार ओवर के बाद लखनऊ ने एक विकेट गंवाकर 29 रन बना लिए हैं। फिलहाल कप्तान केएल राहुल 10 गेंद में 12 रन और मार्कस स्टोइनिस 11 गेंद में 16 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। क्विंटन डिकॉक खाता नहीं खोल सके थे। उन्हें दीपक चाहर ने आउट किया था।

लखनऊ की पारी शुरू हो चुकी है। क्विंटन डिकॉक और कप्तान केएल राहुल क्रीज पर आए। चेन्नई के लिए पहले ओवर में दीपक चाहर गेंदबाजी के लिए आए। उन्होंने ओवर की तीसरी गेंद पर डिकॉक को बोल्ड किया। लखनऊ को शून्य पर पहला झटका लगा। चाहर की गेंद डिकॉक के बल्ले का किनारा लेकर स्टंप्स पर जा लगी। फिलहाल राहुल और मार्कस स्टोइनिस क्रीज पर हैं। एक ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर एक रन पर एक विकेट है।

चेन्नई ने लखनऊ के सामने 211 रन का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 210 रन बनाए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 60 गेंद में 108 रन की पारी खेली। वहीं, शिवम दुबे ने 27 गेंद में 66 रन बनाए। धोनी ने एक गेंद खेली और चार रन बनाए। उन्हें पारी की आखिरी गेंद पर बल्लेबाजी का मौका मिला और चौका लगाया। ऋतु ने अपनी पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए। वहीं, शिवम ने अपनी पारी में तीन चौके और

सात छक्के लगाए। ऋतु के आईपीएल करियर का यह दूसरा शतक रहा। वहीं, दुबे ने नौवां अर्धशतक लगाया।

कप्तान ऋतुराज ने 56 गेंद पर अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने 18वें ओवर में यश ठाकुर की गेंद पर चौका लगाकर शतक पूरा किया। यह इस सीजन का छठा शतक रहा। 18 ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर तीन विकेट पर 178 रन है। ऋतुराज 58 गेंद पर 107 रन और शिवम दुबे 18 गेंद पर 39 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। दोनों के बीच अब तक 37 गेंद पर 77 रन की साझेदारी हो चुकी है।

16 ओवर के बाद चेन्नई ने तीन विकेट गंवाकर 154 रन बना लिए हैं। फिलहाल शिवम दुबे 15 गेंद में 37 रन और ऋतुराज गायकवाड़ 49 गेंद में 86 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। शिवम ने इस ओवर में यश ठाकुर की गेंद पर लगातार तीन छक्के जड़े। यश के इस ओवर में चेन्नई ने 19 रन बटोरे। ऋतुराज अपने दूसरे आईपीएल शतक के करीब हैं।

चेन्नई को 12वें ओवर में 101 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। मोहसिन खान ने रवींद्र जडेजा को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। वह 19 गेंद में 16 रन बना सके। जडेजा ने कप्तान ऋतुराज के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी निभाई। 12 ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर तीन विकेट पर 102 रन है। ऋतुराज के साथ शिवम दुबे क्रीज पर हैं।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंद पर आईपीएल करियर का 17वां अर्धशतक जड़ दिया। इस सीजन ऋतुराज शानदार फॉर्म में दिखे हैं। उन्होंने कप्तानी का दायित्व शानदार तरीके से संभाला है और अपनी बल्लेबाजी में दबाव नहीं आने दिया। नौ ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर दो विकेट पर 74 रन है। फिलहाल ऋतुराज 50 रन और जडेजा 11 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स को छठे ओवर में 49 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। यश ठाकुर ने डेरिल मिचेल को पवेलियन भेजा। दीपक हुड्डा ने मिचेल का शानदार कैच लपका। उन्होंने 10 गेंद में 11 रन की पारी खेली। मिचेल ने कप्तान ऋतुराज के साथ 45 रन की साझेदारी की। फिलहाल ऋतुराज के साथ रवींद्र जडेजा बल्लेबाजी के लिए आए हैं। छह ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर दो विकेट पर 49 रन है। अजिंक्य रहाणे फिर फ्लॉप हुए और एक रन बना सके। तीन ओवर के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने एक विकेट गंवाकर 25 रन बना लिए हैं। फिलहाल ऋतुराज गायकवाड़ नौ गेंद में 16 रन और डेरिल मिचेल छह गेंद में आठ रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। चेन्नई को एकमात्र झटका रहाणे के रूप में लगा। उन्हें मैट हेनरी ने पवेलियन भेजा।

चेन्नई को पहले ओवर की आखिरी गेंद पर पहला झटका लगा। मैट हेनरी की गेंद पर बड़े शॉट के चक्कर में रहाणे के बल्ले का किनारा लगा और विकेटकीपर राहुल ने बेहतरीन कैच लपका। फिलहाल कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और डेरिल मिचेल क्रीज पर हैं।

जोकोविच लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर 2024

नई दिल्ली। वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर 2024 का अवॉर्ड दिया गया है। जोकोविच का यह पांचवां लॉरियस अवॉर्ड है। 25वीं लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड सेरेमनी 22 अप्रैल को स्पेन के मैड्रिड में हुई। यह अवॉर्ड पिछले साल के अचीवमेंट के लिए दिया जाता है। उन्होंने इस मामले में पूर्व टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर की बराबरी कर ली है। ये दोनों खिलाड़ी लॉरियस अवॉर्ड के इतिहास में सबसे ज्यादा बार सम्मानित किए गए हैं।

जोकोविच के नाम सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम

जोकोविच ने पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और स्ओपन में टाइटल जीता था। जोकोविच 24 ग्रैंड स्लैम के साथ मेंस सिंगल्स में सबसे ज्यादा टाइटल जीतने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं स्पेन की ही मिडफील्डर एताना बोनमाती को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स वीमेन ऑफ द ईयर 2024 का पुरस्कार मिला।

आईपीएल में धोनी के भविष्य को लेकर हसी का बयान

कहा- थाला में अब भी गेंदबाजों की धुनाई करने की क्षमता

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम को इस सीजन जिस बल्लेबाज से सबसे ज्यादा मदद मिल रही है, वह हैं महेंद्र सिंह धोनी। धोनी ने इस सीजन शानदार तरीके से मैच फिनिश कर सीएसके को आखिरी कुछ ओवरों में 20-30 रन ज्यादा बनवाने में मदद की है। मुंबई के खिलाफ उनके द्वारा बनाए गए चार गेंद में 20* रन के अलावा लखनऊ के खिलाफ नौ गेंद में 28 रन ने टीम की काफी मदद की। मुंबई के खिलाफ जहां सीएसके ने 20 रन से जीत हासिल की, वहीं लखनऊ के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

हालांकि, धोनी की पारी टीम के लिए काफी मददगार साबित हुई है। सबसे खास बात तो यह है कि माही

इस सीजन बिना किसी दबाव के खेल रहे हैं। सीजन की शुरुआत में ही धोनी ने ऋतुराज गायकवाड़ को टीम की कप्तानी सौंप दी थी और अब डेथ ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। सीएसके के बैटिंग कोच माइकल हसी ने आईपीएल 2024 के लिए धोनी की तैयारी के साथ-साथ उनकी मानसिकता पर भी बातचीत की। हसी ने बताया कि वे कौन से कारण हैं जिसकी वजह से माही खूब रन बना रहे हैं।

धोनी ने अब तक इस सीजन पांच पारियों में 87 रन बनाए हैं और पांचों पारियों में नॉटआउट रहे हैं। इस सीजन उन्होंने 255.88 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वह डेथ ओवरों में उस तरह के बल्लेबाज साबित हुए हैं, जिनके स्ट्राइक पर आने से गेंदबाज घबरा जाता है। हसी ने कहा- माही अपने करियर में एक ऐसी जगह पर है जहां वह सहज हैं और खुश हैं। वह अपने क्रिकेट का लुत्फ उठा रहे हैं। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले काफी मेहनत की और अच्छी तैयारी की। बेशक गेंदबाज उनके खिलाफ अलग रणनीति बना रहे हैं क्योंकि वह शायद सर्वकालिक महान फिनिशर हैं।

यशस्वी जायसवाल ने की विराट कोहली और क्रिस गेल के रिकॉर्ड की बराबरी

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शतक जड़ विराट कोहली और क्रिस गेल जैसे दिग्गज बल्लेबाजों की बराबरी कर ली है। इस शतक के साथ उन्होंने एक लेजेंड्री क्लब में भी अपनी जगह बनाई है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सोमवार 22 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए मुकाबले में 59 गेंदों पर अपना दूसरा आईपीएल शतक जड़ा। हैरानी की बात यह है कि जायसवाल का पहला आईपीएल शतक भी पिछले साल एमआई के खिलाफ ही आया था। यशस्वी इसी के साथ एक आईपीएल टीम के खिलाफ दो या उससे अधिक शतक जड़ने वाले 6ठे खिलाड़ी बन गए हैं।

एक आईपीएल टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने का रिकॉर्ड लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान केएल राहुल के नाम है। राहुल ने अपने आईपीएल करियर में चार में से तीन शतक मुंबई इंडियंस के खिलाफ लगाए हैं। वहीं क्रिस गेल, विराट कोहली, डेविड वॉर्नर और जोस बटलर के नाम एक आईपीएल टीम के खिलाफ 2-2 शतक लगाने का रिकॉर्ड है। इस लिस्ट में जोस बटलर एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो टीमों के खिलाफ 2-2 शतक लगाए हैं। उन्होंने यह कारनामा कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ किया है। यशस्वी जायसवाल अब इस सूची में शामिल होने वाले 6ठे खिलाड़ी बने हैं।

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने महज 20 के स्कोर पर रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव के रूप में तीन बड़े विकेट खो दिए थे। वहीं मोहम्मद नबी के रूप में टीम को चौथा झटका 52 के स्कोर पर लगा। उस समय ऐसा लग रहा था कि टीम 150 के अंतर सिमट जाएगी, मगर तब तिलक वर्मा (65) और नेहाल वडेरा (49) ने 99 रनों की साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर की राह दिखाई।

शाहीन अफरीदी ने रिजवान की तुलना ब्रैडमैन से की

नई दिल्ली। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में 3000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने थे। रिजवान कप्तान बाबर आजम के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के दूसरे बल्लेबाज बने थे। पाकिस्तान टीम के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रिजवान की सराहना की और इस दौरान उनकी तुलना ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन से कर दी। इस कारण शाहीन खूब ट्रोल हुए और फैंस ने जमकर उनके मजे लिए।

सबसे तेज पूरे किए थे तीन हजार रन

रिजवान ने हाल ही में टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 3000 रन पूरे किए थे। इस मामले में उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम और भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया था। बाबर ने 81 पारियों में तीन हजार रन पूरे किए थे, जबकि कोहली ने भी टी20 प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने के लिए इतनी ही पारियां ली थी, लेकिन मोहम्मद रिजवान ने इन दोनों को पीछे छोड़ा और सिर्फ 79 पारियों में ऐसा किया था।

भारत के सबसे सफल स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट को अलविदा कहा

नई दिल्ली। भारत के सबसे बेहतरीन पुरुष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है, लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

एशियाई खेलों में जीते थे दो स्वर्ण पदक

पेशेवर सर्किट में 22 साल तक खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांगझू एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। सौरव घोषाल ने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिक्स्ड डबल्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर की घोषणा

घोषाल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, मैंने 22 साल पहले पीएसे विश्व टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों पर खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन हर चीज का अंत होता है। यह पोस्ट लिखते समय मैं भावनाओं से भरा हुआ हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है, इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीसीए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।

शीर्ष-10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय हैं सौरव घोषाल

कोलकाता में जन्में घोषणा दुनिया के शीर्ष-10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अप्रैल 2019 में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी और छह महीने तक उसे बनाए रखने में सफल रहे थे। घोषाल ने 2003 में पीएसए में डेब्यू करने के बाद से 18 फाइनल में पहुंचकर 10 पीएसए खिताब जीते हैं। उन्होंने पीएसए टूर पर अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। घोषाल के नाम 13 राष्ट्रीय खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इसमें से आखिरी खिताब 2020 में जीता था।

समयावधि बैठक में कलेक्टर ने समीक्षा कर दिए निर्देश

लंबित विभागीय कार्यों में गति लाएं-कलेक्टर

अनूपपुर

जिले में शांतिपूर्ण, निर्विघ्न निर्वाचन सम्पन्न होने पर सभी लोगों के सहयोग के लिए कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने आभार ज्ञापित किया है। श्री वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के पूर्व यह बातें कही। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री डी.के. पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगरीय क्षेत्रों के सीएमओ उपस्थित थे।

समयावधि बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने संचालित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए जन-मन योजना आदि आदर्श ग्राम, विद्युतीकरण, जल जीवन

मिशन, स्वनिधि से समृद्धि प्रोफाईल अपडेशन कार्य, डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों तथा जिले के चारों विकासखण्डों में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा लाइब्रेरी भवन के निर्माण कार्य, लेमनग्रास उत्पादन, एनसीएल मद से स्कूलों में प्रसाधन भवन का निर्माण, मल्टी परपच सेन्टर पीव्हीटीजी हास्टल निर्माण तथा अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए।

आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रख ऐसे महत्वपूर्ण कार्य जो समय-सीमा में किए जाने है से संबंधित प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से कार्यों की अनुमति के लिए विभाग प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराएं, जिससे कार्यों की अनुमति लेकर वर्षा ऋतु के पूर्व कार्य किया जा सके।

अगले डेढ़ माह विभागीय कार्यों में फोकस करें

कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में अनूपपुर जिले में सम्पन्न मतदान के पश्?चात् अब आगामी डेढ़ माह लंबित विभागीय कार्यों को गतिपूर्वक करके कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में लंबित समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए विभागीय रिव्यु बैठक के पूर्व प्रगति परिलक्षित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने वन विभाग अंतर्गत अनूंतविभागीय लंबित अनुमति कार्यों को निराकृत करने के निर्देश दिए, जिससे विभागों के कार्य गतिपूर्वक कराए जा सके। उन्होंने जिले के 35 स्थानों में बीएसएनएल के मोबाइल टॉवर स्थापित किए जाने की समीक्षा की। बताया गया कि 5-7 स्थानों में टॉवर की स्थापना हो चुकी है। शेष में कार्य होना है, जिस पर उन्होंने इसकी पूर्णता व मानीटरिंग संबंधी निर्देश अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को दिए।

प्रगतिरत कार्यों में गति लाएं

निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता के पूर्व से संचालित कार्यों में प्रगति लाने के कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं।

बिना अनुमत्य बोरवेल पर करें सख्त कार्यवाही

कलेक्टर ने जल अभावग्रस्त संबंधी जारी आदेश के मुताबिक बिना अनुमति बोरवेल उखनन पर सख्ती से कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्?यकता के अनुरूप जल समस्या के निदान हेतु बोरवेल का अतिक्रमण किया जाए।

अनूपपुर कृषि मण्डी को करें व्यवस्थित

जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मण्डी में लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगाए जाने संबंधी आवश्?यक कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

बल की कमी बता कर रेत माफियाओं को प्रभारी दे रहे संरक्षण, रात भर हो रही रेत की चोरी

अर्जुन, सिटी, बाबू को संरक्षण, दर्जन भर घाटो से हो रहा अवैध उत्खनन, पुलिस और वन विभाग के प्रभारी संलिप्त

शहडोल।

शहडोल जिले में इन दिनों रेत का अवैध कारोबार जमकर फल फूल रहा है, खनिज विभाग अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने में नाकामयाब साबित हुआ, तो पुलिस विभाग और वन विभाग भी रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने में अक्षम साबित हुई है केसवाही क्षेत्र अवैध उत्खनन और परिवहन तेजी से चल रहा है, सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र में खाकी वर्दी का खौफ पूरी तरह समाप्त हो गया है।

बाबू, सिति, अर्जुन और मिश्रा को संरक्षण

पुलिस एवं वन विभाग की मिली भगत से दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है पुलिस सोशल मीडिया समाचार पत्र और जमीनी हकीकत में एक मजाक बनकर रह गई है। पुलिस की निरंकुश्ता अपराधियों के मनोबल को ऊपर उठा रही है जिससे अपराध निरंकुश होते चले जा रहे हैं।

घाटो पर रेत माफिया सक्रिय माफिया

क्षेत्र में रेत माफियाओ की अचानक बाढ़ सी आ गयी दर्जनो ऐसे घाट है जिनसे अवैध रेत का उत्खनन कर नदी के सीने को कुछ पुलिसकर्मी की सहभागिता से छलनी किया जा रहाऔर चोरी की रेत कोक्षेत्र के जरूरतमंदो एवं ग्राम पंचायतो मे खपाया जा रहा प्राप्त जानकारी के अनुसार रात ड्यूटी मे तैनात कुछ पुलिसकर्मी के आशीर्वाद से आधी रात के दरम्यानी रेत माफियाओ से सांठगांठ के बाद अवैध रेत से लदे वाहनो के परिवहन को हरी झंडी दी जाती है सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र में अर्जुन बाबू एवं सिटी के अलावा मिश्रा द्वारा रत का अवैध कारोबार किया जा रहा है

प्रमुख संक्षिप्त

कबाड़ माफिया रहीम अंसारी अब तक पुलिस से बचता रहाः सबी खान बंटी

शहडोल। काफी अर्से से कबाड़ के कारोबारी रहीम अंसारी पिता कादिर अंसारी निवासी सोहागपुर शहडोल के गरीब छोटे छोटे बाल मजदूर को कबाड़ , एवं अनैतिक कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करता हैं ।शहर के सोहागपुर व सिटी कोतवाली में कुल 9 से अधिक मुकदमे दर्ज होने के बाबजूद रहीम बिना रोक टोक के कबाड़ कारोबार को धड़ले से जारी किए हुए हैं।जिले में अभी हाल ही में शहर के घरों में चोरों के द्वारा चोरी कि वारदात बढ़ी है। कबाड़ियों के निशाने से पुलिस ,पत्रकार ,और आमजन की पब्लिक प्लेस से गाड़ियां लगातार चोरी हो रही है और घरों से चोरी के कीमती सामान लोहा ,लंगर इत्यादि पुलिस को चकमा दे कर कबाड़ी ढिकाना लगा रहे है। सबी खान बंटी ने मांग कि है कि रहीम अंसारी जैसे आदतन अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई कि जाए। जिससे समाज सुरक्षित हो।

कार्यकर्ता बैठक का आयोजन संपन्न

धनपुरी। 20 अप्रैल 2024को सोहागपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय संघ कार्यालय मे कार्यकर्ता बैठक संपन्न हुआ बैठक की अध्यक्षता द्वारिका प्रसाद मिश्रा , मंच संचालन महामंत्री ओंकार प्रसाद द्विवेदी ने की। सभा में मुख्य अतिथि के लक्षमा रेड्डी कोल उद्योग प्रभारी (भारतीय मजदूर संघ) की उपस्थिति रही। साथ में ए बी के एम एस उपाध्यक्ष मजकल हक़ , मंत्री महेंद्र पाल सिंह , सुजीत सिंह , एस ई सी एल समन्वयक उपस्थित रहे। सोहागपुर क्षेत्र के विभिन्न इकाइयों से 130के संख्या में क्षेत्रीय पदाधिकारी और इकाईयों के कार्यकर्ता एवं अध्यक्ष/सचिव उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए के लक्षमा रेड्डी जी कोल उद्योग प्रभारी (भारतीय मजदूर संघ) ने कर्मचारियों के भविष्य निधि पेंशन, सुरक्षा, जैसे मुद्दों को गम्भीरता से भिन्न भिन्न फ़ोरम में संगठन द्वारा उठाया जा रहा है। महिला कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं के निदान हेतु अलग अलग कोल इंडिया के साथ सभी जोनों में महिला समिति बनाने पर जोर दिया अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे द्वारिका प्रसाद मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त करतें हुए सभा समाप्त की घोषणा किया। विभिन्न संगठनों के 10नये कार्यकर्ता ने संघ की सदस्यता ग्रहण किये।

पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कर पृथ्वी को हरा भरा रखने का लिया संकल्प

पाली मुक्तिधाम में पांच पौधे रोपण कर पृथ्वी संरक्षण का दिया संदेश

उमरिया।

उमरिया-पृथ्वी का शृंगार हैं पेड़, पौधे, फूल, झरने और हवा। इन्हें बचाने और धरती को हरा-भरा रखकर पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा मुक्तिधाम पाली में पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी की उपस्थिति में आंवला एवं नीम के पौधे लगाकर पौधा रोपण कर पृथ्वी को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया।

थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने कहा कि 22 अप्रैल 1970 से पर्यावरण, पृथ्वी और जीवन के संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करें। क्योंकि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। जीवन

जीने के लिए जिन प्राकृतिक साधनों की जरूरत, एक पेड़, एक जानवर या फिर एक इंसान की होती है, वहीं पृथ्वी वह सब हमें प्रदान करती है।

पर्यावरण मित्र ने पौधे ही जीवन को सुरक्षित कर सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को जीवन में एक-एक पौधे का रोपण जरूर करना चाहिए। धरती को स्वस्थ रखने के लिए पौधों का महत्वपूर्ण भूमिका है।पृथ्वी के संरक्षण के लिए सबसे जरूरी पौधारोपण है। पृथ्वी का हम जितना दोहन कर रहे हैं, उसी के दुष्परिणाम हम आज झेल रहे हैं। पृथ्वी पर प्रदूषण को दूर करने के लिए सबसे अहम पौधारोपण है। इसके अलावा नदियों की सफाई के लिए देश में कई प्रयास होते हैं। अंतिम में उपस्थित सभी लोगों ने पृथ्वी को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। पौधारोपण के दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, उपनिरीक्षक गोविंद सिंह धुर्वे ,पर्यावरण मित्र सभी उपस्थित रहे।

उड़न दस्ता प्रभारी के नेतृत्व में बड़ी कार्यवाही, वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन व परिवहन करते वाहनों की हुई जब्ती

उमरिया।

जिले के वन परिक्षेत्र घुनघुटी के ग्राम आमानार वीट काचोदर, मालाचुआ के कक्ष क्रमांक क्रम302 मे अवैध मुरूम, उत्खनन एवं परिवहन करतें हुए जे सी बी पोकलेन न्यू सोल्ड 210 टाटा हिटैची वाहन चालक अजित नायक पिता पुरन नायक उम्र 22 वर्ष साकिन बाधवा टोला नौरोजाबाद वाहन मालिक शिवा नायक निवासी निपानिया एवं हाईवा वाहन एमपी18एच 2801रोहितसिह, पिता घनश्याम सिंह, उम्र 23, वर्ष निवासी खरला थाना बुढार एमपी 17सी 5049 जयराम सिह पिता राम प्रसाद सिंह उम्र 38, वर्ष जरवाही थाना बुढार सीजी 10 बीएम 0805किशनमाछी पिता गया प्रसाद उम्र 20 वर्ष बैरिहा थाना जयसिंहनगर को उड़न दस्ते की टीम ने जब्त किया कार्यवाही की सूचना परिक्षेत्र सहायक मालाचुआ एवं काचोदर को देकर मौके पर बुलाया गया तथा कार्यवाही करतें हुए वन अपराध प्रकरण क्रमांक 7790/09 के तहत अवैध, उत्खनन एवं परिवहन करतें हुए वाहनों को जब्त किया गया ,यह कार्यवाही मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल लखन लाल उइके के निर्देशन पर की गई। कार्यवाही उड़न दस्ता प्रभारी वन वृत शहडोल शिव पूजन त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई कार्यवाही के दौरान उड़न दस्ता टीम के सुरेन्द्र सिंह उप वनक्षेत्रपाल, खानी सिंह मरावी वनपाल, रामनरेश पटेल वनरक्षक, दिनेश कुमार वर्मा स्थाई कर्मी अवध राज सिंह,और रामशंकर चौधरी मलाचुआ वीट गार्ड, रावेन्द्र सिंह वीट गार्ड, शिवेंद्र सिंह ने सहयोग किया।

हनुमान जन्मोत्सव पर तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर पर होगा भव्य सुंदरकांड का पाठ

सिंगोली।

सिंगोली/ प्रतिवर्षानुशार इस वर्ष भी सिंगोली स्थित तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर पर दिनांक 23 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य सुंदरकांड के पाठ का आयोजन आयोजित है। उपरोक्त विषय मे मिली जानकारी के अनुसार भजन गायक मुकेश माहेश्वरी सिंगोली एवं कुशाल राठौर रावतभाटा के साथ 251 लोग संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ करेगे साथ ही भव्य भजन संध्या का आयोजन भी रहेगा। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर पुरे नगर मे जबरदस्त उत्साह बना हुआ है नगर मे स्थित सभी हनुमान मंदिरो को विशेष साज सज्जा के साथ लाईट डेकोरेशन कर सजाया जा रहा है। तथा सभी जगह अलग-अलग धार्मिक आयोजन कर हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

कोयला श्रमिकों के साथ नहीं होने देंगे अन्य हर लड़ाई के लिए हम सक्षम- के लक्ष्मण रेड्डी

अनूपपुर।

गत दिनांक को जमुना कोतमा क्षेत्र के बंकिम बिहार मे जमुना कोतमा क्षेत्र व हसदेव क्षेत्र के कार्यकर्ता बैठक संपन्न हुआ बैठक की अध्यक्षता विजय सिंह अध्यक्ष जमुना कोतमा क्षेत्र मंच संचालन जानकी सिंह ने की स्वागत भाषण रोशन उपाध्याय महामंत्री ने किया सभा में मुख्य अतिथि के लक्ष्मा रेड्डी कोल उद्योग प्रभारी (भारतीय मजदूर संघ) की उपस्थिति रही। साथ में ए बी के एम एस उपाध्यक्ष मजरुल हक़ अंसारी मंत्री महेंद्र पाल सिंह , सुजीत सिंह दिलीप त्रिपाठी महामंत्री हसदेव क्षेत्र , एस ई सी एल समन्वयक उपस्थित रहे। जमुना कोतमा क्षेत्र व हसदेवक्षेत्र के विभिन्न इकाइयों से 150के संख्या में क्षेत्रीय पदाधिकारी और इकाईयों के कार्यकर्ता एवं अध्यक्ष/सचिव उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए के लक्ष्मा रेड्डी जी कोल

उद्योग प्रभारी (भारतीय मजदूर संघ) ने कर्मचारियों के भविष्य निधि पेंशन, सुरक्षा, जैसे मुद्दों को गम्भीरता से भिन्न भिन्न फ़ोरम में संगठन द्वारा उठाया जा रहा है। महिला कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं के निदान हेतु अलग अलग कोल इंडिया के साथ सभी जोनों में महिला समिति बनाने पर जोर दिया अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे विजय सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करतें हुए सभा समाप्त की घोषणा किया तथा जमुना कोतमा क्षेत्र में अबकी बार 1500 सदस्य पार का नारा सर्वसम्मति से लगाया गया भारत माता की जय कार से पूरा सदन गूंज उठा उन्होंने कहा कि पिछली बार काफी विरोध के बाद भी हम 1247 तक पहुंच पाए थे और नंबर एक पर थे लेकिन इस बार श्रमिकों की संख्या पिछली बार की तुलना में काम है इस बार मौत 21सौ ही रह गए हैं इस बार हम सभी को दुगनी ताकत से लगना पड़ेगा जमुना कोतमा क्षेत्र और हसदेव क्षेत्र एस ई सीएल में भारतीय मजदूर संघ को एक नंबर पर लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और कुछ लोगों की नियुक्ति की गई जिसमें फ्रांसिस एंथोनी एरिया उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एरिया सचिव राजेंद्र गुप्ता एरिया सचिव सुखविंदर सिंह एरिया सचिव और महिला प्रतिनिधि में सरला द्विवेदी दुर्गा रुक्मणी कि संगठन में विभिन्न पदों पर नियुक्ति की गई।

एआईजी प्रतिभा त्रिपाठी की कार्डियक अरेस्ट से मौत

भोपाल।

भोपाल में पदस्थ असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस) प्रतिभा त्रिपाठी की सोमवार को मौत हो गई। वे स्टेट पुलिस सर्विस 2008 बेच की थीं। मेडिकल चेकअप कराकर इंदौर से भोपाल लौट रही थीं, तभी रास्ते में करीब 1 बजे उन्हें देवास जिले के सोनकच्छ के पास कार्डियक अरेस्ट हुआ। प्रतिभा महिला सेल में पदस्थ थीं।

जैतपुर में 29 अप्रैल को उर्स व इज्तेमाई , कव्वाली का भी होगा आयोजन

शहडोल।

बाबा करामत शाह रहमतुल्लाह का 83 वा उर्स मुबारक व इज्तेमाई का आयोजन आगामी 29 अप्रैल को जैतपुर में किया जा रहा है ।158 जोड़ो का अब तक निकाह कराया जा चुका है , 10 जोड़ो का इस वर्ष भी निकाह होगा , कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद रईश व सेकेट्री चांद खान न्याजी , कार्यवाहक अध्यक्ष सफीक कादरी व अनीश अहमद , शेरु खान ने समस्त लोगों से आवाहन किया है कि उक्त अवसर पर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

स्थगन आदेश के बाद भी जारी है निर्माण कार्य

शहडोल।

राज्य में एक ओर भू माफिया को खिलाफ कार्यवाही किया जा रहा है लेकिन कुछ भू माफिया राज्य सरकार का आदेश की आदेश को दर किनार करते दिख रहे है। ताजा मामला ग्राम करकटी का है आवेदक रामकरण कचेर ने बताया कि मेरी जमीन ग्राम करकटी खसरा नंबर 221/2/1 एवं खसरा नंबर 221/2/2 मेरे जमीन है जिसमे ग्राम करकटी निवासी संतोष कचेर मेरे जमीन के अवैध कब्जा कर निर्माण

कार्य कराया जा रहा है जिसमे तहसील के द्वारा स्थगन दे दिया गया है किंतु अगर सूत्रों की मानें तो स्थगन आदेश की अवहेलना करते हुए संतोष के द्वारा लगातार निर्माण कार्य किया जा रहा है,लेकिन तहसील में कार्यरत मैदानी अमला अपने वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश का पालन करने में सक्षम दिखाई नही दे रहा है जो राजस्व विभाग के मैदानी अमले की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है। चुनाव ड्यूटी के दौरान मेरा हाथ टूट गया था , इस मामले की सूचना स्थानीय सरपंच के द्वारा मुझे दी गई थी , पूरे मामले की जानकारी मेरे द्वारा राजस्व निरीक्षक को दे दी गई थी

विजय बुनकर, पटवारी करकटी

कंचन सिंह चौहान को पीएचडी की उपाधि, डॉक्टर आफ फिलासफी से नवाजी गई कंचन चौहान क्षेत्र में हर्ष का माहौल

अनूपपुर।

जिले के संजय नगर कालोनी में निवास करने वाली श्रीमती कंचन सिंह चौहान को पी एच डी की उपाधि मिली है। डॉक्टर का फिलॉसफी की यह उपाधि उन्हें शोध प्रबंध अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के द्वारा वर्ष 2024 में प्राप्त हुआ है समाज विज्ञान संकाय के अंतर्गत राजनीति विज्ञान विषय से प्राप्ति हुआ है, विषेश रूप से पंचायती राज में महिला सशक्तिकरण की भूमिका प्रमुख रही, ज्ञात हो कि संजय नगर के छोटे से कॉलोनी में निवास करने वाली कंचन सिंह चौहान पति बांकेलाल सिंह बघेल एवं पिता प्रदीप सिंह एसईसीएल कोल माइंस में कार्यरत हैं और उनकी माता सुशीला सिंह हाउसवाइफ है इन्होंने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देते हुए यहां तक पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ी और आज डॉक्टरेट की उपाधि लेकर एक मिसाल बनी है कंचन सिंह चौहान आज भी

शहडोल जिले के 7 ओसियन पब्लिक स्कूल में बच्चों को शिक्षा प्रदान करती हैं इसके अलावा समय-समय पर महिला सशक्तिकरण के लिए आगे आती रहती हैं निश्चित रूप से उनको डॉक्टर आप फिलासफी उपाधि से नमाजे जाने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का विषय बना हुआ है वहीं उनके परिवार के लोगों का कहना है कि अगर कोई बेटी आगे बढ़ती है तो उसके कदम के साथ अपना कदम मिलाकर चलना चाहिए ताकि देश और अपने गांव का भला हो सके निश्चित रूप से परिवार में खुशियों का माहौल सा है और परिजनों का आम नागरिकों से अनुरोध भी है कि आज लड़किया लड़को से कम नहीं होती और समय-समय पर अगर उनका हौसला अफजाई किया जाए तो निश्चित रूप से उनका मार्ग प्रशस्त होता चला जाता है, जिसका जीता जागता उदाहरण आपके सामने है इसके अलावा पार्षद समाजसेवी पवन चीनी ने कंचन सिंह चौहान को बधाई देते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र की गरिमा को बढ़ाने वाले बच्चियों को आगे जो भी सहयोग की जरूरत पड़ेगी हमेशा तत्पर रहेंगे और यह अति गर्व का विषय है कि हमारे कोल माइंस क्षेत्र की बच्ची ने यह डॉक्टर का पद हासिल किया है इसी तरह सैकड़ो लोगों ने बधाई प्रेषित की जिसमें अमरजीत सिंह, सुमित सिंह, सचिन पुरी, प्रभाकर राव बरगट, युवराज दुबे, दीपक सिंह, शारदा गुप्ता, बसंत कुमार सहित जिला वासियों ने बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

खास | सकल जैन समाज के कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व सीएम की पत्नी अमृता सिंह

मानव जीवन का सबसे बडा लक्ष्य होना चाहिए समानता:अमृता सिंह

अनूपपुर।

भगवान महावीर स्वामी ने दुनिया को अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, और ब्रह्मचार्य के बारे में बताया है, जिसे जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत के तौर पर जाना जाता है, उन्होंने अपने जीवन में लोगों को सही राह दिखाने और जियो और जीने दो के संदेश से लोगों का मार्गदर्शन करने का काम किया। महावीर स्वामी ने जीवन में कई उपदेश दिए हैं। उनका मानना था कि मनुष्य को कभी भी असत्य के मार्ग पर नहीं चलना चाहिए और जितने भी जीव इस दुनिया में हैं, उन पर कभी भी हिंसा नहीं करनी चाहिए। उक्त उद्गार सकल जैन समाज के एबी रोड किनारे राजगढ़ के सारंगपुर के कीर्ती स्तंभ परिसर में आयोजित सांस्कृति कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में शामिल हुई पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की पत्नी अम्रता सिंह ने भगवान महावीर के बारे में अपने

विचार रखते हुए व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि भगवान महावीर का जन्म राज महल में हुआ था, बचपन में इनको वर्द्धमान नाम से जाना जाता था। इनके पिता का नाम महाराज सिद्धार्थ और माता का नाम महारानी त्रिशला था। लेकिन धीरे-धीरे राज पाट से महावीर भगवान का मन उकता गया, वो जीवन के सत्य की खोज करने लगें और आखिरकार 30 वर्ष की आयु में राज महलों के सुख को त्याग कर सत्य की खोज में जंगलों की ओर चले गए। घने जंगलों में रहते हुए इन्होंने बारह वर्षों तक कठोर तपस्या की, जिसके बाद ऋजुबालुका नदी के तट पर वृक्ष के नीचे उन्हें कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। भगवान महावीर ने समाज सुधार और लोगों के कल्याण के लिए उपदेश दिए। भगवान महावीर ने मोक्ष प्राप्त करने के लिए मनुष्यों के लिए पांच नियम स्थापित किए, जिन्हें हम पंच सिद्धांत के नाम से जानते हैं। ये पांच सिद्धांत हैं- अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह। श्रीमति सिंह ने कहा कि निडर, सहनशील और अहिंसक होने के कारण उनका नाम महावीर पडा। भगवान महावीर ने अपने प्रवचनों में अहिंसा, सत्य, और ब्रह्मचर्य पर सबसे अधिक जोर दिया। उनके प्रवचनों में हमेशा त्याग, संयम, प्रेम, करुणा, और सदाचार की बातें होती थीं। उनका मानना था कि मानव जीवन का सबसे बडा लक्ष्य समानता होना चाहिए। मनुष्य के दुखी होने का कारण उसकी अपनी गलतियां हैं। जिस मनुष्य ने अपनी गलतियों पर काबू पा लिया, वह सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है। स्वयं से लडो, बाहरी दुश्मनों से क्या लडना? जो स्वयं पर विजय पा लेगा, उसे आनंद की प्राप्ति होगी। कार्यक्रम के पूर्व सकल जैन समाज की महिला मंडल ने श्रीमति सिंह का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण अर्पिता संजय डेडी ने दिया। संचालन सकल जैन समाज के प्रवक्ता मनोज जैन ने किया तथा आभार सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष विजय जैन ने माना। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस महामंत्री नीलू दुबे,सहित बड़ी संख्या में जैन समाज की महिलाए उपस्थित थी।

कल्कि 2898 एडी में अश्वत्थामा बने हैं अमिताभ

फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' से सुपरस्टार अमिताभ बच्चन का फर्स्ट लुक टीजर रिलीज हो चुका है। 1 मिनट के इस टीजर में अमिताभ, गुरू द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा के किरदार में नजर आ रहे हैं। 'मैं गुरू द्रोण का पुत्र अश्वत्थामा हूं' टीजर में अमिताभ एक छोटे बच्चे से बातचीत करते नजर आ रहे हैं, जो उनसे पूछ रहा है कि वो कौन हैं? यह बच्चा भगवान शिव की आराधना कर रहे अमिताभ के पास आकर खुद को इंट्रोड्यूस करता है। वह कहता है कि मैं राया हूं। आप कौन हैं? क्या यह एक मंदिर है? क्या आप भगवान हैं? उसे जवाब देते हुए अमिताभ कहते हैं- 'सुनो मेरा समय आ गया है। मेरे अंतिम युद्ध का समय आ गया है।' इसके बाद वह बच्चा पूछता है- आप हैं कौन? तब टीजर के अंत में अमिताभ कहते हैं- 'द्वापर युग से 10वें अवतार की प्रतीक्षा कर रहा मैं गुरू द्रोण का पुत्र अश्वत्थामा हूं।'

डी-एजिंग टेक्नोलॉजी से यंग नजर आए अमिताभ

एक मिनट के इस टीजर का सबसे खास सीन वो है जिसमें अमिताभ बच्चन के यंग लुक को दिखाया गया है। इसी सीन को डी-एजिंग टेक्नोलॉजी के जरिए शूट किया गया है। इससे साफ है कि फिल्म में अमिताभ के किरदार अश्वत्थामा की बैक स्टोरी भी दिखाई जाएगी।

प्रभास, दीपिका और कमल हासन भी नजर आएंगे

फिल्म में अमिताभ के अलावा प्रभास, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। मेकर्स ने पिछले साल अमेरिका में हुए सैन डिएगो कॉमिक कॉन में इस फिल्म का टीजर रिलीज किया था।

अनाउंस नहीं हुई नई रिलीज डेट

यह फिल्म कई भाषाओं में इस साल 9 मई को रिलीज होने वाली थी पर इसे पोस्टपोन कर दिया गया है। हालांकि, मेकर्स ने अब तक इसकी नई रिलीज डेट अनाउंस नहीं की है।बजट के लिहाज से देखें तो 600 करोड़ में बनी कल्कि 2898 एडी इस साल की सबसे महंगी फिल्म है। इसे तेलुगु सिनेमा के जाने-माने डायरेक्टर नाग अश्विन ने बनाया है।

मैं फिल्मी ग्लैमर के मोह में कभी नहीं पड़ी

घर-परिवार भी देखना चाहती हूं

अपनी पिछली वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में ग्रे शेड वाली रईस बॉलीवुड डीवा का किरदार निभाने वाली रवीना टंडन अपनी हालिया ओटीटी फिल्म पटना शुक्ला में उससे बिल्कुल उलट एक नैतिकतावादी मिडिल क्लास पत्नी, मां और वकील के किरदार में दिखीं। ओटीटी पर अपने किरदारों के साथ खुलकर प्रयोग कर रहीं रवीना से हमने की खास बातचीत -

नब्बे के दशक वाली रवीना के मुकाबले ओटीटी पर अपनी दूसरी पारी में आप कहीं ज्यादा विविधतापूर्ण किरदार निभा रही हैं। क्या इसकी वजह ये है कि अब आपको कुछ साबित नहीं करना, किसी रेस में नहीं भागना है?

दरअसल, ये सोची-समझी कोशिश मैंने 2000 से ही शुरू कर दी थी। अगर आप मेरी फिल्मों की चॉइसेज देखेंगी, जब मैंने दमन, शूल, गुलाम ए मुस्तफा, सत्ता ये सब फिल्में शुरू कीं, उसकी वजह यही थी कि मैं अलग-अलग तरह के किरदार करना चाहती थी। खुशकिस्मती से उस समय भी मैं उन किरदारों को निभाने में सफल हुई। तब भी ऑडियंस ने मुझे कुबूल किया और अभी भी ऑडियंस का रिस्पॉन्स बहुत अच्छा रहा है।

आपने हमेशा कहा है कि आपने कभी फिल्मों को आने का सपना नहीं देखा था, आपको कब ये अहसास हुआ कि सिनेमा आपका पैशन और प्यार है?

सिनेमा पैशन और प्यार है, बिल्कुल ऐसा अहसास तो नहीं था लेकिन ये जरूर था कि काम करते-करते वक्त के साथ ये लगा कि ये वो चीज है जो मैं बेस्ट करती हूं और यहां मैं अपने को आगे बढ़ाते हुए देखना चाहती हूं। फिर वो आपकी जिंदगी बन जाता है। वैसे, मैंने हमेशा कोशिश की है कि मैं एक बैलेंस्ड जिंदगी जियूं। मैं अपने घर परिवार गृहस्थी को भी देखना चाहती हूं। मैं एक अच्छी मां, अच्छी पत्नी, अच्छी बेटी और अच्छी बहू भी बनना चाहती हूं और साथ ही मैं अपने काम में भी आगे बढ़ना चाहती हूं। हालांकि, मैंने बीच में कई बार इसे गिव अप किया है।

फिल्म जगत का जो एक ग्लैमर होता है, उसका मोह आपको कभी नहीं रहा? जब काम नहीं कर रह रही थीं, तब सेट को मिस नहीं करती थीं?

कभी नहीं। मुझे ये मोह कभी नहीं रहा, ना मैंने उसे कभी मिस किया। तब मैं वो चीजें करने में बिजी थी जो मैं करना चाहती थी। सबसे जरूरी बात ये थी कि वह मेरा फैसला था। जब मेरे बच्चे छोटे थे, तब मैंने वो ब्रेक लिया और मैं उसे लेकर बहुत खुश थी। मैं वो करना चाहती थी। जब वे छोटे थे तो उनका ख्याल रखना चाहती थी क्योंकि मेरा मानना है कि बच्चे के शुरुआती समय बहुत अहम होता है। वो उनकी नींव होती है।

पटना शुक्ला में आपका किरदार तन्दी घर-बाहर दोनों जगह परफेक्ट ढंग से अपना काम करती है पर औरत होने के नाते उसकी कद्र देर से होती है। समाज में अमूमन यही होता है कि औरतें सब करती हैं पर उनकी कद्र नहीं होती है। इस पर आपकी क्या राय है?

ये ऐसी सोच है जो सदियों से चली आ रही है। आजकल बेशक जागरूकता आ रही है। मेरी पिछली सीरीज आरण्यक में भी हमने इस मुद्दे को उठाया था कि ये बहुत जरूरी है कि बाकी घरवाले भी अपनी घर की महिलाओं की मदद करें। उनके सपनों को सपोर्ट करें क्योंकि कहीं न कहीं वे भी अपनी जॉब में आगे बढ़ना चाहती हैं। उनकी भी महत्वाकांक्षा है, सपने हैं तो घर में उनका भी हाथ बंटाया जाए ताकि वे भी अपने सपने पूरे कर सकें, अपने जॉब पर आगे बढ़ सकें।

सिंकदर में सलमान खान के साथ नजर आ सकती हैं कियारा आडवाणी

सलमान खान की आने वाली फिल्म सिंकदर की कुछ समय पहले ही घोषणा हुई है। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा सलमान खान ने ईद के अवसर पर की थी। इसके बाद से सलमान खान की इस फिल्म को लेकर सिने गलियारों में काफी बज है। इस फिल्म की स्टारकास्ट का अभी तक निर्माताओं ने ऐलान नहीं किया है। फिल्मफेयर के अनुसार इस फिल्म में पहली बार सलमान खान के साथ कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। कियारा के इस फिल्म के पीछे जुड़ने का सबसे बड़ा कारण निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। कियारा साजिद की फिल्म सत्य प्रेम की कथा में नजर आ चुकी हैं। अभी कुछ दिन पहले ही अदाकारा कियारा आडवाणी को निर्माता साजिद नाडियाडवाला के दफ्तर के बाहर देखा गया। अदाकारा को साजिद नाडियाडवाला के घर के बाहर उस वक्त स्पॉट किया गया, जब इससे कुछ ही दिन पहले उन्होंने सलमान खान के साथ अपनी अगली फिल्म सिंकदर का धमाकेदार ऐलान किया था। इसके बाद से ही कयास लग रहे हैं कि कियारा आडवाणी सलमान खान के साथ सिकंदर में नजर आ सकती हैं।

पति निक जोनास के साथ स्विट्जरलैंड में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं प्रियंका

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपने पति निक जोनास के साथ स्विट्जरलैंड में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। शनिवार को एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर स्विट्जरलैंड के क्रान्स-मोंटाना से अपनी हालिया छुट्टियों की तस्वीरें शेयर की। क्रान्स-मोंटाना स्विट्जरलैंड में वैलैस के कैंटन में सिएरे जिले में स्थित है।

तस्वीरों में एक्ट्रेस को अपनी छुट्टियों पर आराम करते देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने बर्फबारी और बर्फ से ढके पहाड़ों की कई तस्वीरें भी शेयर की। फोटोज में प्रियंका चोपड़ा को आरामदायक विंटरवियर पहने देखा जा सकता है। इससे पहले प्रियंका चोपड़ा जोनास ने अपने इंस्टाग्राम पर पुरानी और एक लेटेस्ट फोटो शेयर की थी। पहली तस्वीर उनकी मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद की थी, वहीं दूसरी तस्वीर हाल ही की थी।

वांगा की फिल्मों के फीमेल कैरेक्टर्स की फैन मानुषी छिल्लर

एक्टर मानुषी छिल्लर हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रही हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने फिल्मी सफर पर बात की। मानुषी ने बताया कि डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें फिल्म 'कबीर सिंह' में कियारा आडवाणी वाला रोल ऑफर किया था। मानुषी ने यह भी कहा कि वो वांगा के साथ काम करना चाहती हैं। एक इंटरव्यू में मानुषी ने कहा कि वो संदीप रेड्डी वांगा के काम को पसंद करती हैं। खास तौर पर संदीप जिस तरह अपनी फिल्मों में वुमन कैरेक्टर्स को पोट्रे करते हैं वो मानुषी को बहुत पसंद है। मानुषी ने फिल्म 'एनिमल' में निभाए रश्मिका मंदाना के किरदार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'एक पूरी फिल्म जहां कई सारे आदमी एक दूसरे से लड़ रहे हैं। उसमें रश्मिका के कैरेक्टर ने अपनी स्पेस बनाकर रखी।'

कॉन्ट्रैक्ट के चलते नहीं कर पाईं 'कबीर सिंह'

इंटरव्यू में मानुषी ने यह भी बताया कि उन्हें फिल्म 'कबीर सिंह' में प्रीति का रोल ऑफर किया गया था। एक्ट्रेस ने कहा, 'हां, मुझे यह रोल ऑफर किया गया था पर मुझे बहुत बाद में पता चला कि इसमें मुझे शाहिद कपूर के अपोजिट कास्ट किया जाना था। हालांकि, उस दौरान मैंने मिस वर्ल्ड कॉन्टेस्ट जीता था और मैं एक साल के कॉन्ट्रैक्ट में थी इसलिए मैं फिल्म नहीं कर पाई।'

'तेहरान' में जॉन अब्राहम के साथ नजर आएंगी

मानुषी छिल्लर ने साल 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था। इसके 5 साल बाद 2022 में उन्होंने अक्षय कुमार की फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। एक्ट्रेस इसके अलावा द ग्रेट इंडियन फैमिली और ऑपरेशन वैलेंटाइन जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अपकमिंग फिल्म तेहरान में वो जॉन अब्राहम के साथ नजर आएंगी।

जब तक दुनिया में राम का नाम है, तब तक रावण को याद करना पड़ेगा

सिनेमाई पर्दे पर कई यादगार किरदार निभाने वाले एक्टर आशुतोष राणा इन दिनों रावण की भूमिका को लेकर चर्चा में हैं। दरअसल, गौरव भारद्वाज निर्देशित नाटक हमारे राम के इस किरदार से वह 22 साल बाद थिएटर में लौटे हैं। आशुतोष खुद इतने लंबे समय बाद रंगमंच में वापसी को लेकर रोमांचित हैं।

रामलीला में बंदर, अंगद, मेघनाद सब बना हूं

रामलीला से आशुतोष का पुराना नाता रहा है। वह कहते हैं, रामायण मेरा प्रिय विषय रहा है। हम रामलीला करते हुए बड़े हुए हैं। बचपन में बंदर, भालू, अंगद, मेघनाद, केवट जैसे कई किरदार निभाए हैं। तब रावण का किरदार करने की भी इच्छा थी, लेकिन उस वक्त हमारी उम्र, हमारी कद-काठी जैसी थी, उस वजह से हमारी रामलीला मंडली के लोग मुझे रावण जैसे परिपक्व, गरिमापूर्ण किरदार के लिए उपयुक्त नहीं मानते थे। अब जाकर मंच पर रावण को निभाने का मौका मिला। मुझे खुशी है कि मैंने राम कथा से ही मंच पर वापसी की।

रावण के किरदार में क्या खास लगा?

रावण के किरदार में उन्हें क्या खास लगा? यह पूछने पर वह कहते हैं, जब आप किसी को मित्र दृष्टि से देखते हैं तो उसके दोष भी निर्दोष दिखाई देते हैं, पर जब आप किसी को शत्रु दृष्टि से देखते हैं तो आपको सिर्फ उसके गुण दिखाई देते हैं, रावण ने राम को शत्रु दृष्टि से इसलिए देखा क्योंकि उसकी रुचि राम के अवगुणों में नहीं, गुणों में थी। इसलिए कुछ लोग जुड़कर लड़ते हैं पर रावण लड़कर उनसे जुड़ गया। जब तक इस जगत में राम का नाम रहेगा, हमें रावण को याद करना पड़ेगा।

रामकथा जैसा साहित्य दूसरा नहीं

आशुतोष रामायण को अपना प्रिय विषय क्यों मानते हैं? इन दिनों रामायण में काफी फिल्में भी बन रही हैं? यह पूछने पर वह कहते हैं, जैसा मैंने बताया कि हम लोग रामलीला करके ही बड़े हुए हैं। राम कथा को संसार के श्रेष्ठतम साहित्यों में पहले पायदान पर रखा जाता है। उस कथा को आप जितना अपने जीवन में घोल सकें, उस पर चिंतन-मनन कर सकें, कम है। यही कारण रहा कि हमने अपनी पहली किताब मौन मुस्कान की मार के बाद रामराज्य नामक किताब भी लिखी है, जिसे सबने बेहद सराहा। उसे अखिल भारतीय साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला। मैं एकमात्र एक्टर हूं, जिसको साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है। वह आगे बताते हैं कि हाल ही में उनकी तीसरी किताब आई है आशुतोष नीति, जीवन की रीति। वहीं, आगे वह वासुदेव कृष्ण के बारे में लिख रहे हैं।

थिएटर से दूर नहीं हुआ था

एनएसडी से थिएटर करने वाले आशुतोष राणा इतने सालों तक रंगमंच से दूर क्यों रहे? उन्होंने इस मिस नहीं किया? यह पूछने पर उनका कहना था, मिस उसे किया जाता है जिसे आप भूल जाएं। मेरा मानना है कि अगर आपको वैसी स्क्रिप्ट नहीं मिले, जो आपके जेहन में हो, तो कमजोर काम करने से बेहतर है कि आप वो काम ना करें, खासकर उस माध्यम (थिएटर) में जहां से आपका जन्म हुआ है। सिनेमा में तो हम कई किस्म के काम कर लेते हैं लेकिन थिएटर जो पैशन है, जो प्रशिक्षण स्थल रहा है, वहां ऐसा काम बिल्कुल ना करें जो आपका मन गंवारा नहीं करता है। मगर मैं उससे दूर बिल्कुल नहीं रहा। बेशक एक एक्टर के तौर पर मंच पर सक्रिय नहीं रहा, लेकिन कभी आप दर्शक के तौर पर सक्रिय रहते हैं, अपने नोट्स जो विद्यार्थियों से बांटते हैं, जो वर्कशॉप करते हैं, उससे भी जुड़े रहते हैं। थिएटर की तो कई विधाएं होती हैं और मैं उस तौर पर सक्रिय रहा हूं। हां, एक एक्टर के रूप में निश्चित तौर पर मैं 22 साल के बाद अब हमारे राम कर रहा हूं।

संक्षिप्त समाचार

रामदेवबाबा सॉल्वेंट की बाजार में धमाकेदार एंट्री, 85 रुपये का शेयर पहले ही दिन 115 रुपये के पार

नई दिल्ली, एजेंसी। रामदेवबाबा सॉल्वेंट की शेयर बाजार में धमाकेदार शुरुआत हुई है। कंपनी के शेयर 31 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे के साथ 112 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में रामदेवबाबा सॉल्वेंट के शेयर 85 रुपये में निवेशकों को मिले थे। यानी, लिस्टिंग के साथ ही निवेशकों को हर शेयर पर 27 रुपये का फायदा हो गया है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 15 अप्रैल को खुला था और यह 18 अप्रैल 2024 तक ओपन रहा। लिस्टिंग के ठीक बाद रामदेवबाबा सॉल्वेंट के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 117.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। रामदेवबाबा सॉल्वेंट की शुरुआत साल 2008 में हुई थी। कंपनी रिफाइंड राइस ब्रैन ऑयल का प्रॉडकशन और डिस्ट्रीब्यूशन करती है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट फिलहाल मदर डेयरी फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स प्राइवेट लिमिटेड, मैरिको लिमिटेड और एम्पायर स्पाइसेज एंड फूड्स लिमिटेड जैसी कंपनियों को राइस ब्रैन ऑयल सेल करती है। इसके अलावा, कंपनी अपने खुद के ब्रांड तुलसी और सेहत के तहत राइस ब्रैन ऑयल की मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग करती है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के आईपीओ पर टोटल 126.21 गुना दांव लगा था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 79.96 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स का कोटा 314.46 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी के आईपीओ में क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटेगरी में 65.95 गुना दांव लगा था। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1600 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को कंपनी के आईपीओ में 1.36 लाख रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 50.27 करोड़ रुपये तक का था। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के स्स्ब्ध प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 81.01 पर्सेंट थी।

देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता जांचेगा खाद्य नियामक, सवाल उठे तो हरकत में सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। खाद्य सुरक्षा नियामक (एफएसएसएआई) ने जांच के मकसद से देश भर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने लेना शुरू कर दिया है। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी है। सिंगापुर और हांगकांग में इन दोनों कंपनियों कुछ मसाला उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताये जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, ''मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर, एफएसएसएआई बाजार से एमडीएच और एवरेस्ट समेत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने ले रहा है ताकि यह जांचा जा सके कि वे तय मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं।'' उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) निर्यात किये जाने वाले मसालों की गुणवत्ता का नियमन नहीं करता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत आने वाला एफएसएसएआई घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले उत्पाद की गुणवत्ता की जांच करने के लिए नियमित रूप से बाजार से मसालों के नमूने लेता है। इस बीच, भारतीय मसाला बोर्ड भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर हांगकांग और सिंगापुर में लगाए गए प्रतिबंध पर गौर कर रहा है। इन मसालों में कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाये जाने की बात कही गयी है। भारतीय मसाला बोर्ड की निदेशक ए बी रेमा श्री ने पीटीआई से कहा, हम इस मामले को देख रहे हैं। हम इस पर कायम हैं। इस बारे में कंपनियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने और व्यापारियों से नहीं बेचने को कहा है, जबकि सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने ऐसे मसालों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

अरसे बाद टाटा ग्रुप की कंपनी टीटीएमएल के शेयर ने भरी उड़ान

5 साल में दे चुका है 2926 पर्सेंट से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा ग्रुप की सब्सिडियरी कंपनी टीटीएमएल के शेयर लंबे अरसे बाद आज उफान पर हैं। आज दोपहर 12 बजे के करीब इसके शेयर 14 फीसद की उछाल के साथ 89.75 रुपये पर पहुंच गए। यह वही स्टॉक है, जो 27 मार्च 2020 को 1.85 रुपये का था और 11 जनवरी 2022 को यह अपने ऑल टाइम हाई 291 रुपये पर पहुंच गया था। पिछले एक साल में रतन टाटा द्वारा स्थापित इस कंपनी के शेयर ने 37 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। पिछले एक महीने में यह स्टॉक 12 फीसद से अधिक उछला है। इसका 52 हफ्ते का

लो 59.80 रुपये है। 15 सितंबर 2023 को 103 रुपये पर पहुंचने के बाद आज फिर से इसमें तेजी दिख रही है। पांच साल पहले यह शेयर 2.86 रुपये का था। इस स्टॉक में धैर्य रखने वाले निवेशक मालामाल हो गए। इस अवधि में टीटीएमएल ने 2926 पर्सेंट से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। शुरुआत से अबतक यह 1079 फीसद से अधिक का रिटर्न दे चुका है। छह जुलाई 2001 को यह स्टॉक 7.34 रुपये का था। टीटीएमएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग 25 अप्रैल को होनी है। इस बैठक में कंपनी के तिमाही नतीजे का ऐलान किया जएगा। टीटीएमल के शेयर होल्डिंग की बात करें तो मार्च 2024 तक प्रमोटर्स के साथ 74.36 फीसद हिस्सेदारी है।

एनर्जी कंपनी को मिला बड़ा ऑर्डर, शेयर पर टूटे निवेशक

नई दिल्ली, एजेंसी। एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी केपी एनर्जी लिमिटेड को विंड एनर्जी का एक बड़ा ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर के बाद केपी एनर्जी के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को केपी एनर्जी शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। इस शेयर की पिछली क्लोजिंग 390.35 रुपये थी जो मंगलवार को 409.85 पर पहुंच गया।

बता दें कि 26 फरवरी 2024 को शेयर की कीमत 465 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। मई 2023 में शेयर की कीमत 58.61 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। एक साल की अवधि में इस शेयर ने निवेशकों को 550 प्रतिशत से ज्यादा का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। केपी एनर्जी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि उसे विंड एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए भथवारी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से एक नया ऑर्डर मिला है। यह परियोजना विंड-सोलर हाइब्रिड पावर प्रोजेक्ट का एक घटक है जो गुजरात में स्थित है। यह परियोजना राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटी (एसटीयू) नेटवर्क का हिस्सा है और कैप्टिव पावर प्रोजेक्ट के तहत है। इस परियोजना के वित्तीय वर्ष 2024-2025 में समाप्त होने की उम्मीद है और इसमें टर्नकी परियोजना विकास के लिए सप्लाई और सर्विस, दोनों शामिल हैं। मार्च तिमाही के दौरान केपी एनर्जी लिमिटेड के नेट प्रॉफिट में लगभग 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह एक साल पहले की अवधि में 15.48 करोड़ था जो 24.89 करोड़ रुपये है। इसका राजस्व 148.44 करोड़ रुपये के मुकाबले 39.6 प्रतिशत बढ़कर 207.26 करोड़ रुपये हो गया। केपी एनर्जी की मुख्य कारोबारी गतिविधियों में विंड फार्मों का निर्माण, विंड एनर्जी प्रोजेक्ट और संबंधित सर्विसेज का निर्माण, विंड एनर्जी उत्पादक संपत्तियों का उपयोग करके बिजली का उत्पादन और विंड एनर्जी परियोजनाओं का ऑपरेशन या मेंटेनेंस शामिल हैं।

पावर कंपनी का कम हो गया कर्ज, शेयर खरीदने की लूट

नई दिल्ली, एजेंसी। सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को एक बार फिर स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिली। ट्रेडिंग के दौरान यह शेयर लगभग 10 प्रतिशत बढ़कर 679.40 के 52-सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी दिन है जब शेयर में तूफानी तेजी आई है। वहीं, सितंबर 2019 के बाद पहली बार शेयर ने इस स्तर को

टच किया है। बता दें कि यह शेयर 753.45 के अपने ऑल टाइम हाई से केवल 9 प्रतिशत दूर है। इस महीने में अब तक शेयर में 27 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, साल-दर-साल इस शेयर में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शानदार तिमाही नतीजे की वजह से कंपनी के शेयर रॉकेट की तरह बढ़ रहे हैं। मार्च तिमाही के दौरान कंपनी घाटे से मुनाफे में आई और 1.40 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ। इससे पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी को 421.11 करोड़ का घाटा हुआ था। कंपनी की कुल आय पिछले वर्ष के 86.36 करोड़ से बढ़कर 1211 करोड़ हो गई। एबिटा के मोर्चे पर कंपनी ने एफवाय24 में 54 करोड़ का पॉजिटिव ग्रोथ देखा।

इसके अलावा एफवाय24 में कंपनी ने अपनी बैलेंस शीट को मजबूत किया है। कंपनी का एफवाय23 में कुल कर्ज 1966 करोड़ था जो घटकर 116 करोड़ हो गया है। कंपनी ने ये भी स्पष्ट किया है कि वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही तक कोई एडवांड कर्ज भुगतान नहीं है। मार्च 2024 तक कंपनी के पास ऑर्डर 8084 करोड़ था, जबकि मार्च 2023 तक यह 4913 करोड़ था। बता दें कि स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी एंड-टू-एंड सौर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) समाधानों का एक लीडिंग सर्विस प्रोवाइडर है।

मंगलम वर्ल्डवाइड के वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के कर बाद लाभ में 75 प्रतिशत का उछाल

मुंबई, एजेंसी। मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड (एमडब्ल्यू) (इमर्जी एमडब्ल्यू) पूर्णत3 समन्वित स्टेनलेस स्टील कंपनीने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड के चेयरमैन, श्री विपिन प्रकाश मंगल ने कहा, 27 प्रतिशत आय ग्रोथ पर 30 प्रतिशत शुद्ध लाभ ग्रोथ हासिल करना प्रभावशाली होने के साथ हमारी व्यूहनीतियों की प्रभावकारिता के बारे में हमारे वॉल्यूम बताते हैं. जोरदार मांग और लागत कम करने के प्रयासों ने हमारी लाभ मार्जिन सुधारने में योगदान दिया है और हम आगे चलकर जोरदार मांग के प्रति प्रतिबद्ध हैं. हम आक्रामक रूप से मेलों और प्रदर्शनियों के मार्फत हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को प्रदर्शित कर रहे हैं, जो नए ग्राहकों को आकर्षित करने और हमारी बाजार उपस्थिति बढ़ाने के प्रति जोरदार प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते है.

सरकारी बैंकों के पास एलओसी जारी करने का पावर नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को दिए गए अपने एक फैसले में कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास केंद्र सरकार के ऑफिस मेमोरेंडा के तहत भारतीयों और विदेशियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने की शक्ति नहीं है। एलओसी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जीएस पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार ने यह घोषणा की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हालांकि केंद्र सरकार का कार्यालय ज्ञापन अपने आप में असंवैधानिक नहीं है, लेकिन बैंक मैनेजरों को एलओसी जारी करने का अधिकार देना मनमाना माना जाता है। विशेष रूप से यह फैसला ट्रिब्यूनल या क्रिमिनल कोर्ट द्वारा जारी किए गए मौजूदा आदेशों को प्रभावित नहीं करता है, जो किसी इंडिविजुअल को विदेश यात्रा से प्रतिबंधित करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के इमीग्रेशन ब्यूरो द्वारा प्रशासित एलओसी, अफसरों को इंडीविजुअल्स को भारत छोड़ने से रोकने में सक्षम बनाती है। पहली बार 2010 में जारी किए गए और बाद में संशोधित किए गए इन सर्कुलर्स को लीगल स्वरूटनी का सामना करना पड़ा। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि ऐसे सर्कुलर मौलिक अधिकारों, विशेष रूप से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि बैंकों के वित्तीय हित राष्ट्र के आर्थिक हितों के बराबर नहीं होने चाहिए। इसके जवाब में गृह मंत्रालय ने कार्यालय ज्ञापन की वैलिडिटी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने सुरक्षा, संप्रभुता और आतंकवाद विरोधी व्यापक राष्ट्रीय हितों की रक्षा की है। मंत्रालय ने एलओसी जारी करने में जांच और संतुलन की उपस्थिति पर जोर दिया और कहा कि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है।

छोटी सी दुकान से हुई एवरेस्ट मसालों की शुरुआत, आज टर्नओवर 2500 करोड़ रुपये से ज्याद

नई दिल्ली, एजेंसी। क्या आप जानते हैं एनरेस्ट मसालों की शुरुआत कैसे हुई थी। कंपनी का फाउंडर कौन है। दरअसल एवरेस्ट मसालों को इस ऊंचाई तक पहुंचाने के पीछे वाडीलाल शाह की कड़ी मेहनत है। कंपनी का टर्नओवर आज करीब 2500 करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुका है। एक छोटी सी दुकान से हुई एवरेस्ट मसालों की शुरुआत आज एक बड़ा ब्रांड बन चुकी है। आईए आपको बताते हैं एवरेस्ट मसालों की पूरी कहानी।

वाडीलाल शाह अपने पिता की मसालों की दुकान पर काम किया करते थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि महिलाएं मसाले खरीदते समय कोई विशेष कॉम्बिनेशन का ध्यान नहीं रखती हैं। यहीं से उन्हें आइडिया आया कि क्यों न एक कम्पलीट मसाला पैक तैयार किया जाए। इसी पर काम करते हुए वाडीलाल शाह ने एवरेस्ट मसाला का एक बड़ा ब्रांड बना दिया। कंपनी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी। भारत के चर्चित एवरेस्ट मसाला ब्रांड के मालिक

वाडीलाल शाह थे। वह मूल रूप से गुजरात के जामनगर के रहने वाले थे। जामनगर में लोग उन्हें प्यार से वाडीकाका कहकर बुलाते थे।

भारत में कौन सा मसाला ब्रांड नंबर वन है : रिपोर्ट्स के मुताबिक, एवरेस्ट मसाला ब्रांड भारत में नंबर वन है। साल 1967 में इस कंपनी की शुरुआत हुई थी।

सब्जियों के व्यंजनों के स्वाद को बढ़ाने के लिए एवरेस्ट मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। कंपनी अलग-अलग सब्जियों और व्यंजनों के लिए कई तरह के मसाले बनाती है। एवरेस्ट मसालों के में बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान नजर आते हैं।

सोने की ताबड़तोड़ खरीदारी कर रहा चीन! भारत को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन जमकर सोने की खरीदारी में लगा हुआ है। गोल्ड खरीदने में चीन ने इस साल भारत को भी पीछे छोड़ दिया है। चीन इस समय सोना खरीदने वाले देशों में पहले नंबर पर है। बीते समय में भारत दुनिया का सबसे ज्यादा सोना खरीदने वाला देश बना हुआ था। हालांकि अब चीन

इस मामले में भारत से आगे निकल गया है। भारत और चीन के बीच सबसे ज्यादा सोना खरीदने के मामले में मुकाबला चलता रहता है। पिछले वर्षों को देखें तो दुनिया में सबसे ज्यादा सोना या तो भारत खरीदता है या फिर चीन। चीन के सोना खरीदने के बीच गोल्ड की कीमतों में रेकॉर्ड तेजी बनी हुई है। इस साल सोने की कीमत 2,400 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंचकर वैश्विक बाजारों को आकर्षित कर रही है। चीन की ओर से सोने की खरीदारी को भी कीमतों में उछाल की एक वजह माना जा रहा है। चीन में आभूषण, बार और सिक्कों की खपत रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। चीन में गोल्ड की ज्वैलरी की डिमांड 10 फीसदी बढ़ी है, जबकि भारत में 6 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस बीच, चीनी बार और सिक्कों में निवेश 28 फीसदी तक बढ़ गया है। चीन में एक ओर सेंट्रल बैंक लगातार 17 महीने से गोल्ड खरीदते जा रहा है। वहीं दूसरी ओर लोगों ने चीनी नव वर्ष के मौके पर खूब सोना खरीदा है। जनवरी-मार्च के दौरान लोगों की सोने की खरीद पिछले साल से 34 फीसदी ज्यादा रही है। चीन दुनिया में सबसे ज्यादा सोने का उत्खनन करता है, लेकिन इसके बाद भी उसे बाहर से भारी पैमाने पर खरीदना पड़ता है।

भोपाल की स्टार्टअप, सोलर स्क्वैयर कैसे भारत की नं.1 होम सोलर कंपनी बनी

भोपाल। बिजली के बढ़ते बिल और मौसम की अत्यधिक चरम परिस्थितियों के कारण कई औसत भारतीय परिवार ऊर्जा के वैकल्पिक साधन तलाशने की ओर प्रेरित हुए हैं। पिछले पाँच सालों में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के फेज़ 2 सब्सिडी कार्यक्रम की मदद से 6,00,000 परिवारों ने सौर ऊर्जा को अपनाया, जिनमें से लगभग 1,30,000 से 1,50,000 परिवारों ने केवल 2023 में सौर ऊर्जा का उपयोग शुरू किया।

सौर ऊर्जा अपनाने की बढ़ती दर को देखते हुए प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने रीवा, मध्य प्रदेश में 750 मेगावॉट के अल्ट्रा मेगा सौर बिजली पार्क का उद्घाटन किया, जो एशिया की सबसे बड़ी सौर बिजली परियोजना भी है। सौर ऊर्जा की अधिकता वाला देश बनने के भारत सरकार के उद्देश्य के अनुरूप, साल 2015 में नीरज जैन और निखिल नाहर ने फुल स्टैक रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस स्टार्टअप सोलरस्क्वैयर एनर्जी का गठन किया, जिसमें 2019-20 में श्रेया मिश्रा भी शामिल हो गयीं। तब से यह सकारात्मक परिवर्तन के इस सफर में अपना सक्रिय योगदान दे रहा है।

मध्य प्रदेश से शुरू हुए स्टार्टअप सोलरस्क्वैयर की प्रतिष्ठा बढ़ाने में भोपाल की एंटरप्रेन्योर श्रेया मिश्रा ने मुख्य भूमिका

निभाई है। आईआईटी, बॉम्बे की ग्रेजुएट, श्रेया मिश्रा को फोर्ब्स ने 30 अंडर 30 एशिया की सूची में भी स्थान दिया 7 उनके दूरदर्शी नेतृत्व और सोलर सॉल्यूशंस के विकास की अटल प्रतिबद्धता ने कंपनी को आवासीय सौर बाजार की एक महत्वपूर्ण कंपनी बना दिया। उनके मार्गदर्शन में सोलरस्क्वैयर कई प्रगतियों के साथ अपनी स्थिति मजबूत करते हुए पूरे देश की पसंदीदा कंपनी बन गई। एक कंज़्यूमर बिज़नेस संभालने के अपने पिछले अनुभव के साथ श्रेया ने इस ब्रांड को अपनी महत्वपूर्ण विशेषज्ञता प्रदान की। यह उनकी बहुमुखी प्रतिभा और इनोवेटिव भावना का प्रमाण है. जिसने सोलरस्क्वैयर को मध्य प्रदेश और पूरे देश में एक अग्रणी स्टार्टअप के रूप में स्थापित कर दिया।

सोलरस्क्वैयर भारत का एक अग्रणी आवासीय सोलर ब्रांड है। यह 100 से ज्यादा आवासीय सोसायटीज़ में इंस्टॉलेशन कर चुका है और 12,000 से ज्यादा परिवारों को समर्थ बना चुका है। श्रेया मिश्रा ने बताया, ''हमारा सफर आकस्मिक रूप से शुरू हुआ। 8 राज्यों और 16 शहरों में काम करते हुए हमने महसूस किया कि घनी आबादी वाले शहरों, जैसे बैंगलुरू, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर में सोलर उद्योग के लिए बड़ी संभावनाएं हैं।

सोलरस्क्वैयर द्वारा पहले वाणिज्यिक और औद्योगिक सेगमेंटस को सेवाएं दी गई थीं, लेकिन अब यह आवासीय इंस्टॉलेशन पर केंद्रित हो गया है, जिससे इसका 80 प्रतिशत व्यवसाय आता है। इस रणनीतिक केंद्रण ने कंपनी की महत्वपूर्ण वृद्धि कर इसे दोगुने आकार तक पहुँचा दिया। सोलरस्क्वैयर के दृष्टिकोण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है, और यह बिक्री करने से पहले ग्राहकों को सौर ऊर्जा के फायदों के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सौर ऊर्जा के बारे में फैली गलत धारणाओं के बीच ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त सौर समाधान की पहचान किया जाना बहुत आवश्यक है। एक धारणा यह फैली है कि सोलर रूफटॉप सिस्टम्स के लिए बहुत कम रखरखाव जरूरी होता है, और इसका रखरखाव स्वयं ग्राहक आसानी से कर सकते हैं, इस धारणा की वजह से कई लोगों ने आफ्टर-सेल्स सर्विस की उपलब्धता देखे बिना ही सोलर सिस्टम खरीद लिए। इसलिए इस वास्तविकता का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है कि सोलर प्लांट के रखरखाव के लिए व्यवसायिक विशेषज्ञता का होना बहुत जरूरी होता है, तभी वो अच्छी परफॉर्मेंस दे सकते हैं। इसलिए, सोलर सिस्टम के साथ एक सही आफ्टर-सेल्स सर्विस में निवेश करना भी बहुत महत्वपूर्ण होता है।

विनिर्माण क्षेत्र में 40 फीसदी तक पहुंच सकती है महिला प्रशिक्षुओं की भागीदारी, 70 प्रतिशत ग्रामीण

नई दिल्ली, एजेंसी। विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की मांग में तेज वृद्धि हुई है। कारखाने अब लैंगिक समानता को अपना रहे हैं। इस साल के अंत तक उम्मीद है कि विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की संख्या 40 फीसदी तक पहुंच सकती है। टीमलीज के अनुसार, 8 से 10 महीने में 10 वीं व 12वीं कक्षा पास करने वाली महिला प्रशिक्षु को नियुक्त करने की मांग में पांच गुना वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रशिक्षुओं की मांग में वृद्धि वाहन, ई-वाहन, इलेक्ट्रॉनिक तथा फोन विनिर्माण क्षेत्रों में तेजी के कारण आई है। इससे महिला प्रशिक्षुओं के प्रतिनिधित्व में अच्छी खासी वृद्धि का अनुमान है। विनिर्माण क्षेत्र में प्रशिक्षु के रूप में करीब 70 प्रतिशत महिलाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से हैं। यह कौशल विकास तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिये इन क्षेत्रों में महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण अवसर का संकेत देता है। रिपोर्ट के अनुसार, पहले हर महीने 1,000-2,000 महिला प्रशिक्षुओं की मांग थी।यह बढ़कर अब 10,000 से 12,000 प्रति महीने पहुंच गईहै।वहीं, इनकी भर्तियां भी 10-15 फीसदी से बढ़कर 40-45 फीसदी पहुंच गईहै।

खबर संक्षेप

दो हेलीकॉप्टर टकराए, क्रू के सभी 10 सदस्यों की मौत

कुआलालंपुर। नेवी के एक समारोह की तैयारी कर रहे मलेशियन दो हेलीकॉप्टर आसमान में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस हादसे में क्रू के सभी 10 सदस्यों को मौत हो गई। बताया गया है कि यह हेलीकॉप्टर रॉयल मलयेशिन नेवी के एक समारोह के लिए तैयारी कर रहे थे। मलयेशियाई नौसेना के मुताबिक, घटना लुमुत नौसैन्य बेस पर सुबह करीब 9.30 बजे हुई। दुर्घटना के बाद सभी मृतकों के शव को लुमुत आर्मी बेस अस्पताल ले जाया गया। यहां उनकी पहचान के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा तब हुआ, जब एक हेलीकॉप्टर का रोटर (पंखा) दूसरे हेलीकॉप्टर से टकरा गया और दोनों ही स्टेडियम के ग्राउंड में गिर गए।

सुभाष चंद्र के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली । नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने जी इंटरटेनमेंट के एसोसिएट अध्यक्ष सुभाष चंद्र की दिवालिया अर्जी को मंजूर कर लिया है। उनके खिलाफ देश भर में चल रहे सभी मुकदमे अब रुक जाएंगे। वह अपनी कोई भी संपत्ति को बेच नहीं पाएंगे। इंडिया बुल्स हाउसिंग फाइनेंस ने सुभाष चंद्र के खिलाफ एनसीएलटी की दिल्ली बेंच में दिवालिया होने की अर्जी दाखिल की थी। अशोक के भारद्वाज और सुब्रत के दास की सदस्यता वाली दो सदस्यों की बेंच ने इस आवेदन को मंजूर कर लिया है। दो अन्य लेनदार आईडीबीआई ट्रस्टिशिप और एक्सिस बैंक की इसी तरह की याचिका को खारिज कर दिया गया था। सुभाष चंद्र के खिलाफ अब एनसीएलटी में दिवालिया प्रक्रिया शुरू हो गई है।

रिपोर्ट में हुआ खुलासा- जहर से नहीं हुई मुख्तार अंसारी की मौत

बांदा। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 (गुरुवार) को देर रात मौत हो गई थी। इसको लेकर आरोप लग रहे थे कि मुख्तार अंसारी को जहर दिया गया है। अब विसरा की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है, जिसमें जहर से मरने की पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल विसरा रिपोर्ट को न्यायिक टीम को सौंप दी गई है। इससे पहले बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर उनके भाई, बेटे और परिजनों ने मुख्तार को जेल में जहर देने का आरोप लगाया था। जिसके लिए प्रशासनिक व न्यायिक जांच बैठी थी। जानकारी के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद भी जहर देने के शक में विसरा लखनऊ जांच के लिए भेजा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्तार अंसारी की विसरा जांच रिपोर्ट आने के बाद इसे न्यायिक जांच टीम को भेजा गया है। रिपोर्ट में जहर देने की पुष्टि नहीं की गई है।

सड़क दुर्घटना में 4 की मौत, अनेक घायल

कन्नौज। गोरखपुर से दिल्ली जा रही प्राइवेट स्लीपर बस कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार से जा रही बस अचानक अनियंत्रित हुई और डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी तरफ से आ रहे ट्रक में भिड़ गई। हादसे में 4 यात्रियों की तत्काल मौत हो गई जबकि दो दर्जन घायल है। उन्हें स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, प्राइवेट स्लीपर बस यात्रियों को लेकर गोरखपुर से दिल्ली जा रही थी। उसमें करीब 40 सवारियां थी। तभी कन्नौज के ठठिया के 208 किलोमीटर के पिपरौली गांव के पास उसकी ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि बस आउट ऑफ कंट्रोल हो गई थी।

जकार्ता में अदालत के फरवरी चुनावों को लेकर फैसले के बाद हुए विरोध प्रदर्शन में एक प्रदर्शनकारी ने टायर जला दिये जिससे चारों ओर धूआं फैल गया।

नगालैंड में भारत सरकार के खिलाफ विद्रोह, पिछले दो माह से आंदोलन, सरकारी कामकाज ठप्प

कोहिमा । कोहिमा में पिछले दो माह से पृथक फंटियर नगालैंड बनाने की मांग हो रही है। नागालैंड के मोन, देसांग, किफरे, लोंगलेग, नौकलॉक और शामाटोर के 6 जिलों में पिछले 2 महीने से आंदोलन चल रहा है। यहां के बाजार बंद है। आंदोलनकारियों की अनुमति से कभी-कभी बाजारों को खोल दिया जाता है। सरकारी कार्यालय में कर्मचारी नहीं पहुंच रहे है। केंद्र सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। जिसके कारण नगालैंड मे पिछले 2 महीने से केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन चल रहा है। 19 अप्रैल को यहां पर लोकसभा का मतदान होना था। एक भी मतदाता ने अपना वोट नहीं डाला। यहां तक की 6 जिलों के 20 विधायकों ने भी लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं किया। चुनाव आयोग ने 738 मकान केंद्र बनाए थे। सभी 6 जिलों ने पूरी तरह से मतदान का बहिष्कार किया। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो का कहना है, वह स्थानीय लोगों की मांग से सहमत है। उन्होंने जो किया वह ठीक ही किया। नगालैंड की सरकार आंदोलनकारी से कोई टकराव नहीं लेना चाहती है। उल्लेखनीय है, पूर्वी नागालैंड पीपल्स ऑर्गेनाइजेशन की धमकी का असर मतदान में देखने को मिला। विधायकों अथवा मतदाताओं ने मतदान का विरोध करके, केंद्र सरकार को चेतावनी दी है।

फिर साबित हुआ, चीन के हथियार चाइनीज माल की तरह

एजेंसी| नई दिल्ली

चीन ने केवल पाकिस्तान को ही नहीं, बल्कि ईरान को भी एक तरह से ठग लिया है। जब ईरान ने इजरायल पर जवाबी कार्रवाई की, तभी चीनी डिफेंस तकनीक की पोल खुल गई और एक बार फिर साबित हो गया कि चीन के हथियार चाइनीज माल की तरह ही हैं, जिसकी कोई गारंटी नहीं। जी हां, ईरान-इजरायल युद्ध में चीन का रोल सामने आया है। दरअसल, 13 अप्रैल को ईरान ने इजरायल पर बड़ा हमला किया। ईरान और इजरायल के बीच जारी हमले और तनातनी के बीच दशकों से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की मार झेल रहे ईरान को सशक्त बनाने और इलाके में संघर्ष भड़काने में चीन की भूमिका अब सवालों के घेरे में आ गई है। इसके साथ ही चीन की रक्षा तकनीक की भी पोल खुल गई है। दुनिया को पता चल गया है कि चीन की रक्षा तकनीक कितनी फिसड्डी है। ईरान पर लगे प्रतिबंध के बाद भी उसे मिसाइल तकनीक साझा कर चीन ने उसे सशक्त बनाने की कोशिश की। चीन ने 1994-95 में ईरान को मिसाइल तकनीक में बेहतर बनाने के लिए कई तरह की सुविधा मुहैया कराई, उसे तकनीक और साथ ही इससे जुड़े उपकरण भी मुहैया कराए। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मिसाइल को दिशा देने के लिए साथ ही इसके निर्माण और परीक्षण के लिए जिन चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे जाइरोस्कोप, एक्सेलेरोमीटर और परीक्षण उपकरण तक चीन ने ईरान के रक्षा उद्योग संगठन को बेचे। जिसके जरिए ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमता को बढ़ाने के साथ ही स्वदेशी उत्पादन क्षमता को भी बढ़ाया।

ईरान की विफलता उन देशों के लिए चेतावनी है, जो चीनी रक्षा आयात पर भरोसा करते हैं

इसके साथ ही 30 क्रूज मिसाइलों को भी इजरायल द्वारा रोक दिया गया। ऐसे में ईरान की यह विफलता उन देशों के लिए चेतावनी है, जो चीनी रक्षा आयात पर भरोसा करते हैं। ईरान ही नहीं, चीनी सैन्य उपकरणों की कमियों को पाकिस्तान, नाइजीरिया, म्यांमार और थाईलैंड जैसे कई और देशों ने भी अनुभव किया है। ऐसे में अब ये देश भी अपनी सैन्य जरूरतों के लिए चीन पर निर्भरता कम कर रहे हैं। अब तक चीन जे-6 फाइटर्स, टी-5 टैंक, टी-59 टैंक, एफ-6 फाइटर्स, एंटी-टैंक गन, टी-69 टैंक, एचवाई-2 रेशमकीट एंटी-शिप मिसाइल, सी-801 एंटी-शिप मिसाइल, एम-7 कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (300-500 किमी), एफ-7 फाइटर्स, हौडोंग मिसाइल बोट, सी-701 एंटी-शिप मिसाइल, नस-1 (सी- 704) और शहीद ड्रोन जैसे रक्षा उपकरण ईरान को सप्लाई करता रहा है। द स्ट्रैटेजिक स्टडीज इंस्टीट्यूट के अध्ययन की मानें तो पिछले कुछ वर्षों में चीन से ईरान ने हथियारों का आयात कम कर दिया है।

चीन ने पाक को ही नहीं, ईरान को भी ठगा

मिसाइल संयंत्र और परीक्षण रेंज बनाने में भी ईरान की मदद की

अस्फहान के पास स्थित ईरान की सबसे बड़ी मिसाइल फैक्ट्री चीन की सहायता से बनाई गई थी। यही नहीं, चीन ने तेहरान के पूर्व में एक बैलिस्टिक मिसाइल संयंत्र और परीक्षण रेंज बनाने में भी ईरान की मदद की। ऐसे में ईरानी मिसाइलों के नई रेंज में सीधे तौर पर चीनी तकनीक का प्रभाव नजर आने लगा है। अब ईरान द्वारा इजरायल पर हमले के दौरान जो रिपोर्ट्स आई, उसकी मानें तो लगभग 50 फीसदी ईरानी मिसाइल लॉन्च होने और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहीं, जिसने ईरान को दिए गए चीनी मिसाइल तकनीक की पोल खोल दी और चीन की रक्षा तकनीक भी सवालों के घेरे में आ गई है। एक रिपोर्ट की मानें तो ईरान ने इजरायल के खिलाफ 170 ड्रोनों से 13 अप्रैल को हमला किया और इजरायल ने सभी को रोक दिया। इन 120 में से 108 बैलिस्टिक मिसाइल थे, जिनको प्रभावहीन कर दिया गया।

चेतावनी: मंगल से आ सकता है खतरनाक वायरस

खतरों से निपटेगा नासा अरबों रुपए करेगा खर्च

एजेंसी| वॉशिंगटन

आज वैज्ञानिक तरह-तरह की चीजों पर पता लगा रहे हैं और कई ऐसी चीजें भी इजात कर रहे हैं जिससे मानवजाति को फायदे के साथ-साथ नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। यह पृथ्वी पर पैदा किए हुए हथियार ही नहीं। ग्रह, क्षुद्रग्रह, या उलकापिंड के जरिए आए खतरनाक और जानलेवा सूक्ष्मजीव भी हो सकते हैं। यह आशंका मंगल ग्रह से आने वाले नमूनों से जाहिर होती है और कोई भी इस संभावना को सिरे से खारिज नही कर सकता है। अब नासा इस तरह के खतरों से निपटने के लिए अंतरिक्ष सुरक्षा में व्यापक बदलाव का मसौदा तैयार करने जा रहा है, इसके लिए अरबों डॉलर खर्च करने का तैयारी में है। एस्ट्रोबायोडिफेंस फोर्स लाल ग्रह से आने वाले नमूनों के जरिए संभावित खतरों से निपटने में पूरी तरह सक्षम होंगा। नासा अंतरिक्ष सुरक्षा में व्यापक बदलाव का मसौदा तैयार करने जा रहा है, जिसमें अरबों डॉलर का खर्च आएगा। एक एस्ट्रोबायोडिफेंस बल जरूरी हो सकता है क्योंकि नासा मंगल ग्रह के टुकड़ों को हमारे ग्रह पर लाना शुरू कर रहा है। लाल ग्रह की सतह से लिए गए नमूनों को कुछ विवादों का सामना करना पड़ा है क्योंकि सार्वजनिक निकायों ने चेतावनी दी है कि उन वस्तुओं से जुड़े पारिस्थितिक रूप से भूखे रोगाणु हमारे ग्रह पर फैल सकते हैं। किसी भी संभावित जैविक परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए जैवरक्षा पर द्विदलीय आयोग पहले ही स्थापित किया जा चुका है। डेमोक्रेटिक कांग्रेस महिला डोना शालाला और पूर्व अमेरिकी अटॉर्नी और रिपब्लिकन कांग्रेस महिला सुसान ब्रूक्स इन नमूनों को वापस लाने के चलते आने वाले खतरों के लिए चेता रही हैं।

ईरान पर बड़ा हमला करने जा रहा था इजरायल, एक फोन ने रोक ली बड़ी तबाही

एजेंसी| तेलअवीव

इजरायल रातों-रात तेहरान समेत ईरान के बड़े सैन्य ठिकानों को तबाह करना चाहता था, इतने बड़े हमले की योजना थी कि ईरान को व्यापक पैमाने पर नुकसान हो। इजरायली अधिकारियों ने इस बात का खुलासा किया है कि इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ईरान को तगड़ी चोट देना चाहते थे लेकिन, एक फोन ने उनका इरादा बदल दिया। बता दे कि अभी इजरायल और ईरान के बीच हालात सामान्य होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ईरान के 13-14 अप्रैल को मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर प्लांट के पास मिसाइल हमला किया, यह तो कंफर्म हो चुका है। लेकिन, रिपोर्ट से पता चला है कि इजरायल की शुरुआती प्लानिंग यह नहीं थी। तीन इजरायली अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि ईरान के खिलाफ इजरायल की मूल जवाबी हमले की योजना में तेहरान सहित सैन्य ठिकानों पर व्यापक जवाबी हमला शामिल था। रिपोर्ट में इजरायली पीएम नेतन्याहू और बाइडेन ने फोन पर बातचीत में समझा कि इतने व्यापक और नुकसानदेह हमले को नजरअंदाज करना ईरान के लिए तब बहुत कठिन होता, जिससे ईरान के जबरदस्त जवाबी हमले की संभावना बढ़ जाती। इसलिए ऐन वक्त पर हमले की प्लानिंग और जगह को बदला गया।

मौका मिलते ही गाजा के साथ कश्मीर का भी राग अलापने लगा पाक

तेहरान। पाकिस्तान हमेशा से ही कश्मीर का राग अलापता रहा है। उसे जहां मौका मिलता है वो उसका फायदा उठाने की कोशिश करता है। हाल ही में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तीन दिन के पाकिस्तान दौरे पर पहुंचे हैं। इस मौके पर सोमवार को पाकिस्तान ने एक बार फिर से इस्लामिक कार्ड खेला। गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे पाकिस्तान ने इस दौरान एक तरफ ईरान को कश्मीर के मसले पर साथ देने के लिए धन्यवाद दिया तो वहीं उसके साथ अपने रिश्ते को सदियों पुराना बताया। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि हमारे ईरान से रिश्ते 76 साल पुराने नहीं है बल्कि सदियों के हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भले ही 1947 में अस्तित्व में आया, लेकिन इस क्षेत्र से ईरान का पुराना नाता रहा है। यही नहीं जब पाकिस्तान बना तो उसे मान्यता देने वालों में ईरान सबसे आगे था। यही नहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस दौरान इब्राहिम रईसी को अपना बिरादरी भाई बताया।

शादी के आमंत्रण के साथ-साथ पार्टी का प्रचार भी

रिश्तेदार भी युवक की क्रिएटिविटी की तारीफ किए बिना नहीं रुके

एजेंसी| चेन्नई

केरल के रहने वाले एक युवा नेता ए अनवर्षा ने शादी का अनोखा कार्ड छपवाया। सीपीआई पार्टी के लोकल नेता हैं. 32 वर्षीय ए अनवर्षा की शादी 17 अप्रैल को संपन्न हुई, लेकिन यह अभी वायरल होना शुरू हुआ है। उन्होंने अपनी शादी का कार्ड ऐसा छपवाया कि रिश्तेदार भी उनके क्रिएटिविटी की तारीफ किए बिना नहीं रह पाए। दरअसल वह चिरयिनकीझु के कूंथल्लूर में पार्टी की स्थानीय समिति के सचिव है तो उन्होंने सोचा कि शादी में इतने सारे गेस्ट आएंगे तो क्यों न आमंत्रण के साथ-साथ पार्टी का प्रचार भी कर दिया जाए। ए अनवर्षा ने कहा, 'चुनाव के कारण मैं व्यक्तिगत जरूरतों के लिए ज्यादा समय नहीं निकाल सकता। इसलिए मैंने एक साथ दो काम करने के बारे में सोचा- शादी का निमंत्रण और चुनाव प्रचार.' अनवर्षा एटिंगल निर्वाचन क्षेत्र से उनके पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार वी जॉय के लिए प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने अपनी शादी के निमंत्रण कार्ड के नीचे उम्मीदवार की रंगीन तस्वीर और उसे वोट देने के लिए, एक लाइन का निवेदन लिख डाला, जैसा कि अक्शर हम अपने शादी की कार्ड पर करते हैं।

काउंटी हुलिएन में शाम 5 बजे से रात 12 बजे के दौरान 80 से ज्यादा बार झटके लगे

एक के बाद एक 80 झटके, कोई हताहत नहीं

एजेंसी| ताईपे

ताइवान के भूकंप प्रभावित पूर्वी काउंटी हुलिएन में सोमवार को आए भूकंप के झटकों के बाद मंगलवार सुबह कई भूकंप के झटके महसूत किए गए। इन भूकंप के झटकों से मामूली नुकसान होने की खबर है कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। काउंटी हुलिएन में सोमवार शाम 5 बजे से रात 12 बजे के दौरान 80 से ज्यादा बार झटके लगे। इनमें सबसे ज्यादा तीव्रता 6.3 और 6 दर्ज की गई। भारतीय समय के मुताबिक, यह भूकंप के झटके रात 12 बजे के आसपास थोड़ी-थोड़ी देर के अंतर से आए। वहीं टीएसएमसी ने कहा कि उसने परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं देखा। बड़े पैमाने पर ग्रामीण और कम आबादी वाले हुलिएन में 3 अप्रैल को 7.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें कम से कम 14 लोग मारे गए थे, और तब से अब तक एक हजार से अधिक झटके महसूस किए जा चुके हैं। ताइवान की राजधानी ताइपे समेत उत्तरी, पूर्वी और पश्चिमी ताइवान के बड़े हिस्सों में इमारतें पूरी रात हिलती नजर आईं।

-मापी गई 6.3 तीव्रता, मामूली नुकसान की खबर

तीव्रता लगभग 180 आंकी गई

ताइवान के सेंट्रल वेदर एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि सोमवार दोपहर से शुरू भूकंपों का सिलसिला शुरु हुआ जिसकी तीव्रता लगभग 180 आंकी गई। ताइवान के भूकंप विज्ञान केंद्र के निदेशक ने कहा कि झटके ऊर्जा का केंद्रित विमोचन थे और इससे भी ज्यादा तेज झटकों की उम्मीद की जा सकती है, हालांकि यह उतने मजबूत नहीं हैं। उन्होंने कहा, इस सप्ताह पूरे ताइवान में भारी बारिश की भविष्यवाणी के साथ, हुलिएन में लोगों को अलर्ट रहने को कहा गया है। हुलिएन के अग्निशमन विभाग ने कहा कि तीन अप्रैल को आए भूकंप से दो इमारतों को ज्यादा नुकसान हुआ है।

निवेशकों ने भूकंप के बारे में चिंताओं को किया खारिज

दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट चिप निर्माता, ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) ने कहा कि फैक्टरियों के कुछ कर्मचारियों को निकाला गया था, लेकिन सुविधा और सुरक्षा प्रणालियाँ सामान्य रूप से काम कर रही थीं और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। मंगलवार की सुबह टीएसएमसी के ताइपे-सूचीबद्ध शेयरों में 1.75त्न की वृद्धि के साथ, निवेशकों ने भूकंप के बारे में चिंताओं को खारिज कर दिया। पर्वतीय हुलिएन काउंटी में आए भूकंप के झटकों से चट्टानों के गिरने के बाद कुछ सड़कें बंद होने की सूचना मिली है जिसके चलते सरकार ने स्कूल में छुट्टी घोषित कर दी है।

राष्ट्रपति मुइज्जू को लगने लगा- भारत की खिलाफत ही उन्हें सत्ता पर काबिज रखेगी

एजेंसी| माले

मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने हाल ही में हुए चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल किया है। इससे पहले लग रहा था कि उन्हे इस चुनाव में ज्यादा नुकसान होने वाला है। तर्क दिए जा रहे थे कि भारत के साथ संबंध खराब होने के कारण मुइज्जू को नुकसान हो सकता है। लेकिन स्थति बिलकुल विपरीत रही। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी ने संसदीय चुनाव में रिकॉर्ड 71 सीटों पर जीत दर्ज करके ''प्रचंड बहुमत'' हासिल कर लिया है। इस चुनाव को राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा था। उनकी नीतियों को लेकर भारत और चीन की नजर रहती है। बंपर जीत के बाद मुइज्जू का बड़बोला बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि आम चुनाव के नतीजों ने दुनिया को दिखा दिया कि मालदीव के लोग अपना भविष्य अपनी मर्जी से चुनते हैं और वे किसी तरह का विदेशी दबाव नहीं चाहते। भारत का नाम न लेते हुए उन्होंने कहा कि हिडन एजेंडे वाले लोगों के लिए भी यह स्पष्ट सबक है। 88 भारतीय सैन्य कर्मियों में से अधिकांश को भारत भेजने का फैसला लेने वाले चीनी समर्थक नेता मुइज्जू ने कहा, हम एक गौरवान्वित राष्ट्र हैं जो संप्रभुता और स्वतंत्रता से प्यार करते हैं, जिसे हमने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी दिखाया है। उन्होंने कहा कि संसदीय चुनाव परिणाम इस बात का सबूत है कि मालदीव के लोग देश के भविष्य को आकार देने में मुख्य पहचान के रूप में इस्लामी आस्था और उसके मार्गदर्शक सिद्धांतों को बनाए रखना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि चुनाव का नतीजा मालदीव के लोगों के दृष्टिकोण और उद्देश्यों के बारे में शेष दुनिया के लिए एक संदेश है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा, संसदीय चुनाव परिणाम यह साबित करने के लिए भी था कि मालदीव के लोग विदेशी दबाव के बिना अपना भविष्य चुनने में स्वायत्तता चाहते हैं।

कार्मिको के प्रशिक्षण के लिये किया गया अभिनव प्रयास–प्रोजेक्टर के माध्यम से ईवीएम मशीन का लेंगे कार्मिक प्रशिक्षण

मीरजापुर। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ राजकीय पालीटेक्निक मतगणना स्थल एवं राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया पहुंचकर कार्मिको को दिये जाने वाले प्रशिक्षण स्थल/कक्ष में किये जाने वाले व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पालीटेक्निक बथुआ में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान के पश्चात प्राप्त पोस्टल बैलेट पेपर के मतगणना के लिये बनाये जाने वाले कक्ष का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना कक्ष में सम्बन्धित प्रत्याशियों, अभिकर्ताओं के प्रवेश हेतु बैरीकेटिंग व बैठने की व्यवस्था के साथ ही मतगणना टेबल के सामने सुरक्षा हेतु जाली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। राजकीय इण्टर कालेज (जी0आई0सी0) महुवरिया में निरीक्षण के दौरान सकुशल निर्वाच्न सम्पन्न कराने के लिये मतदान कार्मिको दिये जाने वाले प्रशिक्षण, ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट चलाने के लिये तैयार किये जा रहे प्रशिक्षण कक्ष एवं स्थल का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को जानकारी देते हुये बताया कि मतदान कार्मिको को ई0वी0एम0 मशीन तथा वी0वी0 पैट चलाने के लिये इस बार प्रत्येक प्रशिक्षण कक्ष में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाये जाने का अभिवन प्रयास किया गया है ताकि एक ही स्थान से प्रोजेक्टर पर देखकर सभी कार्मिक ई0वी0एम0 मशीन व वी0वी0 पैट सुचारू ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर संचालन कर सकें। इस अवसर पर प्रोजेक्टर का चलाकर जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत भी कराया गया।

प्रत्येक बूथ अध्यक्ष पूरी ईमानदारी के साथ भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करता है : स्वतंत्र देव सिंह

महोबा। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बूथ अध्यक्ष के सम्मेलन में शामिल हुए द्य जिसमें पूरे विधानसभा के सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के संयोजक शक्ति केंद्र के प्रभारी एवं सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे

द्य स्वतंत्र देव सिंह ने अपने संबोधन में अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का बूथ अध्यक्ष भाजपा को अपनी मां मानता है और रात दिन लगकर अपने बूथ को जीतने के लिए प्रयास करता है द्य बूथ अध्यक्ष इसलिए जी जान से लगकर ईमानदारी के साथ वह भाजपा के लिए काम करता है क्योंकि जब सरकार बनेगी तो वह गरीबों के लिए काम करेगी द्य जिनके घर में छत नहीं है उन्हें छत देने के लिए काम करेगी, राशन देने के लिए काम करेगी, सिलेंडर देने के लिए काम करेगी ,बिजली देने के लिए काम करेगी द्य इसलिए हमारा बूथ अध्यक्ष प्रत्येक बूथ को अपनी कड़ी मेहनत और लगन से जीतता है और जिस तरह से हमारे सभी बूथ अध्यक्षों ने अपना जोश और अपनी शक्ति दिखाने का काम किया है निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में 80 में 80 सीट जीतने का काम करेगी द्य कार्यक्रम के दौरान सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया , एमएलसी जितेंद्र सेंगर, पूर्व चेयरमेन पुष्पा अनुरागी, ममता भदोरिया एवं मीडिया प्रभारी सत्येंद्र गुप्ता सहित भाजपा के बूथ अध्यक्षों से लेकर तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

न्याय हेतु बने थाने में दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर पीड़ित

दैनिक सिद्धि सरकार से सादान की रिपोर्ट जिला लखीमपुर खीरी

कई कई दिनों तक तहरीर देकर दर दर की ठोकरे खाता है पीड़ित दिन व दिन बढ़ता जा रहा उचौलिया थाना क्षेत्र में क्राइम का ग्राफ उचौलिया खीरी। थाना क्षेत्र में घटित हो रही अपराधिक वारदातों की रोकथाम में पुलिस कोई प्रयास करती नहीं दिख रही है। यहां तक कि अब

पुलिस पीड़ितों की शिकायत को भी गंभीरता से नहीं ले रही है। जिसके चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। वही उचौलिया थाना क्षेत्र में क्राइम का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। हाल के दिनों में हत्या, चोरी, छिनैती, लूट की घटनाएं बढ़ी है। पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा होने की कौन कहे। कुछ ऐसे भी मामले सामने आए है जिसमे फर्जी खुलासों से आम जन मानस में पुलिस का इकबाल निरन्तर घटना नजर आ रहा है। बढ़ती घटनाओं के चलते समाज में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। हाल के दिनों में हुई घटनाओं को लेकर पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल भी उठ रहे हैं। आपराधिक मामलों की रोकथाम को लेकर पुलिस महकमा कितना संवेदनशील है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि क्षेत्र कितने पीड़ितों को सही व उचित न्याय मिला है। वही एक पत्रकार द्वारा 31 मार्च को मिली उनको व उनके परिवार को जश्न से मारने व कहाँ तक भगोगे कि धमकी की एफआईआर 31 मार्च 2024 को ही दी गई पर अफसोस उस मसले को लेकर अभी तक पुलिस के कान में जूं तक न रेंगी, साफ साफ कहा जाए तो उस समय भी उसी मामले की लिखित शिकायत थाने में भी दी गई थी।

यहां फेल नजर आ रहा स्वच्छ भारत मिशन

गाँधीनगर में लगा गंदगी का लगा अंबार, लोगों ने सफाई कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने का लगाया आरोप

महोबा। जनपद मुख्यालय में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल बना हुआ है। नगर पालिका के कर्मचारियों की मनमानी के चलते नगर में जगह-जगह गंदगी की ढेर लगे हुए हैं। जिससे लोगों में बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। लोगों ने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग उठाई है जनपद मुख्यालय के में सफाई व्यवस्था चौपट नजर आ रही है। स्वच्छ भारत मिशन उड़ाई जा रही है।नगर में जगह-जगह कचरा के ढेर लगे हुए हैं जिससे लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। गांधीनगर मुहाल के पुरानी इलाहाबाद बैंक के पीछे रहने वाले लोगों रामकिशोर ,दयाराम, नंदराम और देवेंद्र कुमार ,कामता प्रसाद राजपूत ,विपुल द्विवेदी ,अंकित कहना है कि सामने पड़े खाली मैदान में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। थोड़ी सी हवा चलने पर यह सारी गंदगी पॉलिथीन उड़कर उनके दरवाजे पर जमा हो जाती है जिससे उन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार गंदी पॉलीथीन उनके घरों के अंदर तक पहुंच जातीं हैं समय से नहीं होती सफाई

रोडवेज बस स्टैंड और सरकारी जिला अस्पताल के बीच बने तिराहा में लोग सड़क पर कचडा फेंकते हैं। जहां पर नगर पालिका के सफाई कर्मी समय से सफाई नहीं करते हैं जिससे वहां से गुजरने वाले राहगीरों और जिला अस्पताल पहुँचने वाले मरीजों और तीमारदारों को कचड़े की सड़ी दुर्गंध झेलनी पड़ती है।

धर्म देश व संस्कृति की रक्षा के लिए संकल्पित होकर धर्मान्ध लोगों को सही मार्ग पर लाने का काम किया जाएगा , रघुराज शर्मा

झांसी। भगवान परशुराम चौक झाँसी पर प. सुबोध शास्त्री, प. अविनाश. प. रघुराज शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित सर्व ब्राह्मण समाज ने गणेश पूजन एवं स्वस्ति वाचन के उपरांत सजातिए बंधुओ के लिए एक पर्चा जारी कर ब्राह्मणो को उनके कर्तव्य और दायित्वो का बोध कराने के लिए शास्त्रो के अनुसार धर्म ,देश व संस्कृति की रक्षा के लिए संकल्पित होकर धर्मान्ध लोगों को सही मार्ग पर लाने का काम किया जायेगा। दिखावटी राम भक्त एवं कथित सनातनियों ने जिस प्रकार शंकराचार्यो का अपमान किया एवं आधे अधूरे राम लला के मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा मृतक सूतक की शुद्धि किए बिना (छौर कर्म मुंडन) के बिना शुद्धि नहीं होती फिर भी की गई यह कार्य धर्मशास्त्र के अनुसार नहीं होने से सनातनियों एवं खासकर ब्राह्मणों को नागवार गुजरा। राजनीत, डर एवं निजी स्वार्थ के लिए हम ब्राह्मण देश सनातनियों व हिन्दू धर्म से खिलवाड़ नहीं होने देंगे सदियों से ब्राह्मण समाज को शिक्षा, दिशा और दशा प्रदान करते आ रहे है, ब्राह्मण परशुराम वंशज है। भगवान परशुराम ने धर्म कि रक्षा के लिए अनेकों बार हथियार उठाए हैं।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद के जनपदीय पुलिस के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बन्ध में की गई समीक्षा बैठक-

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ÷अभिनन्दन÷ द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं समस्त शाखा प्रभारी के साथ समीक्षा गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु उचित पुलिस प्रबन्धन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस सम्बन्ध में जनपद के अंतर्गत गठित शांति समितियों, संभ्रांत नागरिकों, डिजिटल वॉलिंटियर्स, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त करने हेतु समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में चुनाव को शान्तिपुर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष/प्रभारीगण को अपनेङ्कअपने क्षेत्र में पड़ने वाले बूथों का लगातार भ्रमण करने तथा अपराधियों एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों, शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबारियों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने एवं चुनाव सम्बन्धित अन्य कार्यवाही समय से पूर्ण करते हुए चुनाव को सकुशल, शान्तिपुर्ण एवं निर्विघ्न तरीके से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, चुनाव सेल प्रभारी व समस्त शाखा प्रभारी एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

जब साहब हैं मेहरबान तो डर काहे का

परमानंद तिराहा में संचालित हो रहा अवैध टैक्सी स्टैंड..

महोबा। यातायात विभाग द्वारा शुरू किया गया वाहन चेकिंग अभियान हवाहवाई बनता जा रहा है जनपद मुख्यालय में जगह जगह पर अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे हैं राहगीरों के द्वारा ट्रैफिक कर्मियों पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाया जा रहे हैं।

बीच सड़क पर चलते रहे लात जूते – मूकदर्शक बने रहे ट्रैफ़िक कर्मी...

रोडवेज बस स्टैंड के ठीक सामने चार लोगो मे उस समय लड़ाई झगड़ा बढ़ गया ज़ब ऑटो चालक को दूसरे ब्यक्ति की गाड़ी का धक्का लग जाने से वह घायल हो गया वही मौके मे खड़े ट्रैफ़िक कर्मी तमासा देखते रहे..

जनपद मुख्यालय में यातायात व्यवस्था बेपटरी हो रही है जगह जगह पर अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे हैं जिससे लोगों को जाम के झाम से दो चार होना पड़ता है नगर पालिका द्वारा बनवाए गए ऑटो स्टैंड गायब हो गए हैं लोगों के द्वारा ट्रैफिक कर्मियों पर अवैध वसूली के आरोप

अवैध टैक्सी स्टैंड के कारण प्रतिदिन बनती है जाम की स्थिति

लगाए जा रहे हैं प्रकाश वम्हौरी निवासी कल्लू और मुन्ना आदि ने बताया कि जनपद मुख्यालय में झलकारी बाई तिराहा छतरपुर रोड पुलिस लाइन तिराहा पर वाहन चेकिंग के दौरान रोजाना ट्रैफिक पुलिस अवैध वसूली करती है नो इंट्री में भारी वाहन फर्राटा भरते हैं जनपद मुख्यालय में जगह जगह पर अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे हैं जिनसे जाम की स्थिति बनती रहती है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ट्रैफिक कर्मी मूकदर्शक बने नजर आते हैं।

नवयुग कन्या महाविद्यालय मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ में दिनांक 24 अप्रैल 2024 को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने की तथा संयोजन एवं संचालन मतदाता नोडल अधिकारी मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी ने किया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं कु श्रेया श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती गान से हुआ। तत्पश्चात छात्रों ने मतदाता जागरूकता संबंधी गीत प्रस्तुत किया।

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने अपने संबोधन में कहा भारत निर्वाचन आयोग के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रभाग द्वारा नागरिकों की जानकारी हेतु उपलब्ध कराई जाने वाली मोबाइल boothlocation.in की तथा छात्राओं को इसे प्रयोग करने की

विस्तार पूर्वक जानकारी दी कि किस प्रकार से हम घर बैठे ही इस ऐप के माध्यम से अपनी बूथ संख्या, क्रम संख्या संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

कुंवर बेचैन की पंक्तियों से उन्होंने सभी को प्रेरित करने का प्रयास किया कि एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में सभी नागरिक यदि अपनी जिम्मेदारी को निभाएंगे तो विकसित भारत का निर्माण का संकल्प अवश्य पूर्ण होगा। वह पंक्तियां इस प्रकार है पूरी धरा भी साथ दे तो और बात हैढ्ढ पर तू भी अगर साथ दे तो और बात है चलने को एक पांव पर ही चल रहे हैं हम, पर दूसरा भी साथ दे तो और बात है।

प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में इस बात पर बल दिया कि पहले मतदान, फिर जलपान इसके साथ उन्होंने मतदान में स्त्रियों की भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताया और अपने अधिकारों और कर्तव्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने संचालन करते हुए कहा कि मतदान हमारा कर्म भी है, मतदान हमारा धर्म भी है, और मतदान न करना शर्म भी है उन्होंने इस बात की जानकारी भी दी कि मतदाता जागरूकता के अंतर्गत महाविद्यालय में बड़ी संख्या में नव मतदाता पंजीकरण कराया गया निबंध, रंगोली, पोस्टर, स्लोगन,रैली, हस्ताक्षर अभियान, कार्यशाला, युवा संसद इत्यादि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान करने की अपील की जा रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में सुंदर रंगोली बनाकर भी मतदान करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया ढ्ढ जिसमे कैंपस एंबेसडर कैडेट नैंसी विश्वकर्मा, कु अल्पना सिंह, कैडेट शिवानी वर्मा, बुशरा हामिद एवं पलक गुप्ता के अतिरिक्त कैडेट तनु सारस्वत, सोनल सिंह, आयुषी,कीर्ति, सुहानी झा, जानवी, अंजली, शताक्षी, दिव्या, अक्षरा, शुभांगी, साक्षी त्रिवेदी, पूनम, फरहीन, प्रिया सिमरन आदि लगभग 50 एनसीसी कैडेट्स एवं छात्राओं को पुरस्कृत किया।

इंडिया गठबंधन महरौनी विधानसभा क्षेत्र कार्यकर्ता सम्मेलन

जनता इस बार भाजपा के झांसे में नहीं आने वाली, पूर्व सांसद डॉ चंद्रपाल सिंह यादव

झांसी। आज महरौनी में डॉ चंद्रपाल सिंह यादव (पूर्व सांसद) के मुख्य आतिथ्य में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ इस सभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे मुख्य अतिथि डॉक्टर चंद्रपाल सिंह यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी भाई प्रदीप जैन आदित्य को अधिक से अधिक वोट डलवा कर विजय बनाएं एवं भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा यह सरकार सिर्फ हिंदू और मुसलमान करके वोट लेना चाहते हैं लोकतंत्र को मजबूत करना नहीं चाहती है महंगाई में लगाम लगाना नहीं चाहती हैं लोगों को इधर-उधर की बातों में उलझाना चाहती हैं मित्रों में आप सभी से इस कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी कार्यकर्ताओं को यह कहना चाहता हूं कि आप सभी निडर होकर पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ें और किसी कार्यकर्ता को किसी से भी डरने की जरूरत नहीं है अगर कोई आपको झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश करें किसी प्रकार से कोई मुकदमा लगाए या किसी प्रकार से आपको डराने की कोशिश करें आप कहीं नहीं जाएं मेरे नंबर पर मुझे कॉल करके बताएं मैं आपके साथ हर समय खड़ा हूं मैं देखता हूं कि कौन कार्यकर्ताओ को से डराने और फंसाने की कोशिश करता है मेरे साथियों पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ें मैं आपके साथ हूं

नगर आयुक्त द्वारा समस्त विभागों को अत्यंत कड़े दिशा निर्देश जारी किए

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। जलकल विभाग को प्रत्येक दिन जोनवार निरीक्षण कर समस्त सीवर लाइन के टूटे या खुले मैनहोल को उसी दिन कवर करने के निर्देश दिए तथा तीन दिन में इस आशय का प्रमाण पत्र मांगा गया है कि किसी भी जोन में कोई भी मैनहोल वर्तमान स्थिति में बिना कवर या टूटा फूटा नहीं है, व नियमित रूप से सुपरवाइजर व अवर अभियंता एक रजिस्टर बनवाकर दर्ज करेंगे व यथोचित कार्रवाई करेंगे। भविष्य



की किसी भी घटना के लिए कार्यदाई संस्था व विभाग के सुपरवाइजर अवर अभियंता व नगर अभियंता महाप्रबंधक की जिम्मेदारी होगी। समस्त अभियंत्रण विभाग स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी समस्त सड़कों गलियों का निरीक्षण कर प्रत्येक दिन रिपोर्ट देंगे व रजिस्टर में दर्ज करेंगे, यदि कहीं खुला मैनहोल पाया जाता है तो तत्काल जलकल विभाग उस पर कार्रवाई करेगा। मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा अगले सात दिनों में समस्त क्षेत्र के मार्ग प्रकाश के खम्बो पर खुले जंक्शन बॉक्स को कवर करने व टेपिंग करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं व प्रतिदिन उनके द्वारा जंक्शन बॉक्स सही करने व अर्थिंग सही करने की भी समीक्षा की जाएगी। मार्ग प्रकाश के खम्बो पर विद्युत करंट के कारण किसी भी दुर्घटना के लिए कार्यदाई संस्था ईईएएल व विभाग के अवर अभियंता, सहायक अभियंता व मुख्य अभियंता भी जिम्मेदार ठहराए जाएंगे। दिनांक 23.4.2024 की दुर्घटना के तथ्योंपारक जांच कर विभागीय घोर लापरवाही के दृष्टिगत कारदाई संस्था एस.के. कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट किए जाने व संबंधित जलकल विभाग के सुपरवाइजर अच्छे लाल, अवर अभियंता गया प्रसाद सिंह तथा अधिशासी अभियंता मनोज शुक्ला के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्यवाही हेतु शासन को जांच आख्या प्रेषित की जा रही है।

भाजपा प्रत्याशी ओ.पी. श्रीवास्तव 26 अप्रैल को पूर्वी विधानसभा से भरेंगे चुनावी हुंकार

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। पूरब विधानसभा उप-चुनाव प्रत्याशी ओ.पी. श्रीवास्तव के नामांकन की तैयारियां जोरों पर हैं। भाजपा लखनऊ महानगर और पार्टी संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी नामांकन कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुट गए हैं। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि पूर्वी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी 26 अप्रैल को नामांकन कर चुनावी मैदान में हुंकार भरेंगे। नामांकन पत्र भरने की औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है साथ में नामांकन जुलूस को ऐतिहासिक बनाने के लिये कार्यकर्ताओं ने ताकत झोंक दी है। मण्डल, वार्ड, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर भाजपा उम्मीदवार के नामांकन जुलूस में भाग लेने की अपील की जा रही है। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बुधवार को महानगर कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी ओ.पी. श्रीवास्तव के साथ नामांकन कार्यक्रम को भव्य बनाने की रणनीति पर चर्चा की। लखनऊ महानगर की टीम ने भी नामांकन पत्र भरने वाले दिन के लिये विभिन्न जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को नामांकन जुलूस में शामिल होने की अपील भी की गई है। पूर्वी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी वृहद विचार-परिवार, संगठन परिवार, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है।

स्मार्ट यात्रियों के लिए ज्ञ्जस् ऑन मोबाइल एप के माध्यम अनारक्षित टिकट प्राप्त करना हुआ सरल

झांसी। भारतीय रेलवे द्वारा अनारक्षित टिकट से यात्रा करने वाले यात्रियों को लाइन में लगने से राहत तथा आसानी से कभी भी कहीं भी टिकट जनरेट कर पाने की सुविधा में विस्तार करते हुए ज्ञ्स् ऑन मोबाइल एप से बुकिंग हेतु आउटर सर्किल दूरी की बाध्यता को समाप्त किया गया है 7

ज्ञात हो की पहले, ज्ञ्स् ऑन मोबाइल एप से टिकट प्राप्त करने हेतु, यात्री को स्टेशन के 50 किमी(आउटर डिस्टेंस) से अधिक दूरी पर अनारक्षित टिकट बुक करने का प्रावधान नहीं था 7 जिसे अब रेलवे द्वारा एप के फीचर्स में उचित बदलाव कर समाप्त कर दिया गया है द्य अतः अब रेलवे में अनारक्षित रूप से यात्रा करने वाले यात्री कहीं से भी अनारक्षित टिकट यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से बुक कर सकते है। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के दिशानिर्देश एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में झाँसी

मंडल से जुड़े यात्रियों को स्मार्ट यात्री बनाने के उद्देश्य से UTS on Mobile app डाउनलोड करने के लिए लगातार यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है।

इस संबंध में पोस्टर, बोर्ड के माध्यम से दिशानिर्देश प्रदर्शित किए गए। अनारक्षित टिकट खिड़की पर भुगतान हेतु यात्रियों को यूपीआई तथा ऑनलाइन माध्यम से किराये का भुगतान करने से संबंधित जानकारी प्रदान कर डिजिटल माध्यम के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन पर चलाए गए जागरूकता अभियान में टिकट बुकिंग से जुड़े पर्यवेक्षक और अन्य स्टाफ ने TS on mobile ऐप के बारे में यात्रियों को जागरूक किया। यात्रियों को मोबाइल एप से टिकट लेने की प्रक्रिया और सरलता पूर्वक उसके उपयोग के बारे में बताया।

उक्त माध्यम के प्रयोग से स्मार्ट यात्री आसानी से टिकट प्राप्त होने के साथ ही स्टेशन पर लम्बी- लम्बी लाइनों / कतार की असुविधा से भी बच सकते हैं तथा भूगतान के दौरान खुले पैसों की समस्या से निदान पाया जा सकता है। झाँसी मंडल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन अनारक्षित रेल टिकट बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप (UTS On Mobile App) की सुविधा उपलब्ध है। कई लोग इस मोबाइल ऐप का उपयोग कर रहे हैं, जिससे ऐप से रेल टिकट बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है।

प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप, बदला गया स्कूलों का समय

लखनऊ। प्रदेश में कक्षा एक से आठ के परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों का समय बदल दिया गया है। इसके अनुसार सभी विद्यालय सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव यतींद्र कुमार ने बेसिक शिक्षा निदेशक को भेजे पत्र में इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

आम सूचना

मेरा छोटा पुत्र अभिषेक पांडेय गलत संगत व सोवत में पड़ गया है जिस वजह से मैंने उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है मेरा उससे कोई सम्बंध व सरोकार नहीं रहा। अपने अच्छे बुरे कृत्य, लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा।

रामविलाश पांडेय पुत्र शंकर दयाल निवासी ग्राम तेरई फाटक थाना तालबेहट जिला ललितपुर

दैनिक सिद्धि सरकार के लिए स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अखिलेश कुमार द्वारा परशुराम एसोसिएट एंड कानन ड्रीम प्रोडेक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहर रोड, आजादपुरा ललितपुर (उ.प्र.) से छपवाकर 91 मसौरा खुर्द ललितपुर (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक अखिलेश कुमार। Email : siddhisarkar94@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ललितपुर होगा। मो. 9793444829, 9044133894